CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, मंगलवार, 22 अप्रैल 2025 | वर्ष – 34 | अंक –350 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु.



'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का किया आग्रह — पृष्ठ 3

■ अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!
■ सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला ... — पृष्ठ 4

■ पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को सुलझाने का किया प्रयास — पृष्ठ 9

रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार — पृष्ठ 10

# ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का लंबी बीमारी के बाद निधन

## वेटिकन में 88 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, फेफड़ों व किडनी में था गंभीर संक्रमण



**वेटिकन**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भी पोप के निधन पर दुख जताया है। 2021 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप दौरे पर थे, तब उन्होंने वेटिकन सिटी में पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। पोप फ्रांसिस से मोदी की यह पहली मुलाकात थी। पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया था। इसके बाद मोदी ने दूसरी बार जी-7 समिट में 2024 में मुलाकात की थी। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें1 4 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था। वे 5 हफ्ते तक फेफड़ों में इन्फेक्शन के चलते अस्पताल में भर्ती थे। इलाज के दौरान कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन ने बताया था कि पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे थे। हालांकि 14 मार्च को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। पोप फ्रांसिस 1300 साल में पहले गैर-यूरोपीय थे, जिन्हें पोप चुना गया था। पोप फ्रांसिस ने समलैंगिक व्यक्तियों के चर्च आने, सेम-सेक्स कपल्स को आशीर्वाद देने, पुनर्विवाह को धार्मिक मंजूरी देने जैसे बड़े फैसले लिए। उन्होंने चर्चों में बच्चों के यौन शोषण पर माफी भी मांगी थी।

**पोप का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए रखा जाएगा**

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार होगा। इसमें कई दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान होंगे। उनके पार्थिव शरीर को दर्शनों के लिए रखा जाएगा।

दुनिया भर से लोग अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। अभी तक अंतिम संस्कार के समय की घोषणा नहीं की गई है।



परम पावन पोप फ्रांसिस को दुनिया भर में लाखों लोग करुणा, विनम्रता व आध्यात्मिक साहस के प्रतीक के रूप में हमेशा याद रखेंगे : नरेंद्र मोदी

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस शांति से आराम करें। भगवान उन्हें और उनसे प्यार करने वाले सभी लोगों को आशीर्वाद दें : डोनाल्ड ट्रंप

**पोप फ्रांसिस का वेटिकन में नहीं दफनाया जाएगा**

पोप फ्रांसिस एक सदी से भी ज्यादा वक्त में वेटिकन के बाहर दफन होने वाले पहले पोप होंगे। आमतौर पर पोप को वेटिकन सिटी में सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे गुफाओं में दफनाया जाता है। लेकिन पोप फ्रांसिस को रोम में टाइबर नदी के दूसरी तरफ मौजूद सांता मारिया मैगीगोर बेसिलिका में दफनाया जाएगा।

# सीएम निवास घेरने निकले कांग्रेसियों ने तोड़ा बैरिकेड

## पुलिस से हुई धक्का-मुक्की, भारी गर्मी से प्रदर्शनकारी महिलाएं हुई बेहोश



**रायपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर सीएम हाउस के घेराव के रूप में कांग्रेस ने आज राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया ।कड़ी धूप और भीषण गर्मी में भी कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान खासा जोश दिखाया। गांधी मैदान में सभा के बाद सीएम हाउस घेराव के लिए कूच किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने महिला थाना चौक और ओसीएम चौक पर रोकने की नाकाम कोशिश की। यहां छोटे बैरिकेड लगे थे, जिन्हें कांग्रेसियों ने गिरा दिया और आगे बढ़ा। पुलिस ने दीवार बनाकर रोकना चाहा, तो प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और साथियों की सिपाहियों से धक्का-मुक्की हुई। लेकिन गास मेमोरियल चौक पर पुलिस का बैरिकेड स्ट्रांग तथा सुरक्षा इंतजाम भी पुख्ता थे। उस इंतजाम को भेदा नहीं जा सका। जबर्दस्त नारेबाजी के बीच कांग्रेस का सीएम हाउस घेराव वहीं संपन्न हो गया।

प्रदर्शन के दौरान बेतहाशा गर्मी की वजह से कुछ महिला कांग्रेसियों के अचेत होने की भी सूचना है। सीएम हाउस घेरने के लिए निकलने से पहले कांग्रेसियों ने गांधी मैदान पर एक सभा की, जिसमें कई प्रमुख नेता शामिल हुए।

सरकार के खिलाफ इस बड़े प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ प्रदेश कांग्रेस के सबसे बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव शामिल नहीं हुए।

**घेराव में शामिल होने प्रदेश भर से पहुंचे नेता**

मुख्यमंत्री निवास घेराव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, धनेंद्र साहू, विजय जांगीड़, जरिता लैतफलांग, फूलो देवी नेताम, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू, विधायक अंबिका मरकाम, चातुरी नंद, उमेश पटेल, अरुण वोरा, गुरमुख होरा, छाया वर्मा, अनीता शर्मा, प अमितेश शुक्ल, विकास उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद दुबे सहित संगठन के पदाधिकारी, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सार संक्षेप

### फिर एक मंच पर दिखे शरद-अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के साथ आने की अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं। दरअसल, बीते कई दिनों में दोनां नेता कई बार एक मंच पर दिखाई दिए हैं। ताजा मामला सोमवार का है, जब राष्ट्रवादी कांग्रेस (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को एक पखवाड़े में तीसरी बार मंच साझा किया। इस बार कृषि और चीनी उद्योग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर चर्चा के दौरान दोनों एक ही मंच पर दिखे।

### मांगी लाल जाट बने भाकृअनुप के महानिदेशक

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित कृषि विज्ञानी डॉ. मांगी लाल जाट ने सोमवार को कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) के सचिव तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने 1 7 अप्रैल को एक अधिसूचना में डॉ. जाट को तीन साल की अवधि के लिए डेयर का सचिव एवं भाकृअनुप का महानिदेशक नियुक्त किया है।

### पोषण ट्रैकर ऐप को प्रधानमंत्री पुरस्कार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार (नवाचार श्रेणी) प्राप्त किया। मलिक को यह पुरस्कार देश भर में पोषण सेवा वितरण में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले पोषण ट्रैकर ऐप के लिए प्रदान किया गया। पोषण ट्रैकर एक मोबाइल आधारित एप्लिकेशन है जिसका उपयोग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पोषण और बाल देखभाल सेवाओं के वितरण से जुड़े डेटा तुरंत प्रदान करने के लिए करते हैं।

### ईपीएफओ ने फरवरी में 16.10 लाख सदस्य जोड़े

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने फरवरी 225 में 16.1 लाख सदस्यों को जोड़ा है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि फरवरी 224 की तुलना में शुद्ध वृद्धि में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### बेंगलुरु में वायुसेना अधिकारी और पत्नी पर हमला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोमवार सुबह वायुसेना के अधिकारी और उनकी पत्नी पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। उनके साथ मारपीट के अलावा गाली-गलौज भी की गई। ऑफिसर ने वीडियो जारी कर घटना की जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक विंग कमांडर शिलादित्य बोस पत्नी स्क्वाड्रन लीडर मधुमिता दत्ता के साथ कोलकाता की फ्लाइट पकड़ने एयरपोर्ट जा रहे थे।

# नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा छत्तीसगढ़ : साय



**रायपुर/नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली स्थित नॉर्थ ब्लॉक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री शाह की अध्यक्षता आयोजित बैठक में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही नक्सलवाद के उन्मूलन, बस्तर के समग्र विकास और राज्य में सुरक्षा व न्याय तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकार के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर चर्चा की गई। इसके साथ ही पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में नए आपराधिक कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासनिक व तकनीकी तैयारियाँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्य ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# भिलाई 3 में मिले 500 व 200 रुपए के जाली नोट



**भिलाई नगर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। विवेक कुलश्रेष्ठ निवासी नवीन नगर चरोदा द्वारा जलाराम बेकरी दुकान चरोदा में आरोपी नरेंद्र सिंग द्वारा सामान खरीदकर कपटपूर्वक बेइमानी से नकली नोट को असली रूप में उपयोग करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी नरेंद्र सिंग का तलाशी लिया गया जिसके पास से 500 रुपए के 18 नोट एवं 200 रुपए के 11 का नकली नोट मिलने पर प्रार्थी के लिखित आवेदन पेश करने पर आवेदन अवलोकन पर धारा 318(4), 179, 180 बीएनएस का घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर व ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# सपरिवार भारत पहुंचे अमेरिकी उपराष्ट्रपति



■ जेडी वेंस ने परिवार संग अक्षरधाम मंदिर देखा
■ उपराष्ट्रपति बनने के बाद वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी उषा वेंस और अपने तीन बच्चों के साथ भारत की चार दिन की यात्रा सोमवार को सुबह नई दिल्ली पहुंचे। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस परिवार संग दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गए। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति और द्वितीय महिला का पालम हवाई अड्डे पर केंद्रीय रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वागत किया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। वेंस के साथ अमेरिकी प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। पालम वायुसैनिक हवाई अड्डे पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया गया। सेना की एक संयुक्त टुकड़ी ने उन्हें सलामी गारद पेश की। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ बातचीत की है। बता दें कि, अमेरिकी उपराष्ट्रपति चार दिवसीय दौरे पर भारत आएं हैं उनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चे भी मौजूद हैं। थोड़ी देर में प्रधानमंत्री जेडी वेंस के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगे। वहीं जेडी वेंस सपरिवार जयपुर और आगरा का भी दौरा करेंगे। वेंस विदेश मंत्री एस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# जनसंपर्क, सुशासन और जनविश्वास का सेतु : मुख्यमंत्री

रायपुर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनसंपर्क अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसंचार क्षेत्र से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनसंपर्क आज मात्र सूचना के प्रसार का माध्यम नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास और संवाद की सशक्त कड़ी है। शासन की योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ जनसंपर्क की भूमिका और भी व्यापक हो गई है। आज जनसंपर्क की लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक करने में अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों के विस्तार के इस युग में विश्वसनीय, सटीक और संवेदनशील संप्रेषण पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। ऐसे में जनसंपर्क की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। जनसंपर्क जनमत, जनचेतना और जनसेवा के त्रिवेणी संगम की तरह है। इसकी सक्रियता, संवेदनशीलता और संप्रेषण क्षमता जितनी सशक्त होगी, छत्तीसगढ़ में सुशासन की छवि उतनी ही मजबूत होगी। सही सूचना, सही समय पर, सही स्वरूप में जब आमजन तक पहुँचती है, तभी लोकतंत्र में विश्वास और सहभागिता मजबूत होती है।

# निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी

**नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा न्यायापालिका पर की गई टिप्पणी पर विवाद हो गया है और अब उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने की तैयारी हो रही है। सोमवार को जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के सामने एक याचिका आई, जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की हालिया टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ अवमानना याचिका दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी मांगी गई। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ दायर अवमानना की याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि याचिका दायर करने के लिए कोर्ट की मंजूरी की जरूरत नहीं है। लेकिन इसके लिए अटॉर्नी जनरल से इजाजत लेनी होगी। याचिकाकर्ता ने अदालत से कहा था कि निशिकांत ने सीजेआई और न्यायपालिका का अपमान किया है। क्या वह निशिकांत के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर कर सकता है। इसके बाद एडवोकेट अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल को चिट्ठी लिखकर दुबे के खिलाफ अवमानना की इजाजत मांगी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता को इस मामले में अटॉर्नी जनरल से मंजूरी लेने की जरूरत है। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के वकील अनस तनवीर ने दायर की है। अनस तनवीर भी वक्फ कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं में से एक का पक्ष सुप्रीम कोर्ट में रख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अनस तनवीर ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमाणी को पत्र लिखकर उनकी मंजूरी मांगी है।


# दिल्ली में मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी 'आप'

**नई दिल्ली**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने मेयर के चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने कहा है कि इस बार वो मेयर का चुनाव नहीं लड़ेगी। दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि भाजपा जहां-जहां चुनाव हारती है वहां साम दाम दण्ड भेद अपनाकर सरकारें बनाती है। दूसरी पार्टियों को तोड़कर भाजपा सरकार बनाती है। एमसीडी चुनाव को गुजरात चुनाव के साथ कराया गया, लेकिन उनकी कोई कोशिश सफल नहीं हुई।

## अमेरिका में बोले राहुल गांधी

# चुनाव आयोग ने कर लिया समझौता

महाराष्ट्र में शाम 5:3 से 7:3 के बीच 65 लाख वोट कैसे पड़े : राहुल गांधी



**बोस्टन**, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने रविवार शाम भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। उन्होंने अमेरिका की धरती से कहा कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। ब्राउन यूनिवर्सिटी में संबोधन के दौरान राहुल ने कहा कि मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर आगे कहा कि चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया। ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## उपलब्धि — इसरो ने अंतरिक्ष में फिर कर दिखाया बड़ा कारनामा

# स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग भी हुई कामयाब

**नई दिल्ली, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इसरो ने एक बार फिर से अंतरिक्ष में बड़ा कारनामा कर दिखाया है। इसरो ने अपने स्पैडेक्स मिशन के तहत दूसरी बार उपग्रहों की डॉकिंग कराने में सफलता हासिल की है।**

*परमाणु ऊर्जा विभाग तथा अंतरिक्ष विभाग के राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने इसकी जानकारी दी है। जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोग होंगे। उन्होंने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि उपग्रहों की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। जैसा कि पहले बताया गया था, पीएसएलवी-सी60/ स्पैडएक्स मिशन को 30 दिसम्बर 2024 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था। इसके बाद उपग्रहों को पहली बार 16 जनवरी 2025 को सुबह 06:20 बजे सफलतापूर्वक डॉक किया गया और 13 मार्च 2025*



*को सुबह 09:20 बजे सफलतापूर्वक अनडॉक किया गया। अगले दो सप्ताह में आगे के प्रयोगों की योजना बनाई गई है। बता दे कि भारत 16 फरवरी को अंतरिक्ष में दो स्पेस क्राफ्ट को सफलतापूर्वक डॉक करने वाला चौथा देश बना था। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ही ऐसा करने में सफल रहे हैं। इस मिशन की कामयाबी पर चंद्रयान-4, गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन जैसे मिशन्स निर्भर थे। चंद्रयान-4 मिशन में चंद्रमा की मिट्टी के सैंपल पृथ्वी पर लाए जाएंगे। वहीं गगनयान मिशन में मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इससे पहले 7 जनवरी को इस मिशन में दोनों सैटेलाइट्स को कनेक्ट किया जाना था, लेकिन इसे टाल दिया गया। फिर 9 जनवरी को भी तकनीकी दिक्कतों के कारण डॉकिंग टल गई। 12 जनवरी को सैटेलाइट्स को 3 मीटर तक पास लाने के बाद वापस इन्हें सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया था।*

***एक ही प्रयास में मिली सफलता***–*स्पैडेक्स उपग्रहों की डॉकिंग और अनडॉकिंग 45 डिग्री झुकाव के साथ 460 किलोमीटर की* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# कुंदन कुमार ने मुंगेली जिले के 11वें कलेक्टर के रूप में किया कार्यभार ग्रहण






**मुंगेली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के अधिकारी कुंदन कुमार ने आज मुंगेली जिले के ग्यारहवें कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान कलेक्टर राहुल देव ने कुमार का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दीं। औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपते हुए देव ने जिले के प्रशासनिक कार्यों की संक्षिप्त जानकारी भी साझा की। पदभार ग्रहण करने के बाद कुंदन कुमार ने जिले के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और आगामी दिनों में जनहित में प्रभावी प्रशासनिक कार्यों की प्राथमिकता को रेखांकित किया। उन्होंने जिले के समग्र विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पारदर्शी व संवेदनशील प्रशासन का आश्वासन दिया। जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट निवारण के दिए निर्देश पदभार ग्रहण करने के उपरांत कलेक्टर ने कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले के समग्र तथा सतत विकास के लिए सभी के सहयोग से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि रहेगा तथा पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता उनकी प्राथमिकता होगी।नवपदस्थ कलेक्टर ने जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न पेयजल संकट के निवारण हेतु विशेष कार्ययोजना बनाने, जल के दुरुपयोग को रोकने, गर्मी एवं लू से बचाव के लिए चौराहों पर पशु, पक्षियों और राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था करने, सुशासन तिहार का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने, सभी शासकीय कार्यालयों व जिला अस्पताल में साफ-सफाई बनाए रखने, विद्युत व्यवस्था को सुचारू रखने, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा स्कूलों और छात्रावासों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जी. एल. यादव एवं मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईस्टर पर्व पर गिरजाघरों में हुई विशेष अराधना



**तखतपुर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मानव जाति की उद्धार के लिए कलवरी क्रूस पर अपना बलिदान देने वाले परमेशश्वर के पुत्र यीशु मसीह ने मृतकों में जी उठने की बात को सार्थक साबित करते हुए हुए क्रूस में चढ़ाने के बाद तीसरा दिन जी उठा इस बात का प्रमाण बाइबिल में मिलता है। जिसे ईस्टर को पुनरुत्थान दिवस के रूप में मनाते है।इस दिन गिरजाघरों में विशेष आराधना की जाती है इस अवसर पर तखतपुर के अनेक गिरजाघरों में विशेष आराधना की गई इसी तारतम्य में सीएनआई चर्च तखतपुर में रेव्ह नवीन मसीह के अगवाई में उपदेश मुख्य वक्ता सी टी जेसन ने पुनरुत्थान दिवस के मुख्य भाग में रौशनी डालते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह मानव जाति के उद्धार के लिए सूली पर चढ़ा और तीसरे दिन जीवित हो गया । वह चालीस दिन तक लोगों को दिखाई दिया इसका प्रमाण बाइबिल में पतरस नमक चेले ने यीशु मसीह को छूकर विश्वास किया जबकि उनके चेलों के अलावा सैकड़ों लोगों ने यीशु मसीह को जीवित देखा था। तथा उन्होंने कहा कि जो मनुष्य यीशु मसीह में जीवित होकर उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलता है वह उद्धार को पाता है ।

सम्मान समारोह का हुआ आयोजन- पुनरुत्थान दिवस की महापर्व पर विशेष आराधना के साथ बाइबल क्विज में विजेता प्रतिभागियों को गिफ्ट हैम्पर से सम्मान किया गया। क्विज में प्रथम प्रेजलिन,द्वितीय निशा विल्सन,तृतीय मंजू जान,सिंधिया रानी के साथ समस्त प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप गिफ्ट हैम्पर दिया गया इस दौरान पादरी नवीन मसीह ने कहा कि मसीही जीवन में वचन का होना अनिवार्य है इसका आकलन स्वयं कर सकते है पर उनके लगाव और बाइबल के प्रति कितनी रुचि है इसका आकलन के साथ धार्मिक गतिविधियों में व्यक्तिगत रुचि होना अनिवार्य है इसके लिए उन्होंने बाइबल क्विज के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाना ही प्रमुख उद्देश्य रहा है जिसका परिमाण मसीहिजनों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।जिन्हें सम्मान कर उनके हौसले को बुलंद किया गया। पुनरुत्थान दिवस के मुख्य भाग में कलीसिया के सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# अभिनव और प्रियांशु ने जेईई एडवांस के लिए किया क्वालीफाई

## निःशुल्क कोचिंग देने वाले संस्थान की सफलता



मुंगेली, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स 2025 के पहले और दूसरे सत्र के आधार पर (जिसमें उच्चतम स्कोर हो) अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। साथ ही जेईई एडवांस के लिए कटऑफ भी जारी कर दी गई है। जेईई एडवांस की परीक्षा आगामी 18 मई को संभावित है।इसी क्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षण संस्थान से संबद्ध डॉ. ब्रॉस मास्टर की एकेडमी द्वारा संचालित निःशुल्क क्रैश कोर्स कोचिंग में पढ़ाई कर रहे गणित संकाय के छात्र अभिनव दिवाकर एवं प्रियांशु दिवाकर ने जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। गवर्नमेंट एम्प्लाईज वेलफेयर एसोसिएशन (गेवा) के प्रांताध्यक्ष कृष्णकुमार नवरंग और बसंत बंजारे ने सफल छात्रों को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कृष्णकुमार नवरंग ने कहा कि यह पहला ऐसा संस्थान है जो मुंगेली जैसे क्षेत्र में मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी बिना किसी आर्थिक सहायता के, सीमित संसाधनों में करवा रहा है। यही कारण है कि यहां पिछले छह वर्षों से लगातार जेईई मेन्स में छात्र सफलता प्राप्त कर रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में बड़े-बड़े कोचिंग संस्थान हैं जहां हजारों छात्र लाखों रुपये खर्च कर तैयारी करते हैं, फिर भी चयन का अनुपात अपेक्षित नहीं होता। वहीं, इस संस्थान में सीमित संख्या में छात्र पढ़ते हैं लेकिन चयन निरंतर हो रहा है। यहां विद्यार्थियों के सपनों को बिना आर्थिक बोझ के साकार किया जा रहा है, जो इसे अन्य संस्थानों से श्रेष्ठ बनाता है। संस्थान के प्राचार्य, पदाधिकारियों, सदस्यों, कोचिंग टीम, अभिभावकों एवं अन्य अतिथियों ने अभिनव और प्रियांशु को इस सफलता पर शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं। साथ ही क्षेत्र के छात्रों और उनके अभिभावकों से आह्वान किया गया कि वे इस निःशुल्क कोचिंग सुविधा का अधिकाधिक लाभ लें।

# अग्निवीरों का सैनिक सम्मान समारोह

## पूर्व सैनिक त्रिभुवन यादव के प्रशिक्षण से 33 से अधिक युवाओं का चयन



मुंगेली, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आज मुंगेली जिले के लिए गर्व का क्षण रहा जब जिले से चयनित सभी अग्निवीरों का भव्य सैनिक सम्मान समारोह रेस्ट हाउस मुंगेली में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व सैनिक त्रिभुवन यादव की अगुवाई में और स्टार्स ऑफ टुमारो संस्था के सहयोग से संपन्न हुआ।इस सम्मान समारोह में उन सभी युवाओं को सम्मानित किया गया जो हाल ही में भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित हुए हैं। ये वही युवा हैं जिन्हें पूर्व सैनिक त्रिभुवन यादव द्वारा बीते एक वर्ष से मुंगेली स्टेडियम में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा था। इस वर्ष मुंगेली जिले से 33 से भी अधिक युवाओं का चयन हुआ है, जो जिले के लिए अत्यंत गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि त्रिभुवन यादव ने मार्च 2021 में भारतीय सेना से 16 वर्षों की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली और तभी से जिले के लड़के-लड़कियों को निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण दे रहे हैं। उनके मार्गदर्शन और परिश्रम का परिणाम है कि वर्ष 2023 में 27, 2024 में 29 और 2025 में 33 से अधिक युवाओं का चयन भारतीय सेना में हो चुका है। साथ ही पिछले तीन वर्षों में स्स्ष्ट सहित अन्य सेवाओं में भी 50 से अधिक युवा सफल हो चुके हैं। इस प्रकार पिछले तीन वर्षों में 100 से अधिक युवाओं को सेना व अन्य बलों में भेजकर त्रिभुवन यादव ने समाज व राष्ट्र सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। समारोह में मुंगेली थाना के टीआई यादव ने बताया कि त्रिभुवन यादव द्वारा बच्चों को कठोर और अनुशासित प्रशिक्षण दिया जाता है, जो उनके चयन का मूल कारण है।स्टार्स ऑफ टुमारो के संयोजक रामपाल सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि त्रिभुवन यादव निस्वार्थ भाव से राष्ट्रसेवा कर रहे हैं, जिसका लाभ अधिक से अधिक युवाओं को लेना चाहिए। समारोह के अंत में त्रिभुवन यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चयनित युवाओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सम्मान सहित विदा किया।कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कमल प्रसाद मंगेशकर, नेमसिंह राजपूत, शहीद धनंजय सिंह राजपूत के बड़े भाई, रामपाल सिंह ठाकुर, महावीर सिंह ठाकुर, रामशरण यादव, महेश साहू और स्टार्स ऑफ टुमारो के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने चयनित अग्निवीरों को शॉल, माला व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

**नए कानूनों को ...**

में 27 प्रकार की एसओपी और दिशा-निर्देश तैयार कर लागू किए गए हैं। इसके साथ ही लगभग 37,385 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। न्यायालयों, पुलिस थानों और जेलों को ई-साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम से लैस किया गया है। राज्य में अब तक 53,981 एफआईआर नए कानूनों के तहत दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से लगभग 50त्न मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं।

बैठक में नक्सल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी विशेष रणनीति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल के महीनों में राज्य में चलाए गए ऑपरेशनों में कई वांछित नक्सली मारे गए, गिरफ्तार हुए या आत्मसमर्पण कर चुके हैं। नियद नेलानार योजना, बस्तर ओलंपिक, महिला सुरक्षा केंद्र, और आदिवासी क्षेत्रों में होमस्टे व पर्यटन ढांचे का विकास जैसे प्रयासों से युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सार्थक प्रभाव पड़ा है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार वर्ष 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने के लिए कटिबद्ध है और बस्तर को भारत के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी आश्वासन दिया कि छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करेगा और देशभर में कानूनी सुधार की इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना करते हुए गृह मंत्री ने शीघ्र नए क़ानूनों को राज्य में शत प्रतिशत लागू करने पर बल दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ से समन्वय और तत्परता की अपेक्षा जताई और कहा कि नए कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जनोन्मुखी बनाना है। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिरीक्षक सुशील द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत, प्रमुख सचिव विधि रजनीश श्रीवास्तव, सचिव गृह नेहा चंपावत सहित अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

**भिलाई 3 में मिले...**

नगर पुलिस अधीक्षक छावनी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी महेश ध्रुव के नेतृत्व में उक्त आरोपी के विरूद्ध के त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। दौरान विवेचना के आरोपी नरेंद्र सिंग से पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिसने बताया कि करीबन 5-6 दिन पूर्व भाठागांव बस स्टैंड के पास झाड़ीयों में पैसे का बंडल मिलना जिसे चेक करने पर नकली नोट होना। कुछ दिन बाद लालच में आकर भिलाई-चरोदा में आकर जलाराम से कुछ सामान खरीदकर 200-200 रू के 4 जाली नोट देकर वापस रायपुर चले जाना। घटना 19 अप्रैल को पुनः उसी दुकान में रात्री करीब 10.45 बजे दुकान बंद करने के समय सामान खरीदने के लिए वापस आया जो दुकानदार द्वारा पहचान लेना बताया। उस व्यक्ति के द्वारा 500 रु का जाली नोट जिसका सीरियल नंबर 8सीवी405332 देकर 50 रूपये की कुल्फी पैक कराई। जिसे जलाराम बेकर के मालिक विवेक कुलश्रेष्ठ उन्हें आरोपी के वाहन में रखे हुए हेलमेट से उसकी पहचान की उसे याद आया यही व्यक्ति 4 दिन पहले हेलमेट लगाकर दुकान में आया था और जाली नोट देकर चला गया था तब उसने अपने पिताजी को बताया और पुलिस को सूचित किया। चारों नोटों का सीरियल नंबर 9ईडब्ल्यू063476 एक ही था जिसमें से दो नोट को दुकानदार ने फाड़ दिया था और दो नोट को संभालकर रखा हुआ था जिसे जब्त किया है मौके पर पुलिस पहुंचने के बाद तलाशी लेने पर आरोपी के जेब से 500 रू के सीरियल नंबर 4एमए 088412 वाला 1 नकली नोट तथा उसके मोटर सायकल वाहन के पेट्रोल टंकी में लगे लेदर बैग में 200 रू के सीरियल नंबर 9ईडब्ल्यू063476 वाले 5 नकली नोट, सीरियल नंबर 6सीजी001655 वाले 6 नकली नोट कुल 11 नकली नोट एवं 500 रू के सीरियल नंबर 2एचपी 509055 वाले 4 नकली नोट, सीरियल नंबर 2एचआर 347889 वाले 3 नकली नोट, सीरियल नंबर 8क्यूवी812700 वाले 3 नकली नोट, सीरियल नंबर 8सीवी405332 वाले 7 नकली नोट कुल 18 नकली नोट बरामद कर जब्त किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 318(4), 179, 180 बीएनएस का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय जेएमएफसी न्यायालय भिलाई 3 के समक्ष पेश किया गया।

**सपरिवार भारत पहुंचे ...**

जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन चात्रा से भी मुलाकात करेंगे। दिल्ली, जयपुर और आगरा की आधिकारिक यात्रा (21-24 अप्रैल) से भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और गहरा होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल को 24 अप्रैल को वाशिंगटन के लिए प्रस्थान करने से पहले जयपुर और आगरा का भी भ्रमण करेंगे।

**13 साल बाद भारत दौरे पर हैं अमेरिकी उपराष्ट्रपति**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ उनकी पत्नी उषा, उनके तीन छोटे बच्चे इवान, विवेक, मीराबेल और अमेरिकी प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। 13 साल में यह किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा होगी। पिछली बार जो बाइडेन उपराष्ट्रपति के रूप में 2013 में भारत आए थे।

**चुनाव आयोग ने ...**

वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें। यह पहली बार नहीं है, जब राहुल गांधी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े किए हैं। पिछले महीने 10 मार्च को राहुल ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि कई राज्यों में वोटर लिस्ट पर सवाल उठे हैं, इसलिए संसद में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि सरकार वोटर लिस्ट नहीं बनाती है, यह तो सबको पता है, लेकिन सवाल उठ रहे हैं तो अच्छा होगा कि संसद में इस विषय पर चर्चा हो।

**लोकसभा में भी खड़े किए थे सवाल**

दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चुनाव प्रोसेस को लेकर राहुल के सवाल का जवाब दिया था। उन्होंने पूछा था कि वोटर लिस्ट क्या सरकार बनाती है। इस पर राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार नहीं बनाती है, यह बात बिल्कुल सही है। लेकिन पूरे देश में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष शासित हर राज्य में और खासकर महाराष्ट्र में साफ-साफ सवाल उठे हैं। पूरा विपक्ष मिलकर सिर्फ ये कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर यहां चर्चा हो जाए। राहुल गांधी दो दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। राहुल गांधी शनिवार देर रात को अमेरिका के बॉस्टन एयरपोर्ट पर उतरे थे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने राहुल गांधी के इस दौरे की जानकारी एक्स पर दी थी।

**स्पैडेक्स मिशन के तहत ...**

गोलाकार कक्षा में सफलतापूर्वक की गई। पूरी प्रक्रिया एक ही प्रयास में पूरी की गई, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में इसरो की सटीकता और विशेषज्ञता को दर्शाता है। स्पैडेक्स मिशन पिछले वर्ष 30 दिसंबर को लॉन्च किया गया था, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में डॉकिंग प्रयोग का प्रदर्शन करने के लिए दो उपग्रहों- एसडीएक्स-1 और एसडीएक्स-2 को कक्षा में स्थापित किया था। स्पैडेक्स में महारत हासिल करना भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जैसे कि चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना, चंद्रमा से नमूने वापस लाना, तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और संचालन करना।

# बीईओ से मिला शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल



**तखतपुर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल विकास खंड शिक्षा अधिकारी कामेश्वर बैरागी से मिले तथा अपनी मांगो को लेकर ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन का उल्लेख करते हुए जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह ठाकुर तथा ब्लॉक अध्यक्ष विजय जाटवर ने बताया कि विगत लम्बे समय से आधिकांशतः शिक्षकों की सेवा पुस्तिका तथा जी पी एफ पासबुक का संधारण नही हो पाया है जिसे संकुलवार शिविर आयोजित कर कम समय मे भी इसे पुरा किया जा सकता है। संगठन के प्रतिनिधि मंडल को विकस खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द समय सारिणी निर्धारित कर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। हविकास खंड शिक्षा अधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल मे आशुतोष सिंह ठाकुर विजय जाटवर मनोज पवार राकेश डहरे गणेश शिवहरे अवनीश तिवारी रामभुवन यादव राजेश तिवारी हीरालाल जांगड़े नितेश सोना राजा शामिल रहे।

**आवश्यकता है**

रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और राजनांदगांव में ऑनलाईन सामान की डिलिवरी हेतु 5-5 लड़के (कुल 25) और ऑफिस हेतु 3-3 लड़किया (कुल 15) चाहिए। बाहर वालों को रहने की सुविधा मिलेगी। अपना वाहन नहीं होने पर, कंपनी देगी। 6264826402 में पहले अपना बायोडाटा भेजिये। फिर कंपनी की तरफ से काल आएगी।

**संपर्क करें-6264826402**

# बालिका हुई लापता

**तखतपुर** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। घर से बिना बताए निकली लड़की शाम तक घर नही पहुंचने पर परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार परसाकापा निवासी प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे घर से निकली और जब शाम तक घर नही पहुंची तो परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों से संपर्क किया और जब कोई जानकारी नही मिली तब थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 137,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

# लोरमी के कोसाबाड़ी में लापता बच्ची के परिवार से सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी की टीम ने की मुलाकात

**मुंगेली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। लोरमी के कोसाबाड़ी क्षेत्र में लापता बच्ची के परिवार से सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी मुंगेली की टीम ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और दुख की इस घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सोसाइटी की टीम ने पीड़ित परिवार से विस्तार से बातचीत कर उनकी समस्याओं को समझा। परिवार ने बच्ची की गुमशुदगी से जुड़ी पीड़ा साझा की और मदद की गुहार लगाई। संस्था के अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा, (सदा ज्योति वेलफेयर सोसाइटी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। हम इस परिवार की मदद के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। हमारी प्राथमिकता बच्ची को ढूंढ़ना और परिवार को न्याय दिलाना है।) सचिव कल्पना मिश्रा ने कहा, (हमारी टीम ने परिवार से मिलकर उनकी व्यथा को सुना और समझा है। हम प्रशासन के साथ मिलकर पूरे प्रयास करेंगे कि परिवार को सहायता और बच्ची को जल्द खोजा जा सके।) उपाध्यक्ष आराधना तिवारी ने कहा, (यह केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि मानवता का कर्तव्य है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SUBHI AGRAWAL D/O MANISH KUMAR AGRAWAL resident of 215/1 WARD NO-06 MAIN ROAD, JANJGIR, JANJGIR-CHAMPA, 495668, (C.G.) have changed my old name SUBHI AGRAWAL D/O MANISH KUMAR AGRAWAL so in future I should be recognized by my new name that is SHUBHI AGRAWAL D/O MANISH KUMAR AGRAWAL in all Government and other documents.

**SHUBHI AGRAWAL**
215/1 WARD NO-06 MAIN ROAD, JANJGIR, JANJGIR-CHAMPA, 495668, (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAM KUMAR S/O JHAMLAL KESHARWANI resident of 52 PURANI SANTOSHI MANDIR KE PAS CHATIDIH BILASPUR (C.G.) 495001 have changed my old name RAM KUMAR S/O JHAMLAL KESHARWANI so in future I should be recognized by my new name that is RAM KUMAR KESHARWANI S/O JHAM LAL KESHARWANI in all Government and other documents.

**RAM KUMAR KESHARWANI**
52 PURANI SANTOSHI MANDIR KE PAS CHATIDIH BILASPUR (C.G.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आनंद तावड़कर S/O नारायण राव तावडकर, मकान नं. 411, वार्ड नं. 22 राजेन्द्र नगर मुख्य डाकघर बिलासपुर (छ.ग.) 495001 आनंद तावडकर S/O नारायण राव तावडकर को त्यागकर नया नाम आनंद तावड़कर S/O नारायण राव तावडकर रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम आनंद तावड़कर S/O नारायण राव तावडकर के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**आनंद तावड़कर**
मकान नं. 411, वार्ड नं. 22
राजेन्द्र नगर,
मुख्य डाकघर बिलासपुर
(छ.ग.) 495001

**न्यायालय तहसीलदार दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुमारी बाई पति उसमेर सिंह राठौर जाति राठौर निवासी छिंदपुर तहसील दीपका जिला कोरबा के द्वारा ग्राम रलिया तहसील दीपका में आवेदिका के माता चन्द्रभागा राठौर पति स्व. श्यामलाल के स्वयं का मकान स्थित है। उक्त एसईसीएल गेवरा परियोजनरा द्वारा अर्जित कर ली गई है। चन्द्रभागा राठौर पति स्व. श्यामलाल की मृत्यु दिनांक 13.10.2024 को हो गई है। फौती दर्ज कर उक्त मकान का मुआवजा एवं अन्य लाभ प्राप्त करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 28/04/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 7/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
सील **दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**सकरी तहसील सकरी जिला**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ ना.तह./ 2025 सकरी, दिनांक 15/04/2025

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विभा तिवारी पति अशोक तिवारी निवासी मंगला बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से प्राप्त आवेदन अनुसार मौजा उसलापुर प.ह.नं. 45, रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 138/5, रकबा 1310 वर्गफुट भूमि क्रय किया गया है, जिस पर आवेदिका काबिज काश्त है। राजस्व अभिलेखों में आवेदिका का नाम दर्ज चला आ रहा है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में बी 1, पी 2 में त्रुटिवश रकबा 1310 वर्गफीट के स्थान पर रकबा 1291.67 वर्गफीट दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में क्रय के आधार पर 1310 वर्गफीट दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण की आगामी सुनवाई 06/05/2025 को नियत है। उक्त सुनवाई दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात् प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील **नायब तहसीलदार**
**सकरी**

**शपथ-पत्र**

मैं आर्मी नंबर-JC-763666A सूबेदार रिटायर्ड बलराम पटेल पिता रामलाल पटेल उम्र-54 वर्ष निवासी भुलुमुड़ा सरिया जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ का हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1/ मेरी माता का वास्तविक नाम लगनवती पटेल Laganwati Patel है व जन्मतिथि- 01.01.1950 है जो कि, उसके आधार कार्ड नंबर- 7119 4491 6198 एवं पेन-कार्ड क्रमांक- HZIPP5545R में दर्ज है जो कि, सत्य एवं सही है।

2/ मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड एवं डिस्चार्ज बुक व ECHS Card एवं PPO में मेरी माता का नाम लगन बाई पटेल Lagan Bai Patel व जन्मतिथि- 01.07.1947 दर्ज हो गया है जो कि गलत है।

3/ यह शपथ-पत्र मैं मेरे आर्मी सर्विस रिकॉड एवं डिस्चार्ज बुक व ECHS Card एवं PPO में मेरी माता का वास्तविक नाम उनके आधार कार्ड व पेन कार्ड में दर्ज नाम के अनुसार दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ-पत्र EME Records Secunderabad Telangana के समक्ष प्रस्तुति हेतु निष्पादित कर रहा हूं।

**शपथकर्ता**
**बलराम पटेल**
**भुलुमुड़ा सरिया**
**जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़**

# देश

**उवाच**



बिहार में पिछले बीस वर्षों के शासन काल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में भ्रष्टाचार को समाप्त किया। आधारभूत संरचना, सड़क निर्माण, सेतु एवं महासेतुओं का जाल बिछाया गया। इसके अलावा घर घर बिजली, पीने का पानी, कमजोर वर्गों का सशक्तीकरण, नौकरी एवं रोजगार, जातीय सर्वेक्षण एवं शराबबंदी जैसे मुद्दों पर ऐतिहासिक फैसले लेकर बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुँचाने का कार्य किया: **राजीव रंजन प्रसाद, राष्ट्रीय प्रवक्ता**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.3 | 26.2 |
| मुंबई | 33.6 | 25.1 |
| कोलकाता | 36.4 | 27.` |
| चेन्नई | 38.1 | 26.` |

### कर्नाटक के बाद हिमाचल-तेलंगाना के सीएम को राहुल की चिट्ठी

# 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को चिट्ठी लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने सीएम सुक्खू और रेवंत रेड्डी को लिखी चिट्ठी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखने के बाद मैंने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को पत्र लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने का आग्रह किया है।' उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राहुल गांधी ने दोनों मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बाबा साहेब अंबेडकर के बचपन की दो घटनाओं का जिक्र किया। पहला, जब बैलगाड़ी यात्रा के दौरान बाबा साहेब को 'अछूत' होने के कारण पानी नहीं मिला था और दूसरा, जब स्कूल में उन्हें अपनी योग्यता के बावजूद अकेले बैठना पड़ता था।



कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : **राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

इससे पहले उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को चिट्ठी लिखकर 'रोहित वेमुला एक्ट' लागू करने की मांग की थी। राहुल गांधी ने बीते दिनों दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों से मुलाकात करने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, 'हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें किस तरह कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति के आधार पर भेदभाव झेलना पड़ता है। बाबा साहेब अंबेडकर ने दिखाया था कि शिक्षा ही वह साधन है, जिससे वंचित भी सशक्त बनकर जातिभेद को तोड़ सकते हैं। लेकिन, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि दशकों बाद भी लाखों छात्र हमारी शिक्षा व्यवस्था में जातिगत भेदभाव का सामना कर रहे हैं।' उन्होंने लिखा था, 'इसी भेदभाव ने रोहित वेमुला, पायल तड़वी और दर्शन सोलंकी जैसे होनहार छात्रों की जान ली है। ऐसी भयावह घटनाएं किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकतीं। अब इस अन्याय पर पूरी तरह से रोक लगाने का वक्त है। मैंने सीएम सिद्धारमैया को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि कर्नाटक में रोहित वेमुला एक्ट लागू किया जाए।'

## चार दिनों में 57 शहरों में नेशनल हेराल्ड मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी कांग्रेस


*__नई दिल्ली__। कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर अत्यंत आक्रामक हो गई है और इस मुद्दे पर अपना पक्ष जनता कर बीच में रखने के लिए पार्टी कल से 24 अप्रैल तक 57 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह जानकारी देते हुए रविवार को कहा कि पार्टी ने 57 वरिष्ठ नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी का कहना है की इन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से उसके नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करेंगे और नेशनल हेराल्ड मामले की असलियत का खुलासा कर सच्चाई जनता की सामने लाएगी। श्री खेड़ा ने कहा 'विजयवाड़ा से वाराणसी तक, कश्मीर से तिरुवनंतपुरम तक कांग्रेस के नेता पूरे देश में भाजपा के झूठ और आजादी की लड़ाई के जीवित प्रतीक 'नेशनल हेराल्ड' को खत्म करने की राष्ट्रविरोधी साजिश का पर्दाफाश करेगी।' कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा 'देश मे 21 से 24 अप्रैल के बीच 57 शहरों में जो नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे उनमें असम के जोरहाट में गौरव गोगोई, बिहार के पटना में अविनाश पांडे, छत्तीसगढ़ के रायपुर में सुप्रिया श्रीनेत, दिल्ली में पी चिदंबरम, चंडीगढ़ में जितेंद्र सिंह, धर्मशाला में प्रणब झा, शिमला में अशोक गहलोत, सूरत में डॉ अजय कुमार, कर्नाटक के बेलगांव में पृथ्वीराज चौहान, केरल के कोच्चि में दीपेंद्र हुड्डा, कोझिकोड में के राजू, तिरुवंतपुरम में दीपा दासमुंशी, लक्षद्वीप में शशि थरूर, भोपाल में कुमारी सैलजा, नागपुर में अजय उपाध्याय, मुंबई में पवन खेड़ा, भुवनेश्वर में भूपेश बघेल, चंडीगढ़ में मनीष तिवारी, अजमेर में शमा मोहम्मद, जयपुर में कन्हैया कुमार, हैदराबाद में रणदीप सिंह सुरजेवाला, देहरादून में उदित राज, कोलकाता में जीए मीर, लखनऊ में तारिक अनवर, आगरा में रंजीता रंजन, अगरतला में सप्तगिरि उलाका आदि प्रमुख हैं।*

## मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी कुशल बनें सैनिक : राजनाथ

**श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित**

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।

श्री सिंह ने राजस्थान के माउंट आबू में ब्रह्माकुमारी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में, हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए।' उन्होंने जोर देकर कहा कि आजकल साइबर, अंतरिक्ष, सूचना और मनोवैज्ञानिक मोर्चों पर युद्ध लड़े जा रहे हैं और सैनिकों को मानसिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है, क्योंकि राष्ट्र की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत व्यक्तित्व, प्रबुद्ध चेतना और जागरूकता से भी की जा सकती है।



'आज के युद्ध की निरंतर विकसित होती प्रकृति से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के क्रम में हमारे सैनिकों को युद्ध कौशल में उत्कृष्टता हासिल करने के साथ-साथ मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक सशक्तिकरण में भी समान रूप से कुशल होना चाहिए: **राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा कि एक सैनिक के लिए शारीरिक शक्ति तो जरूरी है ही, साथ ही मानसिक शक्ति भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि सैनिक कठिन परिस्थितियों में सेवा करते हुए देश की रक्षा करते हैं और इन चुनौतियों का सामना एक मजबूत आंतरिक आत्मा से पैदा हुई ऊर्जा के जरिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक तनाव, अनिश्चितता और कठिन परिस्थितियों में काम करने से मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, जिसके लिए आंतरिक आत्मा को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए ब्रह्माकुमारी का अभियान इस दिशा में एक सराहनीय कदम है।

श्री सिंह ने कहा कि यह पहल मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए सैनिकों के मन को और मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, अभियान का विषय 'आत्म-सशक्तिकरण - आंतरिक जागृति के माध्यम से' आज के समय में अत्यंत रोचक और प्रासंगिक है। ध्यान, योग, सकारात्मक सोच और आत्म-संवाद के माध्यम से आत्म-परिवर्तन हमारे बहादुर सैनिकों को मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करेगा। आत्म-परिवर्तन का बीज है और राष्ट्र का परिवर्तन इसका फल है। वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में, भारत यह संदेश दे सकता है कि आंतरिक-आत्म और सीमाओं की सुरक्षा एक साथ संभव है।

**सार संक्षेप**

### 'केंद्रीय संस्थाओं का अपमान कर रही सरकार : कुमारी शैलजा

**भोपाल।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता कुमारी शैलजा ने केंद्र की भाजपा सरकार पर देश की संस्थाओं का अपमान करने और जनता के सामने असली मुद्दों को छिपाने का गंभीर आरोप लगाया है। लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि सरकार बेरोजगारी, महंगाई और अर्थव्यवस्था की बदहाली जैसे मुद्दों पर पर्दा डाल रही है। उन्होंने बीजेपी नेताओं द्वारा सुप्रीम कोर्ट पर की जा रही टिप्पणियों की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा, 'देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, अर्थव्यवस्था लगातार कमजोर हो रही है, विदेश नीति में पारदर्शिता की कमी है, पड़ोसी देशों, खासकर बांग्लादेश की स्थिति चिंताजनक है। लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने की बजाय जनता को भटकाने की कोशिश कर रही है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की संस्थाओं, खासकर सुप्रीम कोर्ट, में लोगों का विश्वास कमजोर कर रही है।

### तेजस्वी यादव के आरोप राजनीति से प्रेरित : जदयू

**नई दिल्ली।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने कहा है कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के राज्य में क़ानून व्यवस्था और कथित भ्रष्टाचार के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने सोमवार को यहां कहा कि उन्होंने कहा कि बिहार विकसित राज्य बनने की राह पर अग्रसर है। श्री प्रसाद ने कहा कि जद यू इतिहास के गड़े मुर्दे नहीं उखाड़ना चाहता है, लेकिन जब श्री यादव अनाप शनाप बोलते रहेंगे तो उन्हें आईना दिखाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि श्री यादव को यह भूलना नहीं चाहिए कि उनके माता जी एवं पिताजी के कार्यकाल में क्या-क्या भोगना पड़ा है। लोमहर्षक नरसंहारों, फिरौती के लिए अपहरण, जातीय सेनाओं एवं अतिवादी संगठनों के बीच संघर्ष एवं इलाकाई समानांतर सरकारों एवं बाहुबलियों के कहर से त्रस्त राज्य नीतीश शासन में बदलने लगा है। अब बिहार में अराजकता के स्थान पर सुशासन की सरकार स्थापित हुई।

### स्टालिन ने पोप फ्रांसिस के निधन पर किया शोक व्यक्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। श्री स्टालिन ने अपने शोक संदेश में कहा कि वह एक परिवर्तनकारी व्यक्ति थे जिन्होंने सहानुभूति और प्रगतिशील मूल्यों के साथ कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया। उन्होंने जो विरासत छोड़ी वह करुणा और मानवता पर आधारित विश्वास है। श्री स्टालिन ने अपने संदेश में कहा कि पोप फ्रांसिस एक दयालु और प्रगतिशील आवाज़ थे, जो पोपसी में विनम्रता, नैतिक साहस और सहानुभूति की गहरी भावना लाए।

## बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने आठ नए प्रवक्ता किया नियुक्त



**पटना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। इस चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ताओं की टीम का विस्तार किया है। कुछ नए लोगों को शामिल किया गया है। राजद ने राष्ट्रीय स्तर पर टीम को बढ़ाते हुए आठ प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव और बिहार के पूर्व मंत्री अब्दुल बारी सिद्दीकी ने इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया है।

उन्होंने लिखा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के निर्देश के बाद राजद ने आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को मनोनीत किया है। राजद ने जिन नए प्रवक्ताओं को नियुक्त किया है, उनमें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. श्याम कुमार, डॉ. राजकुमार राजन, डॉ. रविशंकर रवि, जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रोफेसर डॉ. बादशाह आलम, पटना विश्वविद्यालय के प्रो. उत्पल बल्लभ, बीआरए विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राकेश रंजन, मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनुज कुमार तरुण एवं जेपी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. दिनेश पाल शामिल हैं। माना जा रहा है कि बिहार चुनाव के मद्देनजर राजद ने अपने प्रवक्ताओं की टीम को बढ़ाया है। राजद के बिहार प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ताओं को बधाई दी। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की दूरदर्शी सोच और सकारात्मक पहल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ताओं की सूची का विस्तार करते हुए आठ नए राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का मनोनयन किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि राजद के नवनियुक्त प्रवक्ता पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को लोगों तक पहुंचाकर पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## फडणवीस ने की राहुल गांधी की आलोचना, कहा- 'कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को बदनाम नहीं कर सकता'

**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी यात्रा के दौरान चुनाव आयोग के बारे में दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उनकी आलोचना की है। सीएम फडणवीस ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि राहुल गांधी विदेश में जाकर अपने देश के प्रति, देश की संवैधानिक संस्था के प्रति झूठ फैलाने और भारत के लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास करते हैं, यह बहुत ही निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा मानना है कि बार-बार चुनाव हारने से उन पर असर पड़ा है, जिसके कारण वे ऐसी हरकत कर रहे हैं। कोई भी देशभक्त विदेश में अपने देश को इस तरह से बदनाम नहीं कर सकता। राहुल गांधी जिस प्रकार का व्यवहार कर रहे हैं, उससे उनके चरित्र पर एक सवालिया निशान खड़ा हो गया है। दुनिया भर में देश की बदनामी करके वे चुनाव नहीं जीत सकते हैं।

बता दें कि अमेरिका दौरे पर ब्राउन यूनिवर्सिटी पहुंचे राहुल गांधी ने मंच से निर्वाचन आयोग की कार्यशैली पर सवाल उठाए। यहां उन्होंने पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनाव का उदाहरण देते हुए देश की चुनाव प्रणाली और चुनाव आयोग की मंशा को कटघरे में खड़ा किया।

## एसवाई कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्त, भाजपा पर भी किया कटाक्ष : राउत



**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने सोमवार को पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) शहाबुद्दीन याकूब कुरैशी को बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक बताया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी कटाक्ष किया। संजय राउत ने कहा, 'एस.वाई. कुरैशी बेहतरीन चुनाव आयुक्तों में से एक थे। मैंने उन्हें नजदीक से देखा है। जब वे चुनाव आयुक्त थे, तब शिवसेना और भाजपा का गठबंधन था। तब भी हमने यही कहा था कि वह एक निष्पक्ष और बेहतरीन चुनाव आयुक्त हैं। अगर इसी तरह आप कहें कि कोई चीफ जस्टिस मुसलमान है, या कोई चुनाव आयुक्त मुसलमान है, तो यह कौन सी भाषा है? यह कौन सी सोच है? उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो देश को तोड़ना चाहते हैं, वे इस देश में रहने के लायक नहीं हैं।' उल्लेखनीय है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को एस.वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक 'मुस्लिम आयुक्त' थे।

महाराष्ट्र में सरकार द्वारा हिंदी भाषा थोपने के सवाल पर संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी पहले से चल रही है। जबरदस्ती हिंदी थोपने की कोई जरूरत नहीं है। यह जनता और हम सबका दबाव था कि महाराष्ट्र में अपनी भाषा और संस्कृति के सम्मान के साथ रहा जाए। सांसद संजय राउत ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अपनी 'वॉशिंग मशीन' में सभी कथित 'भ्रष्टाचारियो' को डालकर साफ कर देती है। अजित पवार को पार्टी में लिया, एकनाथ शिंदे को लिया, अशोक चव्हाण को लिया, ऐसे बहुत से लोग हैं। इन्होंने कितने भ्रष्टाचारियों को अपनी 'वॉशिंग मशीन' में डाल दिया है, ये बातें जनता को भी बताइए, ताकि सच्चाई सामने आए।

## बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को मारी गोली

**पटना,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बेखौफ अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। आम तो आम अब खास लोग भी अपराधियों के निशाने पर हैं। ताजा मामला राजधानी पटना का है। जहां बेखौफ अपराधियों ने जदयू नेत्री को गोली मार दिया है। पूरा मामला बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र का है। जहां बाइक सवार तीन अपराधियों ने महिला पर जानलेवा हमला किया है। बताया जा रहा है कि महिला अपने घर के पास ही एक दुकान चलाती थी। उसके घर के पास ही अपराधियों ने उसे गोली मारी है। महिला जदयू नेत्री के साथ साथ समाजसेवी भी है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। घटना के बाद घायल महिला को आनन फानन में पीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है। मामला पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र इलाके का है।

## मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा में भीड़ नहीं जुटने पर पार्टी ने की कार्रवाई, जिलाध्यक्ष को किया सस्पेंड

**पटना /बक्सर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार के बक्सर जिले में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का कार्यक्रम आयोजित था।हालाँकि इस कार्यक्रम में लोगों की मौजूदगी नहीं के बराबर रही। इसके मद्देनजर पार्टी ने जिलाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन के बाद पार्टी नेतृत्व ने कड़ा निर्णय लेते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पांडेय को तत्काल प्रभाव से पद से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई दरसल खेल मैदान में आयोजित सभा में भारी अव्यवस्था और भीड़ की कमी के कारण की गई।

पटना स्थित सदाकत आश्रम से जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने कहा कि सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णतः अनुपस्थिति देखी गई, जिससे पार्टी की साख को गंभीर नुकसान पहुंचा। पार्टी नेतृत्व की नाराजगी केवल जिला अध्यक्ष तक सीमित नहीं रही। बक्सर के दोनों कांग्रेस विधायकों की निष्क्रियता भी कटघरे में आ गई है। संगठन की नजर में वे न केवल भीड़ जुटाने में नाकाम रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूती देने में भी विफल साबित हुए हैं। सूत्रों की मानें तो इन दोनों विधायकों के टिकट पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं और आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी दावेदारी कमजोर पड़ गई है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी यह पत्र पार्टी के शीर्ष नेताओं को भी भेजा गया है, जिनमें महासचिव केसी वेणुगोपाल, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, सह प्रभारीगण, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार, विधानमंडल दल नेता डॉ. शकील अहमद खान और विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ. मदन मोहन झा शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि यह मामला केवल जिला स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व इसे गंभीरता से ले रहा है।



सभा के दौरान तैयारियों में घोर लापरवाही और संगठनात्मक समन्वय की पूर्णतः अनुपस्थिति देखी गईः **उमेश प्रसाद सिंह, कार्यालय सचिव**

जहां एक ओर सीनियर नेतृत्व आलोचना का केंद्र बना, वहीं यूथ कांग्रेस ने अपने उत्साह और सक्रियता से पार्टी में नई ऊर्जा का संचार किया। खड़गे की सभा में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और उनकी भागीदारी को पार्टी ने खुलकर सराहा है।

## ड्रग्स हमारे बच्चों के लिए गंभीर समस्या बन गई, हम सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना चाहिए: फारूक अब्दुल्ला



**जम्मू,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को ड्रग्स और आतंकवाद के मुद्दों पर बेबाक राय दी। इसके अलावा उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जा को लेकर भी बयान दिया। फारूक अब्दुल्ला ने मीडिया से बात करते हुए ड्रग्स के सवाल पर कहा कि ड्रग्स हमारे बच्चों के लिए एक गंभीर समस्या बन गई है। इसकी वजह से हमारे बच्चे बर्बाद हो रहे हैं। हम सभी को एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ना चाहिए। हालांकि, फारूक अब्दुल्ला ने राहुल गांधी द्वारा विदेश में चुनाव आयोग पर सवाल उठाने पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रामबन आपदा पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वहां बड़ी त्रासदी हुई है। रामबन आपदा में तीन लोगों की जान चली गई और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। मुख्यमंत्री को घटनास्थल का दौरा करना चाहिए और केंद्र सरकार को भी हस्तक्षेप करना चाहिए। हम आम जनता और उन परिवारों के साथ खड़े हैं, जिन्होंने इस घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने पाकिस्तानी आतंकवाद और ड्रग्स पर कहा कि पूरा देश जानता है कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और ड्रग्स भेजता है। पाकिस्तान को इसके लिए कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसके अलावा फारूक अब्दुल्ला ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जम्मू और कश्मीर को जल्द ही अपना राज्य का दर्जा वापस मिल जाना चाहिए।

बता दें कि प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने रविवार (20 अप्रैल) को जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से हुए भारी नुकसान पर चिंता व्यक्त की थी।

**हमला** | *अखिलेश यादव ने भाजपा को बताया प्रभुत्ववादियों की पार्टी, कहा*

# भाजपा में दलितों को कभी नहीं मिला 'पदमान'

**लखनऊ, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चुनावी धांधलियों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए लंबी फेहरिस्त पेश की है। अखिलेश ने भाजपा पर अनैतिकता का आरोप भी लगाया और कहा कि इस पार्टी में आंतरिक गुटबाजी और सत्ता के दुरुपयोग जैसी चीजें भी आम हैं।**

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, 'जिसको उसी के तथाकथित अपने दल ने ये कहकर खारिज कर दिया हो कि उसका विचार व्यक्तिगत है और इस लायक नहीं कि उसकी पुष्टि या समर्थन किया जाए, वो एक सेवानिवृत्त संवैधानिक पद को सफलतापूर्वक सुशोभित कर चुके उच्चाधिकारी के बारे में मुंह न खोले, उसी में उसकी इज्जत है।' अखिलेश ने पोस्ट में आगे एक लंबी लिस्ट शेयर करते हुए कहा- कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट के सीसीटीवी के सामने वोट की धांधली की वीडियो रिकॉर्डिंग और बाद में सुप्रीम कोर्ट की डांट। 2024 के लोकसभा चुनावों में कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की मदद से झूठी गिनती के आधार पर कई सीटों पर सर्टिफिकेट में हेराफेरी के 'फर्रुखाबाद कांड' जैसे अनेक गैरकानूनी इलेक्शन रिजल्ट हेराफेरी कांड। उत्तर प्रदेश के मीरापुर उपचुनाव में कुछ भ्रष्ट पुलिसकर्मियों की मदद से वोटरों को पिस्तौल से धमकाकर वोट न डालने देने की घटना और उसकी विश्वविख्यात तस्वीर। लोकसभा चुनाव में मप्र में भाजपा प्रत्याशी के विरुद्ध खड़े हुए प्रत्याशियों को उठाकर ले जाने और चुनावी पर्चे वापस करवाने की घटना और तथाकथित निर्विरोध चुनाव जीतने का लोकतांत्रिक पाप। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बड़े भाजपाई नेता के नोट बांटते पकड़े जाने की घटना।

हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अचानक वोटरों की संख्या या आखिरी घंटे में कई प्रतिशत वोट बढ़ जाने की घटना। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव में किसी 'मुख्य कार्यालय' से चुनावी तंत्र को झूठे वोट डलवाने का टारगेट देने का अपराध और झूठे वोटरों का इस्तेमाल, एक मतदाता द्वारा भाजपा के पक्ष में 6 वोट डालने का टीवी पर खुद स्वीकार किया जाना।



कुछ भी कहने-लिखने से पहले भाजपाई अपनी निम्नलिखित चंद चुनावी वारदातों पर निगाह डाल लें। 2022 के यूपी विधानसभा में वोटर लिस्ट के द्वारा धांधली और लगभग 90 सीटों के परिणामों पर घपला : **अखिलेश यादव**

### सपा समर्थकों ने अखिलेश यादव के लिए मांगी एनएसजी सुरक्षा, भाजपा ने ली चुटकी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सियासी घमासान शुरू हो गया है। हाल ही में प्रयागराज दौरे पर पहुंचे सपा प्रमुख को भारी भीड़ के बीच अपनी गाड़ी तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।

बिलासपुर, मंगलवार 22 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल ने खोली चुनाव आयोग की पोल

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी जब भी विदेश दौरों पर जाते हैं, भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार को जान सांसत में होती है। राहुल गांधी इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं ही, उन्हें एक बड़े नेता के तौर पर भी देखा जाता है। देश में तो राहुल गांधी भाजपा एवं उसकी एनडीए सरकार के खिलाफ संसद के भीतर-बाहर अभियान छेड़े हुए हैं ही, विदेशों में भी प्रवासी भारतीयों, छात्रों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों से वे लोकतंत्र के लिए अपनी चिंताओं को साझा करते हैं। राहुल अभी अमेरिका प्रवास पर हैं। वहां उन्होंने अपनी पहली सभा में भारत के केन्द्रीय निर्वाचन आयोग की कार्यपद्धति की जमकर आलोचना की। किस तरह से पूरी निर्वाचन पद्धति सत्तारुढ़ भाजपा के पक्ष में काम करती है, उन्होंने इसका लेखा-जोखा सामने रखा है।

अमेरिका के बोस्टन शहर पहुंचे राहुल ने व्यवसायियों और वहां रहने वाले भारतीयों से बातचीत में भारत के चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'हमारे सामने यह बिल्कुल स्पष्ट हो गया है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और निर्वाचन प्रणाली में व्यापक गड़बड़ियां हैं।' राहुल गांधी ने कहा- 'मैंने यह कई बार बताया है, खासकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रदेश के वयस्क नागरिकों की संख्या से कहीं अधिक लोगों ने वोटिंग की। चुनाव आयोग द्वारा शाम 5.30 बजे तक मतदान के आंकड़े जारी किये गये थे। बाद में जो अंतिम आंकड़े प्रदान किये गये उसके अनुसार शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे के बीच 65 लाख लोगों ने मतदान किया। ऐसा होना संभव ही नहीं है क्योंकि एक व्यक्ति को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं। इस हिसाब से तो सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगनी चाहिये थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब कांग्रेस व विपक्ष ने आयोग से वीडियो सबूत मांगे तो उसे न केवल मना कर दिया गया बल्कि आयोग ने कानून ही बदल दिया ताकि विपक्षी दल वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।'

गौरतलब है कि राहुल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ऐसे वक्त में चुनावी गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है जब कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके खासमखास दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने साफ किया है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते। बैलेट पेपर की हिमायत करते हुए मस्क ने तो यहां तक कहा है कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है। यानी वे उस आरोप की पुष्टि कर रहे हैं जो भारत के कई विपक्षी दल 2022 से लगा रहे हैं। आरोप हैं कि पिछले सालों हुए लोकसभा चुनाव में वोटिंग मशीनों में बड़े पैमाने पर धांधली कर भाजपा ने दो-चार नहीं वरन लगभग 80 सीटें जीती हैं। इतना ही नहीं, कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी एक खास पैटर्न के द्वारा हारती हुई भाजपा ने चंद घंटों में इतनी सीटें जीत लीं कि वह सरकार बनाने में कामयाब हो गयी। राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों के उदाहरण इस सिलसिले में दिये जाते हैं।

वैसे तो भारत में जिस तरह से शासकीय मशीनरी के जरिये लोकतंत्र को अपहृत किया गया है और मोदी सरकार निरंकुश तरीके से काम कर रही है, वह दुनिया अब जान चुकी है, राहुल द्वारा जो बातें भारतीय समुदायों के समक्ष कही जा रही हैं, वह दूर तलक जायेगी क्योंकि वहां का मीडिया एक तरह से वैश्विक कहा जाता है जो निश्चित ही भारतीय मीडिया के मुकाबले बहुत अधिक जनतांत्रिक, स्वतंत्र और निष्पक्ष है। भारत का मीडिया विपक्ष की बातों को जहां स्थान नहीं देता वहीं अमेरिकी या लोकतांत्रिक रूप से परिपक्व किसी भी देश का मीडिया सरकार की बजाय प्रतिपक्ष को तरज़ीह देता है। इस लिहाज से कहा जा सकता है कि राहुल गांधी की बातें एक बार फिर से विश्वपटल पर प्रमुखता से लोगों के सामने आयेगी।

अनुमानों के मुताबिक भाजपा ने राहुल के इस बयान को 'संवैधानिक संस्थाओं का अपमान' बताया तथा राहुल पर 'देश को बदनाम करने की सुपारी' लेने का आरोप लगा दिया है। पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि, 'राहुल गांधी विदेश जाकर संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। यही उनकी पहचान बन गई है। यह दिखाता है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते हुए भारत के विरोध पर उतर गये हैं- वह भी विदेशी धरती पर।' पूनावाला के अनुसार 'पूरी दुनिया भारत के चुनाव आयोग और निर्वाचन प्रणाली की प्रशंसा कर रही है पर भारत के खिलाफ और देश की बदनामी की सुपारी लेने का काम राहुल गांधी और उनका इकोसिस्टम कर रहा है।' इसी तरह संबित पात्रा ने राहुल गांधी के बयान पर नेशनल हेराल्ड मामले में चल रही ईडी की जांच का जिक्र करते हुए कहा कि वे अब जेल जा सकते हैं। वहीं देवेन्द्र फड़नवीस ने राहुल गांधी के चरित्र पर ही सवाल उठाए और उन्हें नसीहत दी कि चुनाव नतीजों पर सवाल उठाने की जगह वे जनता का दिल जीतने के बारे में सोचें। भाजपा की ये सारी प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि राहुल गांधी चुनाव आयोग पर जो सवाल उठा रहे हैं, उससे सबसे ज्यादा तकलीफ भाजपा को हो रही है। याद हो कि उनके पिछले विदेशी दौरों में दिये उनके व्याख्यानों को लेकर उन्हें भाजपा समर्थकों ने 'देशद्रोही' तक कहा था।

बहरहाल, राहुल की अमेरिका यात्रा में आगे क्या होता है, ये देखना होगा। उनका एक व्याख्यान ब्राउन विश्वविद्यालय में होगा, साथ ही वे भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे, जिसमें भाजपा अपनी नजरें गड़ाए हुए है। वैसे राहुल गांधी के दौरे की कमान एक बार फिर से इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के हाथों में है जो साबित करता है कि दोनों के बीच मतभेदों की जो बात बीच-बीच में उठाई जाती रही है, उनमें कोई सच्चाई नहीं है। पित्रोदा ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा, ''युवाओं, लोकतंत्र और बेहतर भविष्य की आवाज राहुल गांधी, आपका अमेरिका में स्वागत है! आइए सुनें, सीखें और साथ मिलकर निर्माण करें!''

# अब सुप्रीम कोर्ट को धौंस!

फासीवादियों की एक जाने-मानी रणनीति है। जो खुद करना चाहते हो, करने जा रहे हो, विरोधी पर वही करने का आरोप लगा दो। भाजपा के बदजुबान पर मोदी जी निजाम के मुंहलगे सांसद, निशिकांत दुबे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश, संजीव खन्ना पर ''देश में हो रहे सभी गृह युद्धों'' की जिम्मेदारी डालने के जरिए, ठीक यही दांव आजमा रहे थे। कहने की जरूरत नहीं है कि दुबे का उक्त बयान, वक्फ़ कानून की वैधता के लिए चुनौतियों की सुनवाई के क्रम में संजीव खन्ना के नेतृत्व वाले सुप्रीम कोर्ट के तीन सदस्यीय खंडपीठ द्वारा अपनाए गए आरंभिक रुख के संदर्भ में आया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में क्या कहा है और क्या किया है, इसकी चर्चा हम जरा आगे चलकर करेंगे। यहां सिर्फ इतना कि अगर भाजपा के अघोषित प्रवक्ता के रूप में दुबे को, इस संदर्भ में गृहयुद्धों की याद आ गयी है, तो यह संयोग ही नहीं है। इसमें वक्फ़ कानून को लाने के पीछे संघ-भाजपा निजाम के असली मकसद का इशारा है। और यह मकसद है, मुसलमानों की स्थिति को और कमजोर करना, उन्हें और दबाना, जिसके संबंध में वे भी बखूबी जानते हैं कि यह देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। लेकिन, किसी कमजोर, अल्पसंक्ख्यक को दबाने वाला गृहयुद्ध ही उनका वाक्य है न कि गृहयुद्ध से बचाव।

याद रहे कि दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है। उस निर्णय से जुड़ा गृहयुद्ध का इशारा, आम तौर पर राज्यों की स्वायत्तता के खिलाफ और खासतौर पर दक्षिण भारतीय राज्यों की भाषायी-सांस्कृतिक-सामाजिक स्वायत्तता के खिलाफ, संघ-भाजपा की एकात्मकतावादी मुहिम में निहित गृहयुद्ध की संभावनाओं की ओर है।

इस प्रसंग में इसकी याद दिलाना अप्रासांगिक नहीं होगा कि तमिलनाडु की ''हिंदी थोपे जाने'' की चिंताओं का आधे-अधूरे तरीके से सरकार की ओर से खंडन किए जाने के बीच ही, महाराष्ट्र की भाजपा-नीत गठजोड़ सरकार ने तमिलनाडु की आशंकाओं को ही सच साबित करते हुए, इसका ऐलान कर दिया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत, त्रिभाषा फार्मूले की तीसरी भाषा के रूप में महाराष्ट्र में ''हिंदी'' अनिवार्य की जा रही है। हैरानी की बात नहीं है कि इस निर्णय का व्यापक रूप से विरोध भी हो रहा है। बहरहाल, इसके सामानांतर मुंबई के कुछ हिस्सों से एक बार फिर गुजरातियों और मराठियों के बीच तनाव बढ़ने की खबरें आने लगी हैं।

यह भी याद रहे कि तमिलनाडु बनाम राज्यपाल प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ हमले की शुरूआत, निशिकांत दुबे से दो-तीन दिन पहले, भारत के उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कर चुके थे। धनखड़ जो सर्वोच्च न्यायालय के तथाकथित ''अतिक्रमणों'' से संसद की और वास्तव में कार्यपालिका की हिफाजत करने के नाम पर पहले भी कई बार तलवार भांज चुके हैं, इस बार सर्वोच्च न्यायालय से इस बात से खफा थे कि उसने राज्यपालों द्वारा और यहां तक कि राष्ट्रपति द्वारा भी, राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित किए गए विधेयकों पर मंजूरी या नामंजूरी का निर्णय करने के लिए, तीन महीने की अधिकतम सीमा तय कर दी है। उनके अनुसार यह राष्ट्रपति की और उसकी नियुक्तियों के रूप में राज्यपालों की भी 'सर्वोच्चता' का अतिक्रमण है! अदालत राष्ट्रपति को कुछ भी निर्देश कैसे दे सकती है, भले ही यह इसी का निर्देश क्यों न हो कि राज्य विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर बैठे ही नहीं रहें, तीन महीने के अंदर उन पर अपना कोई न कोई फैसला दे दें! सर्वोच्च न्यायालय को ''पूर्ण न्याय'' करने में समर्थ बनाने वाली संविधान की धारा-142 को तो उपराष्ट्रपति धनखड़ ने ''जनतांत्रिक ताकतों के खिलाफ नाभिकीय मिसाइल, जो न्यायपालिका को 24 घंटा 7 दिन उपलब्ध है'' ही करार दे दिया। यह इसके बावजूद था कि बाबरी मस्जिद बनाम रामजन्म भूमि विवाद में, मंदिर के पक्ष में अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कथित रूप से ''पूर्ण न्याय'' करने के लिए ठीक इसी धारा का सहारा लिया था।



राजेंद्र शर्मा

दुबे ने एकवचन में गृहयुद्ध की नहीं, बहुवचन में ''गृहयुद्धों'' की बात कही है। उसका इशारा सुप्रीम कोर्ट के हाल के कुछ और महत्वपूर्ण फैसलों की ओर भी है। इशारा खासतौर पर राज्यपालों की भूमिका और विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संदर्भ में राज्यपालों की भूमिका को लेकर, तमिलनाडु बनाम राज्यपाल के मामले में सुप्रीम कोर्ट के हाल के ही फैसले की ओर है।

फिर भी यह अकारण ही नहीं है कि धनखड़ से भिन्न, निशिकांत दुबे तथा दिनेश शर्मा जैसे भाजपायी सांसदों ने, आम तौर पर सर्वोच्च न्यायालय पर और खासतौर पर मुख्य न्यायाधीश पर निशाना साधते हुए, वक्फ बोर्ड के मुद्दे को ही सबसे आगे रखा है। इसका सीधा संबंध, वक्फ कानून में संशोधनों के हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक मंतव्यों से है। बेशक, संघ-भाजपा की ओर से इसका काफी स्वांग भी किया जाता रहा है और जाहिर है कि इसमें संसद में बहस के दौरान तथा उसके बाद के भी उनके जुबानी दावे भी शामिल हैं, कि ये संशोधन वास्तव में मुसलमानों को लाभ पहुंचाने की चिंता से किए जा रहे हैं। कि इन संशोधनों से विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं व पसमांदा मुसलमानों को और मुसलमानों के बोहरा आदि कमजोर पंथों को फायदा मिलने वाला है। कि इसका हिंदुओं के तुष्टीकरण से कोई संबंध नहीं है, आदि। इसके बावजूद, इस पूरे प्रोजेक्ट के पीछे की असली नीयत तब खुलकर सामने आ गयी जब रातों-रात संघ-भाजपा के युवा संगठनों ने विभिन्न राज्यों को ऐसे पोस्टरों से पाट दिया, जो वक्फ संशोधन विधेयकों का विरोध करने वाली राजनीतिक पार्टियों को, हिंदू-विरोधी घोषित करते थे। यह इसका खुला ऐलान था कि यह कानून, सबसे बढ़कर हिंदू सांप्रदायिकता के आग्रहों से ही संचालित है।

एक प्रकार से देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस वक्फ अधिनियम के खिलाफ चुनौतियों की सुनवाई पर अपनी शुरूआती प्रतिक्रिया में बिना कहे इस सच्चाई को स्वीकार भी किया है। इसीलिए, सर्वोच्च न्यायालय ने इस अधिनियम के कम से कम तीन पहलुओं पर फौरी तौर पर रोक लगाने की जो मंशा जतायी थी, उसके बाद मोदी सरकार ने अपनी ओर से ही संबंधित पहलुओं का परिचालन अगले अदालती आदेश तक रोके रखने का आश्वासन दे दिया। अदालत ने इस आश्वासन को आधिकारिक रूप से दर्ज कर लिया और इस तरह वक्फ़ अधिनियम के अमल को ही अदालत द्वारा रोके जाने की शर्मिंदगी से तो सरकार बच गयी, लेकिन इन कदमों को अपनी ओर से ही रोके रखने का वादा करने के बाद ही।

इस तरह जिन दो सबसे समस्यापूर्ण पहलुओं का अमल रोक दिया गया, उनमें एक तो वक्फ़ बोर्ड तथा वक्फ़ काउंसिल का राज्यों के स्तर तक पुनर्गठन ही है। इस सिलसिले में विवाद तथा अदालती चुनौती के केंद्र में अधिनियम का यह प्रावधान है कि अब तक के कायदे के विपरीत, उक्त निकायों में गैर-मुसलमानों को भी रखा जा सकता है। शिकायत यह है कि नये प्रावधानों के तहत बोर्ड और काउंसिल में गैर-मुस्लिमों का बहुमत तक हो सकता है। इस संदर्भ में इस कानून का विरोध करने वालों का तर्क यह है कि यह तो अपनी धार्मिक संस्थाओं का स्वार्या रूप से संचालन करने की, देश के संविधान में सभी समुदायों को दी गयी स्वतंत्रता का ही उल्लंघन है। इसके अलावा इस प्रबल तर्क का भी सरकार के पास कोई जवाब नहीं था कि क्या वह अन्य धर्मों पर व संप्रदायों की संस्थाओं में भी इसी प्रकार, अन्य धर्मावलंबियों को जगह देने जा रही है?

फिलहाल स्थगित कर दिया गया दूसरा ऐसा ही समस्यापूर्ण पहलू ''वक्फ़ बाई यूज'' यानी वक्फ़ के रूप में उपयोग होते आने से किसी संपत्ति की वक्फ़ के रूप में मान्यता का है। नया कानून वक्फ़ बाई यूज को अमान्य करता है और इस प्रकार सैकड़ों साल पुरानी अनेक मस्जिदों, कब्रिस्तानों, खानकाहों आदि पर संपत्ति विवादों का रास्ता खोलता है। मुद्दा यह है कि वर्तमान संपत्ति रजिस्ट्रेशन कानूनों के अमल में आने से पहले से वक्फ़ के रूप में चली आ रही संपत्तियों के मामले में, रजिस्ट्रेशन आदि के कागजात कहां से आएंगे और किस के पास मिलेंगे? इस तरह नये कानून के बनते ही, अनेक पुरानी संपत्तियों पर विवाद खड़े हो जाने का रास्ता रोक दिया गया है।

बेशक, नये कानून को चुनौती दिए जाने के प्रमुख मुद्दे और भी हैं, जिन पर फिलहाल पाबंदी लगाना जरूरी नहीं समझा गया है। इनमें बुनियादी धार्मिक स्वतंत्रता को प्रभावित करने वाला यह प्रावधान भी शामिल है कि वक्फ़ करने के लिए, संबंधित शख़्श का पांच साल से धर्मपालक मुसलमान रहा होना जरूरी है। इसी प्रकार, एक और महत्वपूर्ण मुद्दा नये कानून में जिलाधीश को वक्फ़ संपत्तियों के दर्जे के संबंध में निर्णय के तमाम अधिकार सौंपे जाने से लेकर, किसी संपत्ति को लेकर विवाद खड़ा किए जाने की सूरत में, जिलाधीश द्वारा अंतिम निर्णय किए जाने तक, उसका वक्फ़ संपत्ति का दर्जा ही स्थगित हो जाने तक जाता है। बहरहाल, फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने अपने हस्तक्षेप से नये कानून के सबसे आपत्तिजनक तथा समस्यापूर्ण प्रावधानों का अमल स्थगित करा दिया है और अदालत ने एक हद तक अपने सोच की दिशा का भी इशारा कर दिया है। यही सुप्रीम कोर्ट पर संघ-भाजपा के इस बौखलाहट भरे हमले का मुख्य कारण है।

बेशक, भाजपा के अध्यक्ष पद पर अब चंद दिन के मेहमान, जेपी नड्डा ने निशिकांत दुबे, दिनेश शर्मा आदि भाजपा सांसदों द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर लगाए गए आरोपों से भाजपा को अलगाने की कोशिश में, न सिर्फ उनके बयानों को उनके निजी बयान बताया है बल्कि एक कदम आगे जाकर कहा है कि उन्हें आइंदा ऐसा न करने के निर्देश भी दिए गए हैं। लेकिन, संघ-भाजपा की एक साथ कई-कई मुंह से अलग-अलग बातें कहने की कार्यनीति से परिचित लोग, भाजपा के इस खंडन को गंभीरता से लेने केलिए तैयार नहीं हैं। और संघ-भाजपा की ट्रोल सेना ने वक्फ़ प्रसंग को ही लेकर जिस तरह, सुप्रीम कोर्ट को कथित मुस्लिम-पक्षधरता के लिए गरियाना जारी रखा है और उसे ''सुप्रीम कोर्ट'' से लेकर '' शरिया अदालत'' तक कहना जारी रखा है, उससे भाजपा के इन रस्मी खंडनों के प्रति लोगों के अविश्वास को ही बल मिलता है।

सच्चाई यह है कि अब जबकि संजीव खन्ना की अगुआई में सुप्रीम कोर्ट ने सत्तारूढ़ संघ-भाजपा के मंसूबों से कुछ स्वायत्तता का प्रदर्शन करना शुरू किया है और जल्द ही देश को एक नया मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहा है, जिसका रिकार्ड भी कार्यपालिका की मर्जी के आगे बहुत ज्यादा झुकने का नहीं रहा है, अपने फासीवादी मिजाज के अनुरूप वर्तमान सत्ताधारियों के इशारे पर, सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ हमला बोल दिया गया है। यह संवैधानिक संस्थाओं को धौंस में लेने की जानी-पहचानी फासीवादी कार्यनीति की ही आजमाइश है। यह दूसरी बात है कि ऐसी कार्यनीति की जरूरत अपने आप में, सत्ताधारियों के लिए गहराते संकट का ही संकेत करती है।

**( लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं। )**

# सर्वोच्च न्यायालय का वक्फ कानून पर सबको खुश करने वाला अंतरिम आदेश

■ के रवींद्रन

विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश ने विरोधी खेमों के बीच एक असामान्य संतुलन पैदा कर दिया है, जो निर्णायक हस्तक्षेप के बजाय एक सुनियोजित संतुलनकारी कार्य का संकेत देता है। हालांकि यह आदेश संशोधनों के कार्यान्वयन पर पूर्ण रोक का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, लेकिन यह न्यायिक संयम की एक परत पेश करता है जो आश्वस्त और अस्थिर दोनों है, जो इस बात पर निर्भर करता है कि व्यक्ति किस पक्ष में है। यह कानूनी युद्ध के मैदान को खुला छोड़ देता है, लेकिन संकेत- हालांकि कमजोर- सरकार की स्थिति के अंतिम समेकन की ओर इशारा करते हैं।

सरकार को यथास्थिति बनाये रखते हुए अधिक मजबूत तर्क प्रस्तुत करने का समय देकर, न्यायालय ने अधिक गहन जांच के लिए मंच तैयार किया है जो अंततः विचाराधीन संशोधनों को वैध बना सकता है। सरकार के दृष्टिकोण से, यह अंतरिम व्यवस्था न केवल स्वीकार्य है- परन्तु उसके लिए लाभप्रद भी है। यह मौजूदा कानूनी ढांचे में ठोस खामियों को प्रदर्शित करके बहस को सैद्धांतिक से अनुभवजन्य में बदलने की अनुमति देता है।

पूरे गांवों को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किये जाने की रिपोर्ट, अक्सर निवासियों की जानकारी या सहमति के बिना, निराशा की एक लहर पैदा करती है जिसे सरकार न्यायालय के समक्ष बढ़ाना चाहती है। इस मुद्दे को सामूहिक वंचितता और प्रणालीगत अस्पष्टता के रूप में प्रस्तुत करके, सरकार न केवल प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि सामाजिक न्याय की कहानी गढ़ रही है। फिर महत्वपूर्ण बात यह है कि यह कहानी एक ऐसी अदालत के साथ प्रतिध्वनित होने की संभावना है जिसने पिछले फैसलों में कानून की सिद्धांतवादी व्याख्याओं पर संतुलन और व्यावहारिकता की ओर झुकाव दिखाया है।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है।

समान रूप से महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि न्यायालय ने संशोधित कानून के संचालन पर रोक तो नहीं लगाई, लेकिन मुकदमे के लंबित रहने के दौरान यथास्थिति में इस तरह से बदलाव न करने की चेतावनी दी, जिससे किसी भी पक्ष के अधिकारों को नुकसान पहुंचे। यह दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। ये कानूनी चुनौती को निरर्थक बना सकते हैं। लेकिन सरकार के लिए, यह अभी भी अपना मामला बनाने, डेटा एकत्र करने और पिछली व्यवस्था के तहत लंबे समय से चले आ रहे अन्याय के लिए आवश्यक सुधार के रूप में संशोधन को तैयार करने का रास्ता खुला छोड़ता है। न्यायालय के निर्देश के शब्द ही कठोर अंतरिम कदम उठाने की अनिच्छा को दर्शाते हैं, जो अंतिम फैसले के समय उसके हाथ बांध सकते हैं।

इस स्थिति से जो उभरता है, वह एक तरह की न्यायिक हेजिंग है- चुनौती देने वालों को उम्मीद देने के लिए पर्याप्त अस्पष्टता, लेकिन सरकार के लिए पैंतरेबाज़ी करने के लिए पर्याप्त जगह। चुनौती देने वालों को निश्चित रूप से न्यायालय द्वारा की गयी कुछ टिप्पणियों से सांत्वना मिली है, जो संशोधनों से प्रतिकूल रूप से प्रभावित लोगों के अधिकारों के लिए कुछ हद तक सहानुभूति का संकेत देती हैं। लेकिन यह सांत्वना अंततः वास्तविक से ज़्यादा बयानबाज़ी साबित हो सकती है। न्यायालय का इतिहास बताता है कि जब तक विचाराधीन कानून स्पष्ट रूप से असंवैधानिक या घोर अन्यायपूर्ण न हो, तब तक यह विधायी और कार्यकारी शाखाओं के अधीन रहता है, खासकर जब व्यापक शासन संबंधी मुद्दे शामिल हों।

क्रिश्चियन एलायंस और एसोसिएशन ऑफ़ सोशल एक्शन जैसे नये हस्तक्षेपकर्ताओं के साथ सरकार का रणनीतिक गठबंधन इसके हाथ को और मज़बूत करता है। इन समूहों का तर्क है कि पिछले कानून को धार्मिक या संस्थागत दावों के तहत व्यक्तियों- अक्सर अन्य अल्पसंख्यक समुदायों से- को उनके वैध संपत्ति अधिकारों से वंचित करने के लिए हथियार बनाया गया था। ऐसी आवाज़ों को एकजुट करके, सरकार कानून को बहुसंख्यकवादी थोपे जाने के रूप में नहीं, बल्कि एक धर्मनिरपेक्ष, समावेशी सुधार के रूप में फिर से परिभाषित कर रही है। यह पुनर्स्थापन महत्वपूर्ण है। यह मुद्दे को एक संकीर्ण प्रशासनिक बदलाव से संपत्ति के अधिकारों को बहाल करने और ऐतिहासिक असंतुलन को ठीक करने के लिए एक नैतिक धर्मयुद्ध में बदल देता है। न्यायपालिका, जब इस तरह के नैतिक ढांचे का सामना करती है- खासकर अगर वास्तविक जीवन की गवाही और आंकड़ों से इसकी पुष्टि होती है - अक्सर विधायी इरादे को बनाये रखने की ओर झुक जाती है जब तक कि एक मजबूत संवैधानिक उल्लंघन साबित न हो जाये।

नये कानून के तहत प्रक्रियात्मक चिंताएं या कथित अतिक्रमण के उदाहरण भी इसे अमान्य करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं जब तक कि मनमानी या लक्षित भेदभाव का एक स्पष्ट पैटर्न नहीं दिखाया जा सकता है। अब तक, चुनौती देने वालों ने वास्तविक नुकसान के प्रलेखित मामलों के बजाय संभावित दुरुपयोग के जोखिम पर अधिक ध्यान दिया है। इसके विपरीत, सरकार मौजूदा प्रणाली की विफलताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो पहले से ही मूर्त और प्रदर्शन योग्य हैं। साक्ष्य की गुणवत्ता और प्रकृति में यह विषमता अंतिम निर्णय में भारी पड़ सकती है।

इसके अलावा, अदालत की अंतरिम टिप्पणियों की भाषा संभावित जटिलताओं के बारे में गहरी जागरूकता का सुझाव देती है जो विधायी प्रक्रिया में समय से पहले हस्तक्षेप करने से उत्पन्न हो सकती हैं। इस बात पर जोर देकर कि मामले के लंबित रहने के दौरान कोई नयी जटिलताएं पेश नहीं की जानी चाहिए, अदालत समय खरीदती हुई प्रतीत होती है - न कि समय पर निर्णय लेने के लिए कानून के बारे में बात करना और बिना व्यवधान पैदा किए निष्पक्ष सुनवाई करना। यह सतर्क दृष्टिकोण, तटस्थ प्रतीत होते हुए भी, अक्सर यथास्थिति या इस मामले में, नये पेश किये गये परिवर्तनों के पक्ष में काम करता है। एक बार जब कोई कानून व्यवस्था में स्थापित हो जाता है - यहां तक कि एक अंतिम क्षमता में भी- तो इसे उलटना संस्थागत रूप से अधिक कठिन हो जाता है जब तक कि ऐसा करने के लिए कोई भारी कारण न हो।

इसके अतिरिक्त, संशोधनों का समर्थन करने वाली आवाज़ों की बढ़ती संख्या से न्यायालय के प्रभावित होने की संभावना है, विशेष रूप से हाशिए के समुदायों और सामाजिक वकालत समूहों से। ये हितधारक अपने साथ एक हद तक नैतिक और सामाजिक-राजनीतिक वैधता लाते हैं जिसे नज़रंदाज़ करना मुश्किल है। कानूनों के पिछले शासन के तहत बहिष्कार और बेदखली के उनके आख्यान एक भावनात्मक और मानवीय आयाम पेश करते हैं जो अन्यथा एक अमूर्त कानूनी प्रतियोगिता हो सकती है। यदि चुनौती देने वाले तुलनात्मक रूप से सम्मोहक प्रति-कथा प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं - जो कानूनी तकनीकों से परे हो और न्याय को एक आंतरिक तरीके से संबोधित करे-तो पेंडुलम सरकार के पक्ष में झूलता रहेगा।

## आपके पत्र

### रोजगार की तलाश में युवा देश की जनसंख्या

भारत एक दशक के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश होगा और सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या वाला भी देश होगा। निश्चित तौर पर यह हमारे ऊपर है यह हमारी युवा जनसंख्या का उपयोग हम किस तरह विकास की गति के साथ-साथ तालमेल बिठाकर भारत राष्ट्र का गौरव किस तरह बढ़ाते हैं। भारत का अधिकांश युवा रोजगार का तलबगार हो गया है, उसे सही मार्गदर्शन और नियोजन की योजना की जरूरत भी है। भारत की युवा और दीवा शक्ति के माध्यम से साइंस, टेक्नालॉजी, मेडिकल, सेना, कंप्यूटर साइंस और स्वयं उद्यम के माध्यम से वैश्विक स्तर पर भारत को अग्रणी देश बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। अब इस विशाल जनसंख्या का सीमित संसाधन पर कितना दबाव होगा, आप ये कल्पना कर सकते हैं। वर्तमान में भारत 141 करोड़ जनसंख्या (अनुमानित) के साथ विश्व में दूसरे नंबर पर है

भारत जैसे विशाल देश में जहां बहुत बड़ी जनसंख्या भी है और विकास के लिए आवश्यक संसाधन भी हैं, विकास करने के लिए केवल विशाल जनसंख्या के साथ सामंजस्य बिठाने की आवश्यकता होगी। भारत में जनसंख्या नियंत्रण के साथ-साथ उसके अनुपात में संसाधनों का संतुलन बना कर विकास की नई दिशा दी जा सकती है। संसाधनों की उचित दोहन हेतु सही और सटीक नीति तथा उसके क्रियान्वयन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा नवाचार एवं उचित तकनीक प्रौद्योगिकी को भी अमल में लाना होगा। भारत विश्व का प्रथम देश है जिसने 1952 में परिवार नियोजन कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया इसका परिणाम भी अच्छा हुआ था कि पिछले कुछ दशकों में जनसंख्या की वृद्धि में संतोषजनक गिरावट आई है। यह तो विदित है कि किसी भी राष्ट्र की संतुलित विकास की धारा तभी संभव है जब वहां के विकास में सहायक संसाधनों का संतुलन बना रहे। किसी एक घटक का संतुलन यदि गड़बड़ होता है तो विकास के लिए गंभीर समस्याएं जन्म लेना शुरू करती हैं। भारत की जनसंख्या इसी रफ्तार से बढ़ती रही तो दिन दूर नहीं जब संसाधनों की कमी से भारत को जूझना होगा फिर विकास की बात बेमानी हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य है कि व्यक्ति समाज सरकार और योजनाकारों के मन में इस विषय से संबंधित समस्याओं के प्रति चेतना संवेदना जगाना ही है ताकि लोगों में बढ़ती जनसंख्या से जुड़ी समस्याएं एवं अवरोधों के बारे में जागरूकता ज्यादा से ज्यादा विस्तारित हो। भारत के पास विकास के सभी मापदंड होते हुए भी देश पिछड़ा हुआ है, भारत में तकनीकी का कम विकास, कमजोर शिक्षा, परंपरागत स्रोत, कृषि का निम्न स्तर, आर्थिक असमानता जैसी अनेक समस्याएं हैं जो विकास मैं बाधक बनती रही है। वर्तमान में देश के पास प्राकृतिक एवं मानव संसाधन इतना है कि बढ़ती जनसंख्या की समस्याओं से आसानी से निपटा जा सके पर इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि संसाधनों का उचित दोहन तथा उसका सही उपयोग विकास की दिशा में भ्रष्टाचार से बचाकर किया जाए। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि जनसंख्या की समस्या से निपटने तथा विकास की दर को बढ़ाने की जिम्मेदारी केवल शासन प्रशासन की ही नहीं है इसके लिए आम नागरिक भी जिम्मेदार है क्योंकि समस्याएं खड़ी करने में आमजन का एक बड़ा वर्ग भी है, इसीलिए हम सबको जनसंख्या नियंत्रण और विकास की धारा को सही दिशा प्रदान करने के लिए सक्रिय सहयोग देना होगा तब ही देश एक सशक्त राष्ट्र बन पाएगा।

**-संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### युद्ध नहीं, शांति चाहिए

*'युद्ध की क्या कीमत चुकाना पड़ती है, इस बारे में बात करने से हम कतरा रहे हैं। भारत उपमहाद्वीप में स्थायी शांति कैसे स्थापित हो सकती है, इस पर बात करने में हमारी कोई दिलचस्पी दिखाई नहीं देती। दोनों प्रमुख राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप में अपनी शक्ति जाया कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पुलवामा और बालाकोट की घटनाओं का हर तरह से राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है, तो दूसरी ओर कांग्रेस की कोशिश है कि ऐसा न होने दिया जाए। इस बीच अधिकतर राजनीतिक दल अपनी-अपनी सुविधा से इस पूरे घटनाचक्र पर टिप्पणियाँ कर रहे हैं। स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री सबसे ज्यादा गरज रहे हैं। उन्होंने अभिनंदन की रिहाई की घोषणा के तुरंत बाद जो टीका की वह वांछित नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तो पायलट प्रोजेक्ट है, असली खेल तो इसके बाद होगा।'*

**( देशबंधु में 07 मार्च 2019 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/03/blog-post.html

## गुरुवाणी विचार

### राग गौड़ी सलोक महला 9

साधो मन का मान तिआगो-
काम क्रोध संगत दुरजन की।
तांते अहि निस भागे (रहाओ)
सुख दुख दोनों समकर जाने-और मान अपमाना
हरख सोगते रहे अतीता- तिनि जगि तत पछाना
उसतति निंदा दोऊ तिआगे-खोजे पद निरबाना
जन नानक ऐह खेल कठिन है-किनहु विरले जाना।

गुरवाणी की इन पंक्तियों द्वारा नौवें नानक गुरु तेग बहादुरजी मानव मन को समझाइश दे रहे हैं कि हर इंसान का जीवन व्यतीत करना पड़ता है इसलिए हमें इन पंक्तियों द्वारा समझाया गया है कि इंसान को हमेशा घमंड से दूर रहना चाहिए। मैं-मेरी के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए कहा भी गया है कि

जब लग मेरी मेरी करे- तब लग काज एक नहीं सरे।

हर इंसान के आध्यात्मिक क्षेत्र में कई रोड़े हैं-काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, तृष्णा से बचकर रहना चाहिए। इन पर विजय तो नहीं पाई जा सकती पर इनको वश में रखना जरूरी है। लोभ भी जरूरत के मुताबिक थोड़ा बहुत ठीक है। नेक कमाई कर अपने परिवार का उदरपोषण करना है और इस नेक कमाई का दसबंध निकाल कर जरूरतमंदों की मदद में खर्च करना है। काम भी गृहस्थ में रहकर किसी हद तक संतानोत्पत्ति के लिए आवश्यक है। क्रोध भी जीवन में आवश्यक है। सांप अगर फूंफकार भी न मारे तो इंसान उसे अकारण ही पत्थर मार-मारकर घायल कर देगा। मोह भी जरूरी है पर धृतराष्ट्र जैसा अंधा मोह भी नहीं होना चाहिए नहीं तो महाभारत जैसी स्थिति हो सकती है। अहंकार भी बुराइयों की जड़ है।

हमें प्रभु दरबार में स्थान प्राप्त हो जाने पर फिर आनंद ही आनंद की प्राप्ति होती रहेगी क्योंकि प्रभु के सांचे दरबार जिसे भक्त रविदास ने बेगमपुर कहा है जहां पर किसी किस्म की गम या चिंता नहीं है-

हलति सुख पलति सुख
सुख सदा सिमपनो नाम हरि का सदा लीजै।।

इसलिए हर इंसान को चाहिए कि वह संसार में आकर मानव जीवन प्राप्त कर सांसारिक मोह माया त्याग कर प्रभु सिमरन भक्ति का मार्ग अपना ले। प्रभु सिमरन करते-करते वह फिर प्रभु परमात्मा जो कि हरेक के हृदय में विराजमान है, के दर्शन प्राप्त कर पाएगा। हमें प्रभु परमात्मा को पाने के लिए कहीं वन कंदराओं में भटकने की जरूरत नहीं है। हम गृहस्थ जीवन में रहकर भी परिवार का उदर पोषण करते हुए मन से निरंकार को सिमरन करते रहें। बस हमें अपने मन को सिमरन रूपी मथनी से मथकर उसकी प्राप्ति करनी है।

जिन खोजा तिन पाइआ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी खोजन गई रही किनारे बैठ।।

सारी वनस्पति में अग्नि है, दूध में घी है पर हमें जुगत लगाकर ही उसकी प्राप्ति हो पाती है। हमें भी अपने मन रूपी मथनी से सिमरन भक्ति कर प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर लेनी है।

सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटावहो।।

**-इंदर सिंह आहुजा**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
मंगलवार,22 अप्रैल 2025

**उल्टा पुल्टा**

बुजुर्ग- पढ़ाई कैसी चल रही है?
चिंटू- बिल्कुल आपकी जिंदगी की तरह।
बुजुर्ग- इसका क्या मतलब है?
चिंटू- मतलब राम भरोसे।


# हीट वेव अलर्ट: अगले 48 घंटे बेहद गर्म,सतर्क रहने की अपील



**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य के कई जिलों में गर्मी ने विकराल रूप ले लिया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, रायपुर ने हीट वेव यानी ग्रीष्म लहर को लेकर अगले 48 घंटों के लिए चेतावनी जारी की है।

21 अप्रैल जारी की गई मौसम चेतावनी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के सरगुजा, जशपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और बलरामपुर जिलों के एक-दो इलाकों में गर्मी की लहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और जरूरी सावधानियाँ बरतने की अपील की है। जब दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5°C से 6.4°C अधिक हो, तो उसे हीट वेव कहा जाता है। 6.4°C से अधिक का अंतर होने पर यह गंभीर गर्मी की लहर बन जाती है। साथ ही, यदि मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए, तो भी खतरा काफी बढ़ जाता है। रात का न्यूनतम तापमान अगर सामान्य से 4.5°C से 6.4°C ज्यादा है, तो उसे गर्म रात, और अगर यह 6.4°C से ज्यादा हो, तो बहुत गर्म रात माना जाता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है।

## समय से पहले हो सकती है स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां



छत्तीसगढ़ में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पढ़ रहा है। कई जिलों में हीट वेव के साथ गर्मी का अलर्ट भी जारी किया गया है ऐसे में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने सीएम विष्णुदेव साय को पत्र लिखा और स्कूलों में गर्मी की छुट्टियों की मांग की है।

### एसोसिएशन ने पत्र में लिखा

अत्यधिक गर्मी को देखते हुए निवेदन है कि प्रदेश के सभी स्कूलों में तत्काल छुट्टियां घोषित करवाने हेतु निर्देशित करें। बहुत से जिलों में तापमान 45 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। छोटी कक्षा के विद्यार्थियों की गर्मी के कारण तबीयत भी बिगड़ रही है।

## हीटवेव में राहत की पहल: बिलासपुर में ट्रैफिक सिग्नलों पर लगेगी मिस्ट मशीन, जनप्रतिनिधियों ने की मांग

देखा जा रहा है कि प्रतिवर्ष बिलासपुर शहर में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है गर्मी के दिनों में यहां का तापमान 45 से 46 डिग्री तक जा पहुंचता है।



जिसकी वजह से दोपहर के वक्त जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोगों को धूप से परेशान होना पड़ता है ।

इन समस्याओं को देखते हुए अब बिलासपुर के जनप्रतिनिधियों ने यहांवायुजनित कण पदार्थों में कमी लाने के लिए उच्च गति वाले जल धुंध स्प्रे सिस्टम वाले वाहनों की खरीदी के लिए नगर निगम आयुक्त बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा है लगभग 50 लाख रुपए की लागत से आने वाले इस जल धुंध स्प्रेस सिस्टम से शहर में गर्मी से राहत देने मैं सफलता मिलेगी

तो वहीं अगर इस व्यवस्था में काम नहीं हो सकता तो फिर सिगनलों में इस तरह की स्प्रे लगाए जाएंगे जिससे गर्मी के दिनों में जब लोग सिग्नल पर खड़े हो तो उन्हें इस मिस्ट मशीन के माध्यम से गर्मी से थोड़ी राहत दी जा सके रायपुर में इस योजना पर काम शुरू हो गया है और इसके लिए टेंडर भी जारी हो चुके हैं बिलासपुर के जनप्रतिनिधि भी इसी तरह की पहल करने की मांग कर रहे हैं जिससे बिलासपुर को भी इस योजना से जोड़ा जा सके और इस तपिश भरी गर्मी से राहत दिलाई जा सके।

हीट वेव के दौरान इन बातों का ध्यान रखना ज़रूरी है खूब पानी और तरल पदार्थ पीते रहें। दोपहर 12 से 4 बजे तक घर से बाहर निकलने से बचें। हल्के रंग के कॉटन कपड़े पहनें और शरीर को ढककर रखें। लू से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। उसके शरीर पर गीला कपड़ा रखें और सिर पर सामान्य पानी डालें।

राज्य सरकार और जिला प्रशासन को भी अलर्ट रहने की ज़रूरत है, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। आमजन से अपील है कि अपने आसपास के लोगों, खासकर बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। गर्मी के इस मौसम में लापरवाही जानलेवा हो सकती है इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें।

## संपादकीय

### रील बनाने मौत को गले लगाते लोग

*मोबाइलों की उपयोगिता से इंकार न करने के बावजूद इसका खतरनाक स्तर तक दुरुपयोग सामने आ रहा है। उसके जरिये अपराध तो हो ही रहे हैं, लोग काम-धाम छोड़कर उनमें खोये रहते हैं। वाट्सएप, यू ट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म लोगों को व्यस्त रखते हैं। मोबाइल कैमरों से सेल्फी खींचने के अलावा लोगों का नया शौक रीलें बनाने का है। जहां भी देखें तो लोग रील बनाते दिखते हैं। इसका शौक इस कदर बढ़ रहा है कि लोग अपनी जान पर खेल कर रीलें बना रहे हैं। कई ऐसी भी घटनाएं होती है कि उन्हें बनाने न दिया जाये तो वे आत्महत्या तक कर रहे हैं।*

*पिछले साल फरवरी में छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल डीकेएस प्रबंधन ने 3 नर्सों को नौकरियों से बर्खास्त कर दिया है जो अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर में रीलें बनाकर सोशल मीडिया पर डालती थीं। तीनों बर्न विभाग की यूनिफॉर्म पहनकर फिल्मी गानों पर रीलें बनाती थीं जबकि उनकी ड्यूटी ऑपरेशन थियेटर में नहीं थीं। उन्हें कई बार इसके लिये मना किया गया था फिर भी वे बाज नहीं आती थीं। कई बार बर्न विभाग की प्रभारी सिस्टर तथा विभागाध्यक्ष ने प्रबंधन से उनकी शिकायत की थी। इन तीनों नर्सों-पुष्पा साहू, तेजकुमारी साहू व तृप्ति दासर द्वारा जब रीलें बनाना जारी रहा तो अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें बर्खास्त कर दिया। एक अन्य घटना भिलाई की है जहां रचना साहू नामक महिला का पति उसके द्वारा सारे वक्त मोबाइल के इस्तेमाल करने से परेशान रहता था क्योंकि वह घर के काम छोड़-छाड़कर पूरा समय मोबाइल पर व्यस्त रहती थी। वह अपनी रीलें सोशल मीडिया पर डालती रहती थी। उसका पति भूपेन्द्र मिस्त्री है जिसका पेशा टाइल्स का है। वह बार-बार उसे घर के कामों पर ध्यान देने के लिये कहता था। इसके चलते दोनों के बीच झगड़े होते थे। कुछ माह पहले की बात है, एक दिन उसके पति ने रचना का मोबाइल छीन लिया और अपने साथ लेकर काम पर चला गया। नाराज़ महिला ने पति के जाने के बाद उसने फांसी लगा ली।*

*ताजा घटना भिलाई की है। तीन नाबालिग हर्ष, जय और आदित्य आधी रात को निकले थे और शनिवार को बहुत सुबह मोटर साइकल पर सवार होकर रील बना रहे थे। हर्ष बाइक चला रहा था जबकि दोनों पीछे बैठे थे। रील बनाने हुए मोटर साइकल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पिकअप से टकरा गया। हर्ष व जय की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और आदित्य बुरी तरह घायल हो गया।*

*तीनों ही घटनाएं बतलाती हैं कि सोशल मीडिया पर दिखने का क्रेज़ ऐसा बढ़ चला है कि लोग, खासकर युवा इसके पीछे लगकर न केवल नौकरी खो रहे हैं बल्कि आत्महत्या कर रहे हैं और मौत को गले लगा रहे हैं।*

## सार-संक्षेप



### जीवन के किसी भी क्षेत्र में विकास के लिए आध्यात्मिकता आवश्यक-मंजू दीदी

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। हम सभी जानते हैं कि नशा करने से नुकसान ही होता है फिर भी हम नशा करते हैं, क्रोध करने से भी नुकसान होता है फिर भी हम क्रोध पर नियंत्रण नहीं रख पाते। नशे से धन तो व्यर्थ जाता ही है, संबंध भी बिगड़ते हैं और स्वास्थ्य भी हाथ से चला जाता है। हम इस मुख से राम का नाम लेते हैं और इसी मुख से नशे का सेवन करते हैं तो यह भगवान का अपमान है।

दीदी ने कहानी, उदाहरण एवं अन्य प्रेरणादायी वक्तव्य से नैतिक मूल्य, व्यावहारिक व जीवनपयोगी सीख दी। पुरुष के साथ महिलाओं को भी जीवन सुधार के लिए प्रेरित किया व आसन, प्राणायाम, ध्यान व आध्यात्मिक ज्ञान को दैनिक जीवन में अपनाने की बात कही। संगीतमय आसनों का भी अभ्यास कराया गया।

जिला पंचायत सदस्य दामोदर कान्त ने कार्यक्रम की सफलता के लिए ब्र.कु. मंजू दीदी, गायत्री बहन, पूर्णिमा बहन, प्रीति बहन एवं सभी आयोजक व सभी श्रोताओं का आभार किया।

कार्यक्रम के आयोजन एवं व्यवस्था में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय सदस्य राजकुमार सचदेव, ग्राम पंचायत लावर भोथीडीह के सरपंच चंदन कुमार कैवर्त, जनपद सदस्य कार्तिक पटेल, कार्यकर्ता जन - परसराम, राधेश्याम कैवर्त, फागूराम, डॉ.सुरेश, हरप्रसाद, जानकी नेताम, रामाधार, काशीराम, सूरज, रोहित, विरेन्द्र सहित अन्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ट्रांसफार्मर सुधारते वक्त युवक की करंट लगने से हुई मौत

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम



कर्रा में रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में युवक की करंट लगने से मौत हो गई। गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को सुधारने के प्रयास में युवक उसमें चढ़ा था, लेकिन अचानक करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलसकर नीचे गिर पड़ा। ग्रामीणों ने उसे अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बीते कुछ दिनों से गांव में बिजली की सप्लाई बंद थी, जिसे सुधारने के लिए युवक से मदद ली गई थी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चक्रधरपुर मंडल के मानिकुई व कुनकी सेक्शन में मेगा ब्लॉक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के मानिकुई व कुनकी सेक्शन के मध्य सीनी जंक्शन एवं चांडिल सेक्शन अप और डाउन लाइन में अधोसंरचना कार्य हेतु मेगा ब्लॉक लिया जायेगा। जिसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।

### रद्द होने वाली गाडियाँ

30 अप्रैल को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर- टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 1 मई को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाडियाँ

25 अप्रैल को बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22843



बिलासपुर-पटना जंक्शन एक्सप्रेस व्हाया राउरकेला जंक्शन, चक्रधरपुर, टाटानगर, पुरुलिया जंक्शन एवं जयचण्डी पहाड़ जंक्शन होकर चलेगी। 27 अप्रैल को पटना जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया जयचण्डी पहाड़ जंक्शन, पुरुलिया जंक्शन, टाटानगर, चक्रधरपुर एवं राउरकेला जंक्शन होकर चलेगी ।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।



साप्ताहिक जनदर्शन में आज तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खजुरीनवागांव के सरपंच एवं ग्रामवासियों द्वारा गांव में मीडिल स्कूल संचालन कराने संबंधी आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 से गांव में स्कूल भवन बना पड़ा है लेकिन अब तक मीडिल स्कूल संचालित नहीं हुआ है। स्कूली बच्चे प्राथमिक शाला की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए नेशनल हाईवे रोड से पैदल 6 किलोमीटर देवरी, सकरी जाते हैं कलेक्टर ने आवेदन डीईओ बिलासपुर को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत घुटकु के सरपंच एवं ग्रामवासियों ने पानी की समस्या दूर करने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। कलेक्टर ने आवेदन पीएचई विभाग के ईई को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

विकासखंड मस्तूरी के ग्राम लोहर्सी निवासी श्री ईश्वर डहरिया ने आवास निर्माण के समय बिजली खम्भा से होने वाली परेशानी से संबंधी आवेदन कलेक्टर को दिए। उन्होंने बताया कि बिजली का तार उनके घर के ऊपर से ही गुजर रहा है खम्भा गिरने से कभी भी हादसा हो सकता है। इस मामले को बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता ग्रामीण देखेंगे। विकासखंड बिल्हा के भैसबोड़ निवासी वेदराम बंजारे द्वारा उनकी 0.20 डिसमील जमीन को ऑनलाईन चढ़ाने संबंधी आवेदन कलेक्टर के समक्ष दिया गया है। इस मामले को एसडीएम बिल्हा देखेंगे।

27 खोली निवासी बिजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अपने दिव्यांग बच्चे का स्वामी आत्मानंद अंग्रजी माध्यम स्कूल में कक्षा यूकेजी में एडमिशन कराने कलेक्टर को आवेदन दिया। इस मामले को जिला शिक्षा अधिकारी देखेंगे। विकासखंड तखतपुर के ग्राम पंचायत कुरेली निवासी श्रीमती रामेश्वरी यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने कलेक्टर को आवेदन दिया गया। इस मामले को जिला पंचायत सीईओ देखेंगे। मोपका निवासी बिक्रम साय पैकरा द्वारा घर के नक्शा का नियमितिकरण कराने कलेक्टर को आवेदन दिया गया।

**मोर दुआर साय सरकार महाअभियान**

## प्रधानमंत्री आवास 2.0: अब तक 1 लाख से ज्यादा परिवारों का हुआ सर्वे

### 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से हितग्राहियो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर सर्वेक्षको के द्वारा आवास सर्वेक्षण को शत् प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए पात्र हितग्राहियों के सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसमें अब तक 1 लाख 13 हजार 764 परिवारों का सर्वे किया जा चुका है।

इसी क्रम में आज जिले के ग्राम पंचायत बहतराई मिट्ठू नवागांव, नवागांव सलका, करगीकला, सोनपुरी, चपौरा, चुरेली. दारसागर, पंडरापथरा पुरूवार घुटकू, निगारबद, रेल्हा, लमेर बेलटुकरी, विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा अन्तर्गत रैली दिवार लेखन, रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से सर्वे के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा सर्वे में नाम जुड़वाने के लिये




आवास प्लस सर्वे 2.0 एप के विषय में आम लोगों को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा लोगो को प्रधानमंत्री आवास योजना अन्तर्गत आयोजित विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा के चरणबद्ध कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है एवं सभी पात्र परिवारो को 30 अप्रैल 2025 के पूर्व अपना नाम सर्वे में शामिल कराने के लिये अवगत कराया जा रहा है।

मोर दुआर साय सरकार महाअभियान कार्यक्रम का दूसरा चरण - 20 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक कार्यक्रम का दूसरा चरण जारी है। जिसमें ग्राम नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक द्वारा प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभा आयोजित कर सर्वेक्षण की प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण करना है। सर्वेक्षक द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार का संतृप्ता के आधार पर शत प्रतिशत सर्वेक्षण करना है एवं सर्वेक्षित परिवारों के विवरण का ग्राम सभा में पठन एवं वाचन किया जाना है। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त विकासखण्ड के ग्राम पंचायतों में स्वसर्वे एवं सर्वेयर के माध्यम से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण कार्य जारी है।

ग्राम चपौरा की श्रीमती सीमा बाई करपे, ग्राम कर्रा की लता, ग्राम सारधा निवासी संतोषी ने पक्के मकान का सपना साकार करने अपना नाम भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास लाभ प्राप्त करने के लिये दर्ज कराया। आवास प्लस सर्वेक्षण 2.0 में सर्वेक्षक के द्वारा इनका सर्वे का कार्य किया गया। सर्व में नाम शामिल होने पर इनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी।

## सार-संक्षेप

### बालको को अवतार सिंह ने कहा अलविदा



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बालको के कॉरपोरेट अफेयर्स हेड अवतार सिंह ने इस्तीफा दे दिया। वहीं आई आर हेड का दायित्व अब विजय चंद्रा संभालेंगे। कम्पनी सूत्रों के अनुसार अवतार सिंह ने पहले ही इस्तीफा दे दिया था। 20 अप्रैल उनका आखिरी वर्किंग डे था।बताया गया है कि आज वे अपने नए दायित्व को सम्हालने रवाना भी हो गए है। अटकल है कि संभवत: वे देश की एल्यूमिनियम क्षेत्र की दिग्गज कंपनी हिंडाल्को को ज्वाइन कर सकते है। अभी बालको ने अवतार सिंह के पद पर किसी की नियुक्ति नहीं की है। इधर टाटा स्टील से आए विजय चंद्रा को प्रबंधन ने प्रमुख, औद्योगिक संबंध (हेडआईआर) की जिम्मेदारी दी है।

### हितग्राहियों को समय पर मिले पीएम आवास : महापौर



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा शहरी क्षेत्र में पीएम आवास का काम तेज करने के साथ गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। कोशिश यह हो कि हितग्राहियों को समय पर आवास का आबंटन किया जाना संभव हो सके। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित कराए गए आवासगृहों के शेष बचे निर्माण कार्यो को त्वरित रूप से पूरा कराएं।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दादर में निर्मित कराए गए आवासगृहों व परिसर का निरीक्षण किया। महापौर ने दादर बस्ती पहुंचकर वहॉं के नागरिकों से भेंट मुलाकात की, उनकी समस्याओं को जाना तथा समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राजपूत ने मॉं कंकालिन मंदिर के पीछे स्थित तालाब का निरीक्षण किया, बस्तीवासियों द्वारा तालाब की साफ-सफाई व सौदंर्यीकरण आदि की मांग को संज्ञान में लेते हुए उन्होंने कहा कि तालाब के मालिकाना हक का परीक्षण करा लें। स्वच्छता की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता गोयल सिंह विमल, पूर्व पार्षद दीपक यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

### राजधानी में कांग्रेस का प्रदर्शन, कोरबा के कार्यकर्ता हुए शामिल



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति और अपराधों में बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को राजधानी में सीएम हाऊस का घेराव किया। इस दौरान नारेबाजी भी की गई। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए। प्रदर्शन में कोरबा की भी भागीदारी रही। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, जिलाध्यक्ष नत्थूलाल यादव, नरेश चौहान, हरीश परसाई, गोरेलाल यादव, मधुसुदन दास, टीकाराम मनहर, संदीप डहरिया, विनोद राठिया, प्रमोद राठिया, प्रवीण ओगरे, सपना चौहान, शिव राय, विजय राठिया, संजय पटेल, जयकिशन पटेल, प्रभा सिंह तंवर, संतोषी पाटले, जमुना राठौर, आशा रजक, गौरव सिंह, राजेश महंत, ज्योति प्रभा एक्का, त्रिवेणी राठिया, चंद्रकांता, शकुंतला, बीपी सिंह, गीता, कवित्री, क्रांति मधुकर, समुंद बाई, लंबोदर सोनी, अनुपम कंवर, आरिफ खान, लंकेश्वर गभेल, इब्राहिम फारूखी और अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मलेशिया में कत्थक की प्रस्तुति करेगी अश्विका



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। ओड़िशा फेस्टिवल भारत संस्कृति यात्रा पुरी जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय ओड़िशा में 18 से 20 अप्रैल तक आयोजित इंडियन क्लासिकल डांस प्रतियोगिता में अश्विका साव ने कथक एकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अश्विका डीपीएस एनटीपीसी की कक्षा 7वीं की छात्रा है। अश्विका बचपन से ही विभिन्न प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। स्कूल स्तर, सामाजिक संस्था, निजी संस्था, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता, राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। अश्विका का बचपन से ही क्लासिकल डांस में लगाव एवं अभ्यास से विभिन्न प्रतियोगिता में विशेष उपलब्धि प्राप्त कर रही है। न केवल भारत के विभिन्न राज्य में अपना प्रदर्शन कर रही है बल्कि भारत से बाहर थाइलैण्ड, दुबई में कथक एकल में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। 22 मई से 26 मई मलेशिया में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने मलेशिया जा रही है। अश्विका लखनऊ घराने से कथक डांस सीख रही है। अपने गुरु रंजीत नायक एवं कुणाल दास से अपनी कथक नृत्य कला को नियमित रूप से अभ्यास कर रही है।

### जिला अस्पताल में छाछ वितरण आज

कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा के तत्वाधान में 22 अप्रैल को जिला चिकित्सालय कोरबा के प्रांगण में प्रचंड गर्मी को देखते हुये मरीजों के साथ आए सहयोगियों को छाछ का वितरण किया जाएगा। रेड क्रॉस सोसाइटी के सभी सदस्यों को उपस्थित रहने कहा गया है।

# विकलांग ट्रांसपोर्टर की निर्मम हत्या मामले में आरोपी सब एरिया मैनेजर के प्रमोशन पर उठे सवाल

कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। एसईसीएल के सरायपाली परियोजना के सब एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ हत्या के गंभीर मामले में गैर-जमानती धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने के बावजूद प्रमोशन और नई पदस्थापना मिलने से कोयला उद्योग और स्थानीय समुदाय में सवाल उठ रहे हैं। यह मामला 28 मार्च 2025 की रात कोरबा के पाली क्षेत्र में संचालित सरायपाली खुली खदान के पास हुई ट्रांसपोर्टर अनूप उर्फ रोहित जायसवाल की हत्या से जुड़ा है।

घटना में आपसी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई के चलते रोहित जायसवाल की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी।

पाली थाना में मृतक के भाई अनिल जायसवाल की शिकायत पर 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया, जिसमें 16वें आरोपी के रूप में सुरेंद्र सिंह चौहान का नाम शामिल है।

उन पर बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 और धारा 61(2)(ए) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत आरोप हैं। धारा 190 के तहत गैरकानूनी समूह के सदस्यों को समूह के अपराध के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाता है, और हत्या जैसे गंभीर अपराध में जमानत की संभावना कम होती है।

पुलिस के अनुसार, चौहान घटना के बाद से फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी है। इसके बावजूद, 15 अप्रैल 2025 को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से जारी 33 अधिकारियों की प्रमोशन सूची में चौहान को जनरल मैनेजर (ऑपरेशन) और स्टाफ ऑफिसर (पीएंडपी) के रूप में कुसमुंडा परियोजना में पदस्थ किया गया।

इस निर्णय ने एसईसीएल प्रशासन की नीयत और जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए हैं। मृतक के परिजनों का कहना है कि जब चौहान की भूमिका पर कोयला उद्योग, पुलिस, और राजनीतिक हलकों में चर्चा हो रही थी, तब उन्हें प्रमोशन देना नियमों की अनदेखी है।

# जमीन को भुईया पोर्टल में चढ़ाने 10 हजार की रिश्वत ली, पटवारी गिरफ्तार



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। एंटी करप्शन ब्यूरो ने पटवारी सुल्तान सिंह बंजारा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसके द्वारा किसान सुमार सिंह से जमीन ऑनलाइन चढ़ाने के बदले 10,000 रुपए की रिश्वत ले रहा था। किसान सुमार सिंह ने पटवारी के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत की थी, जिसके बाद एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने जाल बिछाया और पटवारी को दस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। पटवारी की पदस्थापना अजगरबहार तहसील में होना बताया जा रहा है। पटवारी सुलतान सिंह पसान क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर में जमीन के रिकार्ड को आनलाइन अपडेट करने के लिए 10 हजार रूपये की रिश्वत मांग रहा था। ग्रामीण ने इसकी शिकायत एसीबी में कर दी थी। कलेक्टर कार्यायल में पटवारियों का आज प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। ग्रामीण ने जब पटवारी को पैसे देने के लिए फोन किया, तब उसने कलेक्टर कार्यालय के बाहर ही उसे बुला लिया। जैसे ही किसान कलेक्टर कार्यालय के बाहर पटवारी को पैसे दे रहा था, तभी एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथों पैसे लेते धर दबोचा। इस बात की जानकारी मिलते ही राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया।

# गर्ल्स कॉलेज में डोम, वार्ड में कई कार्यों पर 1 करोड़ होंगे खर्च



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 75 लाख रूपये की लागत से सेल्फ सर्पोटेड डोम एवं किचन शेड का निर्माण कराया जाएगा। कई और कार्य भी आसपास के क्षेत्र में कराए जाएंगे। कुल 1 करोड़ 5 लाख इस पर खर्च होंगे। मिनीमाता कन्या महाविद्यालय प्रांगण में उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में भूमिपूजन व शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि कोरबा जिले में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। प्रदेश सरकार का सहयोग इस मामले में प्राप्त हो रहा है। सभी वर्गों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए कार्य हो रहा है। जहां जैसी जरूरत महसूस होगी प्रस्ताव के साथ काम कराए जाएंगे। महापौर संजूदेवी राजपूत ने भी अपनी बात रखी और विकास की प्रतिबद्धता जताई। बताया गया कि वार्ड क्र. 28 के अंतर्गत स्थित हेलीपेड के पास 18 लाख 68 हजार रूपये की लागत से विजिटर रूम का निर्माण होगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल एनसीडीसी में 6 लाख 30 हजार रूपये की लागत से साईकिल स्टैण्ड का निर्माण एवं वार्ड क्र. 28 अंतर्गत बुधवारी बाजार के समीप नगर पालिक निगम द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में आंतरिक विद्युतीकरण एवं शौचालय का निर्माण कार्य 5 लाख रूपये की लागत से किया जाना हैं। कार्यक्रम में सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, ममता यादव, सुनीता चौहान, सिमरनजीत कौर, मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर, अजय विश्वकर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, महाविद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह, प्रकाश अग्रवाल, शिवसिंह चंदेल, सुशील गर्ग, शैलेन्द्र सिंह पप्पी, सुमन सोनी, ज्योति वर्मा, विनय जायसवाल, पवन सिन्हा, अनिल वस्त्रकार, हेमंत माहुलिकर, धनपाल सौलंकी, पुनीराम साहू, रमा मिर्री, प्रीती चौहान, राखी तिवारी, अंजू चन्द्रा आदि उपस्थित थे।

# जनदर्शन में 70 आवेदन आए, होगा निराकरण

कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत ने आमनागरिकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को सम्बंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय-सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए हैं। जन दर्शन में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए।



कलेक्टर जनदर्शन में आज सीमांकन, पट्टा, खाता विभाजन, बिजली बिल,पीएम आवास,राशनकार्ड, प्राकृतिक आपदा की राशि,विद्युत ट्रांसफार्मर, उज्ज्वला कनेक्शन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम चिकनीपाली के लिटीयराम साहू ने खाता विभाजन, तिवरता के संजय कुमार ने काबिज भूमि को अपने नाम कराने, जमनीपाली के सुराजी दास ने बिजली बिल अधिक आने की शिकायत, मनकेश्वर चौहान ने पीएम आवास, ढोढ़ी पारा के संगीता ने रोजगार के लिए, अनिल कुमार चौधरी ने भूमि को भुइयां पोर्टल में दर्ज कराने, आवेदक मोहनलाल ने पोड़ी उपरोड़ा के कोठखर्रा में जमीन बेचने के नाम पर धोखाधड़ी करने, ग्राम रामाकछार के सरपंच ने आंगनबाड़ी तेलसरा, रामाकछार,नदियापार में नवीन भवन, प्राथमिक शाला सरापारा में अहाता निर्माण, पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम भैसामुडा की प्रमीला धनवार ने प्राकृतिक आपदा आर्थिक सहायता, ग्राम तेलसरा के पत्थर सिंह, गेवरा बस्ती के मंगलदास ने सीमांकन संबंधित आवेदन दिए। इसी तरह बालको की ज्योति वैष्णव ने उज्ज्वला गैस कनेक्शन, कथरी माल की कौशल्या ने ग्राम में ग्राम पंचायत भवन, राजू कुमार राजवाड़े ने पटवारी कार्यालय, पार्षद रवि चंदेल ने रेडी टू ईट के वितरण में धांधली, ग्राम डूमरडीह के राजकुमार यादव ने बैटरी सायकिल, ग्राम पंचायत ढोलपुर के पथरी ग्राम में मृत व्यक्ति के नाम पर स्वीकृत पीएम आवास में गड़बड़ी तथा गांव में सीसी रोड,तालाब में पचरी निर्माण का आवेदन किया।

# दो दमकल मिली जिले को, कैबिनेट मंत्री ने किया लोकार्पण



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जिले को दो नये आधुनिक अग्निशमन वाहन की सौगात मिली है। कलेक्टोरेट परिसर में आज दो नये अग्निशमन वाहन का लोकार्पण उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह कवंर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, पार्षद नरेन्द्र देवांगन एवं अन्य ने पूजा अर्चना कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आग लगने की आशंका को देखते हुए एवं आग से बचाव के लिये आधुनिक अग्निशमन वाहन की आवश्यकता थी।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि दुर्घटनाओं का कोई समय नहीं होता, हम सतर्कता एवं सावधानी से बहुत सी दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। आग लगने जैसी घटनाएं अचानक से घटती है, इस दौरान सबसे पहले फायर ब्रिगेड को ही याद किया जाता है। पर्याप्त संख्या में फायर ब्रिगेड उपलब्ध होने पर बड़ी दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में आसानी होती है। यह सौभाग्य है कि आज दो नये फायर ब्रिगेड कोरबा जिले को मिले हैं। इसका संचालन प्रशिक्षित होमगार्ड के जवान एवं नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नये वाहन प्राप्त होने से आगजनी की दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने में सुविधा होगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज कुमार, एसडीएम सरोज महिलांगे सहित होमगार्ड के जवान एवं आम नागरिक उपस्थित थे।

### अशोक संत का निधन



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आरएसएस नगर विस्तार कोरबा निवासी सेवानिवृत्त एसबीआई बैंक मैनेजर अशोक संत 76 वर्ष का निधन 21 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे निवास से पोड़ीबहार स्थित मुक्तिधाम को प्रस्थान करेगी। विभिन्न समाज ने उनके निधन पर दुख जताया है।

### क्षमता निर्माण कार्यशाला में जिले की होगी भागीदारी

कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पीएम अंतर्गत स्टेम शिक्षकों का क्षमता निर्माण कार्यशाला उच्च शिक्षण संस्थान के साथ मिलकर साइंस एवं टेक्नोलॉजी में दक्ष करने आईसर पुणे में 26 अप्रैल से आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यशाला समग्र शिक्षा एवं राज्य परियोजना छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित है। पीएम श्री के राज्य समन्वयक आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल को उक्त प्रशिक्षण हेतु पुणे प्रस्थान करेगी।

# सुराज तिहार की मांगों के आवेदन एक सप्ताह में करें पूरा



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि सुशासन तिहार 2025 के तहत विभिन्न शिकायतों व मांग से संबंधित आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही एलर्ट मोड पर रह कर करें तथा समाधान शिविरों के आयोजन से पूर्व शत प्रतिशत आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शिकायतों से संबंधित प्रकरणों पर निराकरण की त्वरित कार्यवाही करें व मांग संबंधी आवेदनों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यप्रक्रिया एक सप्ताह के अंदर पूरी कराया जाना सुनिश्चित करें।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के जोन कमिश्नरों, प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत नागरिकों द्वारा विभिन्न मांग व शिकायतों के संबंध में प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों पर की जा रही निराकरण की कार्यवाही की वर्तमान कार्यप्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला जोन में विषयवार प्राप्त आवेदनों की जोनवार व विषयवार समीक्षा की। बैठक के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभिंयता सुरेश बरूवा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, जोन कमिश्नर भूषण उरांव, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, एन.के.नाथ, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, अजीत तिग्गा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, रमेश सूर्यवंशी आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जैन मंदिर को किया ध्वस्त, नाराज समाज ने पीएम तक पहुंचाई बात



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मुंबई के विले पार्ले में 30 वर्ष पुराने जैन मंदिर को बिना किसी न्यायिक आदेश के महानगर पालिका के द्वारा ध्वस्त करने से भारत का समस्त जैन समाज आक्रोशित है। समाज ने धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों की उपेक्षा बताते हुए इस घटना का विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है। जैन समाज ने इस मामले में दोषी अधिकारियों व कर्मियों पर कार्यवाही की भी मांग की। जैन समाज ने आरोप लगाया कि एक व्यक्ति द्वारा उक्त मंदिर के सामने मांस एवं मद्य की दुकान खोलने का प्रयास किया गया, जिसका स्थानीय जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण विरोध किया गया। इसके पश्चात, कथित रूप से राजनीतिक दबाव के माध्यम से बीएमसी ने यह दुर्भाग्यपूर्ण कार्यवाही की। इस प्रकार की घटनाएँ धर्मनिरपेक्ष भारत की मूल भावना के सर्वथा विपरीत हैं। समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन ने इससे पहले सम्मेत शिखर और श्रवण बेलगोला सहित कुछ स्थानों पर जैन समाज के आचार्यों के साथ हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि यह सब क्या है। उन्होंने कहा है कि जैन समाज सहिष्णु जरूर है लेकिन जिस प्रकार की घटनाएं हो रही है, उसका जवाब देना भी जानता है।

### मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन का जिम्मा कोरबा को



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य बैडमिंटन संघ की वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। वार्षिक बैठक में विभिन्न एजेंडे पर चर्चा हुई, साथ ही इस वर्ष होने वाले सभी वर्गों की राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए कैलेंडर जारी किया गया। बैठक में छत्तीसगढ राज्य बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा व समस्त जिला पदाधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मौजूदगी दर्ज कराते हुए कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (केडीबीए) की ओर से अध्यक्ष अशोक शर्मा एवं सचिव गोपाल शर्मा ने कोरबा का प्रतिनिधित्व किया। बैठक में अनेक महतवपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न आयु वर्ग की राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर जिम्मेदारियों का आबंटन किया गया। इसी कड़ी में पुन: कोरबा में वर्ष 2025-26 की मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता (35 वर्ष -70 वर्ष) की मेजबानी कोरबा जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (केडीबीए) को मिली है। यह पांच दिवसीय प्रतियोगिता अगले वर्ष एक से 5 फरवरी 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।

# नियम तोड़ने पर 72 वाहनों को लॉक किया ट्रैफिक पुलिस ने



कोरबा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरबा शहर में नो पार्किंग स्थलों पर मनमाने तरीके से वाहन खड़ा करना अब महंगा पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस ने 72 वाहनों को इस कड़ी में लॉक कर दिया। इसी क्रम में विगत दो दिनों के दौरान यातायात पुलिस द्वारा टीपी नगर, राताखार, सीएसईबी चौक,ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े कुल 72 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 21,600 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। यह अभियान आगे भी शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत रूप से जारी रहेगा। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा टीपी नगर, राताखार, सीएसईबी चौक,ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य प्रमुख क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस दौरान नो पार्किंग में खड़े कुल 72 वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 21,600 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है। यह अभियान आगे भी शहर के अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत रूप से जारी रहेगा।

# सार-संक्षेप

## दलहन-तिलहन की खेती से किसानों की आय दुगुनी करने कलेक्टर का आह्वान



**कोरिया,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कोरिया जिले में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने परंपरागत धान की खेती की जगह दलहन एवं तिलहन फसलों जैसे मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, सरसों एवं मक्का के रकबे को बढ़ाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि इन फसलों से न केवल किसानों को बेहतर आमदनी होगी, बल्कि पोषण और मिट्टी की गुणवत्ता भी सुधरेगी। कलेक्टर त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करें और इन लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार किसानों को उचित बाजार उपलब्ध कराएगी और समर्थन मूल्य पर खरीदी की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल 2025-26 के तहत जिले में तिलहन उत्पादन को प्राथमिकता देने की बात कही। तिलहन फसलों का रकबा बढ़ने पर जिले में तेल मिल की स्थापना का भी प्रयास किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण और रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जैविक खेती को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, क्योंकि उपभोक्ताओं में अब जैविक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इससे किसानों को बेहतर दाम, उपजाऊ जमीन और स्वस्थ समाज का लाभ मिलेगा। बैठक में खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण और वितरण व्यवस्था की निगरानी के निर्देश दिए गए। फसल बीमा योजना के ऑप्ट आउट विकल्प के सफल क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। वनाधिकार पट्टाधारी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जोड़ने के लिए पोर्टल पर नियमित पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही मिलेट्स (श्री अन्न) की खेती को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया। कलेक्टर ने बताया कि बीज उत्पादन के क्षेत्र में कोरिया जिला, सरगुजा संभाग में प्रथम स्थान पर है, जो जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने अधिकारियों से राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए और अधिक परिश्रम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कृषि, मत्स्य, पशुपालन, सहकारिता विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने राष्ट्रीय मिशन के तहत वैल्यू चेन पार्टनर हेतु आवेदन आमंत्रित

**एमसीबी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला अंतर्गत रष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु योग्य एफपीओ एवं सहकारी समितियों से वैल्यू चेन पार्टनर बनने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के अंतर्गत किसानों के चयन से लेकर मृदा परीक्षण, बीज वितरण, फसल प्रदर्शन, प्रशिक्षण, फार्म स्कूल संचालन, सलाहकार सेवाओं का प्रसार और अंत में उत्पाद के मूल्य संवर्धन व विपणन तक की संपूर्ण प्रक्रिया में सहभागिता की जिम्मेदारी इन्हीं पार्टनरों को सौंपी जाएगी।

इन कार्यों के संचालन हेतु पात्र संस्थाओं को योजना में निर्धारित प्रावधानानुसार वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाएगी। वैल्यू चेन पार्टनर बनने के लिए इच्छुक एफपीओ अथवा सहकारी समितियों को कुछ पात्रता शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। इसमें कम्पनी अधिनियम या सहकारिता अधिनियम के तहत पंजीकरण संबंधित जिले में कम से कम तीन वर्षों का कार्यानुभव संस्था में न्यूनतम 200 पंजीकृत कृषकों की भागीदारी, पिछले तीन वर्षों में औसत वार्षिक कारोबार नौ लाख रुपए से अधिक और किसानों द्वारा संस्था में कम से कम तीन लाख रुपए की इक्विटी निवेश की अनिवार्यता शामिल है। ऐसी संस्थाएं जो उपरोक्त सभी मापदंडों को पूरा करती हैं, वे 23 अप्रैल को सायं 5ः30 बजे तक कार्यालय उप संचालक कृषि, बंगला स्कूल, इंदिरा गांधी पार्क के पास, झगराखांड, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के पते पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

एमसीबी, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 में संशोधित प्रावधान के अनुसार, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के परिशिष्ट-1 की कंडिका-6(क)(1) के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत करने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वार्ड नं0 8 खोंगापानी तहसील मनेन्द्रगढ़ में सर्वेश की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने के कारण हो गया था जिससे उनके पिता रवीन्द्र कुमार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, दिलीप कुमार पिता धरमसाय निवासी ग्राम छिपछिपी तहसील मनेन्द्रगढ़ की मृत्यु जहरीले सर्प के काटने के कारण हो गया था जिससे मृतक के पिता धरमसाय को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार मनेन्द्रगढ़ तहसील के ग्राम हस्तिनापुर निवासी लक्ष्मनिया की पानी में डूबने से हुई मृत्यु हो जाने पर उनके पति दल प्रताप सिंह को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। उपरोक्त स्वीकृत राशि का व्यय मांग संख्या-58 मुख्य शीर्ष-2245 प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकलनीय होगा।

## नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय को प्राप्त हुई नई फायर वाहन

**अम्बिकापुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर सेना एवं अग्निशमन कार्यालय अम्बिकापुर परिसर में रविवार को अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से प्राप्त हुई नई फायर वाहन को अम्बिकापुर के विधायक राजेश अग्रवाल, नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं सभापति हरविंदर सिंह, पार्षद आलोक दुबे के द्वारा संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय, जिला सेनानी एस. के. कठुतिया, उपनिरीक्षक संजय कुमार गुप्ता, संभाग से आये सभी जिलों के नगर सैनिकों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

नगर सेना अम्बिकापुर के जिला अग्निशमन अधिकारी एवं जिला सेनानी ने बताया कि अब नगर सेना अग्निशमन विभाग में 5 बड़ी फायर वाहन एवं 2 छोटी फायर वाहन मिलाकर कुल 7 फायर वाहन, शहर की आग बुझाने के लिये हो चुकी है। नई वाटर टेंडर फायर गाड़ी 6000 लीटर क्षमता की है। वाहन के साथ बीए सेट, होज, ब्रांच एवं अन्य आवश्यक उपयोगी सामान भी प्राप्त हुए हैं जो रेस्क्यू कार्य के समय उपयोगी साबित होंगे।

## बाल संरक्षण इकाई में भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**एमसीबी,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जिला बाल कल्याण संरक्षण इकाई किशोर न्याय बोर्ड और बालक कल्याण समिति में संविदा पदों की नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग, नवा रायपुर द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में कुल 18 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

# रेल लाइन पार करते नजर आया गजराजों का दल

### आधे दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को किया गया अलर्ट



रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में रविवार की शाम जंगली हाथियों के एक दल को रेल लाइन पार करके रिहायशी इलाकों में घुसते हुए देखा गया है। जिसके बाद से आधे दर्जन से अधिक गांव में अलर्ट जारी करके ग्रामीणों को जंगल नही जाने की अपील की गई है। मामला धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत आने वाले आमगांव परिसर के 368 आरएफ में विचरण कर रहे जंगली हाथियों का दल को रेल लाइन पार करके 369 आरएफ बायसी परिसर की ओर बढ़ते हुए देखा गया है। जिसके बाद से वन विभाग की टीम एवं हाथी मित्र दल के सदस्य उस क्षेत्र के प्रेमनगर, दुलियामुड़ा, कोयलार, बीजापतरा के अलावा आसपास के अन्य गांव के ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में जंगली हाथियों के विचरण की जानकारी देते हुए किसी भी हाल में जंगल की तरफ नही जाने की अपील की गई है।

विदित रहे कि धरमजयगढ़ वन मंडल में इन दिनों सौ से अधिक जंगली हाथियों का दल अलग-अलग दलों में अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहा है। वन विभाग के अलावा हाथी मित्र दल के सदस्य भी लगातार हाथियों के हर मूवमेंट पर नजर रखते हुए लगातार गांव-गांव पहुंचकर लोगों को अलर्ट करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं।

# अवैध शराब के विरुद्ध कोतरारोड़ पुलिस की लगातार कार्रवाई

### नंदेली में पकड़ी गई 90 लीटर अवैध शराब, दो आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज



रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देश पर जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और डीएसपी सुशांतो बनर्जी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा अपने समस्त बीट आरक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 19 अप्रैल को बीट आरक्षक से ग्राम नंदेली में अवैध शराब बिक्री की सूचना प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गांव में दबिश दी।

19 अप्रैल को दोपहर के समय थाना प्रभारी त्रिपाठी के नेतृत्व में एसआई कुसुम कैवर्त, एएसआई देव प्रसाद चैहान और हमराह स्टाफ ने ग्राम नंदेली में भ्रमण कर ग्रामीणों से समस्याएं सुनीं और इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुभरन निषाद (उम्र 74 वर्ष) और बन्धन चैहान (उम्र 60 वर्ष, पिता गरीब चैहान) के घरों में दबिश दी गई। शुभरन निषाद के घर से 15-15 लीटर और 5 लीटर के प्लास्टिक जरीकेनों में भरकर रखी गई कुल 70 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 7,000 रुपये है, बरामद की गई। वहीं बन्धन चैहान के घर से 20 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 2,000 रुपये, जब्त की गई। दोनों के विरुद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग मामले पंजीबद्ध किए गए हैं। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, एएसआई डीपी चैहान, प्रधान आरक्षक जयप्रकाश सूर्यवशी, आरक्षक संदीप कौशिक, राजेश खाण्डे, शिवानंद प्रधान, संजय केरकेट्टा, दिलीप सिदार तथा महिला आरक्षक श्यामा सिदार की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस ने गांव में मुनादी कराकर लोगों को अवैध शराब के कारोबार से दूर रहने की चेतावनी दी और दोहराया कि इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे एक दिन पूर्व 18 अप्रैल को भी पुलिस ने नंदेली निवासी सबीना सारथी पति सीताराम सारथी (उम्र 35 वर्ष) के घर दबिश देकर 4 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की थी, जिस पर धारा 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस की लगातार कार्रवाई से गांव में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति है और कोतरारोड़ पुलिस ने यह संकेत स्पष्ट कर दिया है कि अवैध कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण

### आरोपी को पुलिस ने यूपी से किया गिरफ्तार



रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाकर पीड़िता को मारपीट कर भगा देने वाले आरोपी को पुलिस ने पीडिता की शिकायत के बाद यूपी से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया था कि वर्ष 2023 में आरोपी चंदू यादव से परिचय हुआ था, जब वह रायगढ़ में किराए के मकान में रह रहा था। मई 2023 से आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उसे सम्बलपुर (ओडिशा) ले गया। अगस्त 2024 में मारपीट कर उसे वहां से भगा दिया और खुद आसनसोल चला गया। फरवरी 2025 में आरोपी ने अपने गांव में शादी करने की बात कही, लेकिन रिपोर्ट करने पर पीड़िता को आपत्तिजनक फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी।

पीड़िता के आवेदन पर महिला थाना रायगढ़ में धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपिका निर्मलकर ने समूची घटना से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। एसपी के निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश में उत्तर प्रदेश भेजा गया, जहां से उसे अभिरक्षा में रायगढ़ लाया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# तराईमाल के अपना ढाबा व गेरवानी डीपापारा में पूंजीपथरा पुलिस की अवैध शराब पर कार्रवाई

### अंग्रेजी और महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूंजीपथरा पुलिस ने आज दो अलग-अलग गांवों में कार्यवाही की गई।

### तराईमाल अपना ढाबा में अंग्रेजी शराब की जप्ती

पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तराईमाल स्थित ष्अपना ढाबाष् में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री हेतु रखी गई है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी, जहाँ नारायण निषाद (उम्र 30 वर्ष), निवासी उज्जलपुर थाना पूंजीपथरा को पकड़ा गया।

तलाशी के दौरान उसके पास से एक नीले रंग के झोले में रखी 29 नग गोवा स्पेशल विस्की (180उस प्रति शीशी) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 5220 उस व अनुमानित कीमत 3,480 बताई गई है।



### गेरवानी डीपापारा से देशी महुआ शराब जब्त

ग्राम गेरवानी डीपापारा में भी पुलिस को अवैध शराब की बिक्री की सूचना मिली। दबिश के दौरान सत्येन्द्र राम (उम्र 32 वर्ष) के घर से लगभग 06 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पूंजीपथरा पुलिस की यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी। दोनों कार्रवाई में उप निरीक्षक विजय एक्का, सहायक उप निरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक जगीत सिंह राठिया, आरक्षक विक्रम कुजूर, अदिकांत प्रधान, हेमसागर पटेल शामिल थे।

# धरमजयगढ़ पुलिस का जनचौपाल

### ग्राम खम्हार और मिरीगुड़ा ग्रामीणों को अपराध,

### साइबर ठगी व यातायात नियमों पर किया जागरूक



रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम खम्हार और मिरीगुड़ा में पुलिस जन चैपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपराध, साइबर ठगी, नशा, व यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ने चैपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और समाधान के सुझाव दिए। इसके साथ ही शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और जनता के बीच समन्वय को मजबूत करने की बात कही गई। जन चौपाल में यातायात नियमों का पालन कृ हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील। नाबालिगों से जुड़े अपराध कृ पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई, जिससे लोग सतर्क रहें और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साइबर क्राइम से बचाव कृ डिजिटल अरेस्ट, फेक लिंक, अनजान कॉलध्रिक्वेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की समझाइश। अवैध शराब बिक्री पर रोकथ्कृ अवैध शराब न बेचने और नशे में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत। संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को दें कृ गांव में अजनबी, फेरीवाले या सोना-चांदी चमकाने के बहाने घूम रहे लोगों की सूचना पुलिस को देने की अपील। ठगी से बचाव कृ ग्रामीणों को सस्ते सामान या लालच में आकर ठगों के झांसे में न आने की सलाह दी गई। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और आश्वासन दिया कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देंगे। थाना प्रभारी द्वारा स्वयं का और बीट आरक्षकों का संपर्क नंबर भी ग्रामीणों से साझा किया गया। थाना प्रभारी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम और सतत पेट्रोलिंग के माध्यम से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। पुलिस टीम ग्रामीणों तक पहुंचकर सीधे संवाद कर रही है ताकि अपराधों को जड़ से रोका जा सके।

## गबन के मामले में फरार चल रहे तीन स्थायी वारंटी गिरफ्तार

रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन पर जिलेभर में फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चक्रधरनगर पुलिस को वर्ष 2023 में दर्ज गबन के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।



पुलिस ने ग्राम कलमीडीपा जुर्डा के निवासी प्यारेलाल संवरा (पिता श्रीधर संवरा, उम्र 46 वर्ष), सुनील कुमार भोय (पिता जेरकु भोय, उम्र 29 वर्ष) और श्याम मिंज (पिता धर्म सिंह, उम्र 35 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध स्थायी वारंट न्यायालय से जारी हुआ था, जिनकी तलाश पुलिस लंबे समय से कर रही थी। विशेष अभियान के तहत तीनों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया।

इस वारंटी पकड़ अभियान में एसआई गेंदलाल साहू, प्रधान आरक्षक संतोष कुर्रे, आरक्षक अभय यादव और चंद्र कुमार बंजारे की सक्रिय भूमिका रही। चक्रधरनगर पुलिस की इस कार्रवाई से फरार आरोपियों के खिलाफ चल रहे सघन अभियान को बल मिला है, यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## टी-20 में रायगढ़ की शानदार सफलता तीनों मैंच जीतकर पहुंची सेमीफाईनल



रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला क्रिकेट संघ के निर्देशन में रायगढ़ के क्रिकेट खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। जिसमें सीनियर टी-20 क्रिकेट में रायगढ़ अपने लीग के तीनों टी-20 मैंच जीतकर सेमीफाईनल में जगह बना ली है। जिला क्रिकेट संघ सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि प्लेट ग्रुप का छत्तीसगढ़ के जिलों के बीच टी-20 टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें रायगढ़ डी के अंतर्गत शामिल है।

रायगढ़ ने अपना पहला मैच धमतरी को 29 रन से हराया। दूसरा मैच राजनांदगांव को 37 रनों से और तीसरा मैच कोरबा को 28 रनों से पराजित कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली बार जिले की टीम टी-20 प्रतियोगिता में सेमीफाईनल पहुंची हैं। जिससे टीम में काफी उत्साह दिखाई पड़ रहा है। इस जीत पर अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### अमित व राहुल का बल्ला चमका

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम के कप्तान अमित कुंवर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले मैच में 37 व दूसरे मैच में शानदार शतक बनाकर टीम को जीत दिलाई। वहीं बल्लेबाज राहुल नायक ने विरोधी गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुए तीनों ही मैच में शानदार अर्धशतक बनाए। पहले मैच में 57, दूसरे मे 91 व तीसरे मे 54 रनों का योगदान दिया।

## धरमजयगढ़ में प्रशासन का अपराधी संरक्षण एक महिला की चीख को दबाने का काला खेल

रायगढ़ 21 अप्रैल (देशबन्धु)। यह एक असहाय महिला का दर्द नहीं, यह पूरे सिस्टम का झूठा चेहरा है, जो हर बार तब तक सोता रहता है, जब तक खुद पर कोई विपत्ति न आ जाए! राधाबाई, ग्राम पंचायत कुमा की एक महिला, दूसरे साल भी न्याय की दरवाजे पर दस्तक दे रही हैं लेकिन जवाब सिर्फ निराशा और सिस्टम की संवेदनहीनता है।

7 सितंबर 2024 को राधाबाई ने कापू थाना में शिकायत की, जिसमें बताया कि सुखीराम सारथी नामक दबंग ने उनके घर पर जबरन कब्जा कर लिया, उसे तोड़ा, और खुलेआम धमकी दी दृ ष्अब तेरा यहां कुछ नहीं चलेगा!ष् क्या यह कोई सामान्य मामला था? नहीं!

यह एक बेबस और असहाय महिला का जीवन और घर छीनने की साजिश थी, जो हर किसी की आंखों के सामने घटित हो रही थी, और पुलिस प्रशासन ने आंखें मूंद लीं। शिकायत के बाद महीनों बीत गए, लेकिन कापू थाना ने कोई कदम नहीं उठाया। क्या यह केवल राधाबाई का मामला था, या इस सिस्टम में किसी भी गरीब और असहाय व्यक्ति का न्याय एक सपना बनकर रह गया है? क्या यह साबित नहीं हो रहा कि कानून और प्रशासन, रसूखदारों और दबंगों के इशारों पर नाच रहे हैं?

हाल ही में राधाबाई महुआ बीनने गईं, लेकिन तभी सुखीराम और उसके परिवार ने उनके सारे महुआ छीन लिए। क्या यह एक साधारण चोरी है या यह किसी महिला की आत्म-सम्मान और मेहनत का अपमान है? क्या इस देश में किसी गरीब और असहाय की मेहनत की कोई कीमत नहीं है?

## सार-संक्षेप

### प्रथम राज्य स्तरीय गोल शॉट बाल प्रतियोगिता में विवेकानंद विद्यालय ने मारी बाजी

जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रथम महिला एवं पुरुष गोल शॉट बाल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जांजगीर में अघोराचार्य बाबा कीनाराम विद्यापीठ पेंडरी जांजगीर में आयोजित हुआ। गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ जांजगीर चांपा के सचिव धर्मेंद्र पटेल एवं गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी गौरव कटकवार के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता संपन्न हुआ, जिसमें पूरे राज्य से 7 पुरुषों की एवं 4 महिला की टीम प्रतियोगिता में भाग ली।

पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान विवेकानंद विद्यालय जांजगीर के खिलाड़ी ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान जांजगीर गोल शॉट बाल एकेडमी के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान राजनांदगांव फेडरेशन ने प्राप्त किया व चतुर्थ स्थान अकलतरा गोल शॉट बाल अकादमी ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में प्रथम स्थान जांजगीर गोल शॉट बाल अकादमी ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान अकलतरा के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान कोरबा जिला ने प्राप्त कर अपने जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला जांजगीर पुलिस बल के नरेंद्र जांगड़े थे, जिनके हाथों से उद्घाटन व खिलाड़ियों की पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने का कार्य गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट अमन कुमार साहू , गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के कोषाध्यक्ष कुसुम साहू एवं धर्मेंद्र पटेल, सह सचिव निर्णायक के रूप में आयुष राठौर और प्रहलाद कुम्हार रहे।

### दृष्टिबाधित बच्चों को किया गया मोबाईल, की बोर्ड, हेडफोन एवं ओटीजी का वितरण



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। समग्र शिक्षा, समावेशी शिक्षा अंतर्गत दृष्टिबाधित बच्चों के विकास हेतु जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे द्वारा दृष्टिबाधित छात्र-छात्रायें बलौदा की ईशा कुर्रे, अकलतरा के जय सोनवानी एवं मालखरौदा की दिलेश्वरी पटेल को मोबाईल, की बोर्ड, हेडफोन एवं ओटीजी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजकुमार तिवारी, सहायक कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार सोनवान, हरीराम जायसवाल, योगेश चौहान एवं विकासखण्ड स्त्रोत व्यक्ति (समावेशी शिक्षा) श्रीमती मारिया एक्का उपस्थित थे। जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा राजकुमार तिवारी ने बताया कि उक्त तीनों छात्र-छात्रायें 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के द्वारा आयोजित एंड्राइड मोबाइल प्रशिक्षण में रायपुर में उपस्थित होगे।

### सारागांव पुलिस की कार्रवाई 15 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सारागांव पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश में यह कार्रवाई की गई। थाना सारागांव पुलिस को सूचना मिली थी कि परसापाली क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी संजय कमलाकर (उम्र 43 वर्ष), निवासी परसापाली, को पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब, जिसकी कीमत लगभग 5000 रुपए आंकी गई है, बरामद की है। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सारागांव में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सावन कुमार सारथी एवं सारागांव थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अकलतरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही 40 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के अभियान के तहत अकलतरा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 39.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्यवाही की गई। अकलतरा थाना प्रभारी निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय के नेतृत्व में की गई इस रेड कार्यवाही में जोगेन्द्र सिदार उर्फ भूरू सिदार (उम्र 28 वर्ष, निवासी खटोला, थाना अकलतरा) के कब्जे से 9.5 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं बिक्री की राशि 200 रू बरामद की गई। वहीं गोपाल (उम्र 25 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 16, अकलतरा) के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब और 500 रू नगद जब्त किए गए। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करते हुए 21 अप्रैल 2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक बी.एल. कोसरिया, सउनि अशोक कश्यप, प्रआर. अवधेश तिवारी, आर. भूषण राठौर, सोमेश शर्मा, शेषनारायण साहू, गौकरण राय, ओंकार मरावी और म.आर. अंजना लकड़ा का योगदान रहा।

# बढ़ती गर्मी से बढ़ी बिजली की मांग, लोड से जल रहे ट्रांसफार्मर



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी ने जिले में बिजली खपत के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अप्रैल माह में ही शहर में बिजली की मांग में 20 प्रतिशत तक का इजाफा दर्ज किया गया है। हर दिन लगभग 8 मेगावॉट तक बिजली की खपत हो रही है, जिससे बिजली वितरण प्रणाली पर भारी दबाव पड़ रहा है। खासकर ट्रांसफार्मर इस लोड को झेल नहीं पा रहे हैं और लगातार फेल हो रहे हैं।

पिछले तीन माह में शहर में लगभग 77 ट्रांसफार्मर जल चुके हैं या फेल हो चुके हैं। ट्रांसफार्मरों की क्षमता से अधिक लोड पड़ने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। गर्मी से राहत पाने के लिए दिन-रात कूलर और एसी का उपयोग तेजी से बढ़ा है। अब अधिकांश घरों में एसी लगे हुए हैं, और कई घरों में तो दो से तीन एसी तक चलाए जा रहे हैं। इससे बिजली की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है।

### बिजली का लोड बढ़ रहा है

एसी के अत्यधिक उपयोग से जहां बिजली का लोड बढ़ रहा है, वहीं इनके आउटडोर यूनिट से निकलने वाली गर्म हवा से वातावरण का तापमान भी और अधिक बढ़ रहा है। यह स्थिति शहर के तापमान को और अधिक गर्म बना रही है। साथ ही, शहरीकरण के चलते पेड़ों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। हरियाली की जगह अब कंक्रीट की इमारतें और दुकानें अधिक दिखाई दे रही हैं।

मांग और आपूर्ति के असंतुलन

पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने और बढ़ते तापमान के कारण समस्या और भी गंभीर हो रही है। बिजली विभाग लगातार ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य कर रहा है, लेकिन मांग और आपूर्ति के असंतुलन को देखते हुए स्थिति आने वाले दिनों में और विकट हो सकती है। जरूरत है कि लोग बिजली की समझदारी से खपत करें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी कदम उठाएं।

### बिजली की खपत बढ़ने के साथ ही लो वोल्टेज की भी समस्या

बिजली की खपत बढ़ने के साथ ही लो वोल्टेज की भी समस्या कहीं-कहीं देखने को मिल रही है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां आमतौर पर कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगे हैं ऐसे कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिसके चलते कलर और पंखों की धीमी गति से गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। बिजली के कई उपकरण भी कम वोल्टेज के चलते काम नहीं कर रहे हैं। अभी यह समस्या विकराल नहीं हुई है लेकिन आने वाले समय में बिजली की खपत और बढ़ने पर यह खासी परेशानी पैदा कर सकती है।

### 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार डभरा पुलिस की कार्यवाही



डभरा, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चंद्रपुर डभरा अंजली गुप्ता के द्वारा क्षेत्र में हो रहे अवैध जुओं सट्टा शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिए गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी डभरा के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। 20 अप्रैल 2025 को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सुखापाली मे एक व्यक्ति भारी मात्रा में बिक्री करने हेतु हाथ भट्टी से बना कच्ची महुआ शराब रखा है की सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर मुखबिर के बताए स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी खुशराम कुर्रे पिता मानसाय कुर्रे उम्र 37 वर्ष साकिन सुखापाली थाना डभरा के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर 20 अप्रैल 2025 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डभरा निरीक्षक कमल किशोर महतो के नेतृत्व में प्र. आर. मिथुन सुल्तान, आरक्षक हरिहर सिंह, लक्ष्मीकांत उरांव, एकेश्वर चन्द्रा, म. आक्षक मालती बघेल का विशेष योगदान रहा।

## क्रिकेट केवल खेल नहीं, एक बड़ा व्यायाम भी है-राजकुमार साहू

### बुड़ेना में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। बुड़ेना गांव में बीसीसी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। फाइनल मुकाबला बुड़ेना और भैंसदा टीमों के बीच खेला गया, जिसमें भैंसदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू और जनपद सदस्य श्रीमती त्रिवेणी राजू कश्यप उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती रेखा देवी झालरिया ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच सुनील कुमार सिंह राणा, क्रांति कुमार सिंह, विद्यानंद पंच, रामप्रसाद कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। फाइनल मैच में भैंसदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 113 रन बनाए। जवाब में बुड़ेना की टीम 80 रन ही बना सकी, जिससे भैंसदा ने मुकाबला जीत लिया। मैच के संचालन में विजय यादव ने शानदार भूमिका निभाई। कमेंट्री नुपेंद्र सिंह और खगेश कुमार ने की, जबकि अंपायर की भूमिका डाकेश्वर कश्यप व सत्यम कश्यप ने निभाई। मुख्य अतिथि राजकुमार साहू ने कहा क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, एक बड़ा व्यायाम भी है। इससे शरीर फिट रहता है और स्वास्थ्य बेहतर होता है। हमें खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजनों को बढ़ावा देना चाहिए। इस प्रतियोगिता में करीब 28 गांवों की टीमों ने भाग लिया। विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा, और खेल प्रेमी उपस्थित रहे

## गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और गौ पालन के प्रति लाएं जागरूकता-विशेषर सिंह पटेल

### छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ली बैठक




सक्ती/जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने आज कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन सहित संबंधित विभागों की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में बैठक ली। बैठक में उन्होंने गौ संरक्षण, गौ संवर्धन, गौ उत्पाद और हर घर गौ पालन के प्रति जागरूकता लाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग, पंचायत विभाग, नगरीय निकाय सहित सभी संबंधित विभागों को जमीनी स्तर पर गाय के विभिन्न महत्व को बताते हुए आमजन को जागरूक करने कहा।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री पटेल द्वारा बैठक में गौ माता के विभिन्न महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने गायों के लिए आश्रय स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विभागीय अधिकारी कर्मचारी और स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से भी जन-जन को जमीनी स्तर पर गाय के महत्व को समझाने और जागरूक करने कहा। उन्होंने पुलिस विभाग को गायों की तस्करी पर विशेष निगरानी रखते हुए इसे रोकने के लिए सजगता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौ सेवा के लिए सक्ती जिले में बेहतर कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, पशु चिकित्सा विभाग, नगरीय निकाय, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, गौ शाला संचालनकर्ता, गौ सेवक सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

### डभरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई




जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। डभरा पुलिस ने ग्राम सुखापाली में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

डभरा थाना प्रभारी निरीक्षक कमल किशोर महतो के नेतृत्व में यह कार्यवाही उस समय की गई जब मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सुखापाली में एक व्यक्ति द्वारा हाथ भट्टी से बनी अवैध कच्ची महुआ शराब भारी मात्रा में बिक्री हेतु रखी गई है। सूचना की पुष्टि के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तत्काल रेड की गई, जिसमें आरोपी खुशराम कुर्रे पिता मानसाय कुर्रे, उम्र 37 वर्ष, निवासी सुखापाली थाना डभरा को मौके से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार की गई, जिनका स्पष्ट निर्देश है कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ, सट्टा और नशीले मादक पदार्थों पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। इस सफल कार्रवाई में प्रमुख रूप से प्र.आर. मिथुन सुल्तान, आरक्षक हरिहर सिंह, लक्ष्मीकांत उरांव, एकेश्वर चन्द्रा एवं महिला आरक्षक मालती बघेल का विशेष योगदान रहा।

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं

### जनदर्शन में आज कुल 50 आवेदन हुए प्राप्त



जांजगीर, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना और प्राप्त सभी आवेदनों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आज जनदर्शन में तहसील बलौदा के ग्राम बुड़गहन निवासी श्रीमती अनिता केंवट द्वारा आवास प्लस के तहत जियो टैग करने और श्रीमती सुनिता लहरे द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत राशि दिलाने, तहसील अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनारा निवासी दुर्गा सिंह द्वारा अवैध कब्जा हटवाने व ग्राम देवरी निवासी सूर्य प्रकाश धिरही द्वारा पुल निर्माण करनवाने, जनपद पंचायत पामगढ़ के ग्राम तनौद निवासी मानसिंग महिपाल द्वारा आवास प्लस में नाम जोड़ने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी उपस्थित थे।

### क्षेत्र में अस्त व्यस्त गढ्डों के सम्बंध में कलेक्टर ने प्रेस क्लब की शिकायत पर पीएचई को दिया नोटिस



सारंगढ, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्र में पीएचई विभाग के ठेकेदार द्वारा जिले में पाईप लाईन विस्तार का कार्य जारी है जिसके लिए जिला मुख्यालय के कई स्थानों पर बेतरतीब गढ्ढे ही गढ्ढे कर दिए गए हैं जिसके कारण आवागमन भी अवरुद्ध हो रहा है और इन गढ्ढों में लोग गिर भी रहे हैं तथा गाडियां भी फंस रहीं हैं ।गसी के मद्देनजर प्रेस क्लब द्वारा लगातार समाचार प्रकाशित कर इसकी शिकायत भी कलेक्टर से किया गया था जिस पर कलेक्टर ने आज पीएचई सारंगढ के कार्यपालन अधिकारी को नोटिस जारी किया है।

### शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला स्तरीय चाइल्ड हेल्पलाइन के रिक्त पदों हेतु 28 अप्रैल तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**अम्बिकापुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तर पर शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला स्तरीय चाइल्ड हेल्पलाइन के रिक्त पदों हेतु पात्र आवेदकों से 27 दिसम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिसके तहत जिला सरगुजा में शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला स्तरीय चाइल्ड हेल्पलाइन युनिट में रिक्त पदों हेतु आवेदन प्राप्त हुये हैं।

# नंदन श्री जनरल स्टोर में भीषण आग, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक के लाखों का सामान जलकर राख

### नगर पालिका के फायर ब्रिगेड और नगर के युवाओं ने सूझबूझ से आपको नियंत्रित किया

### अमरपुर रोड स्थित नंदन श्री जनरल स्टोर में भीषण आग, करोड़ों का अनुमानित नुकसान



गौरेला पेंड्रा मरवाही, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। पेंड्रा-अमरपुर रोड स्थित नंदन श्री जनरल स्टोर की थोक दुकान में देर रात अचानक भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। दुकान रिहायशी इलाके में होने के कारण स्थिति और भी चिंताजनक बन गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने से दुकान का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया है, वहीं प्रथम तल में रखे गए सामानों को भारी क्षति पहुंची है। आग की ऊँचाई और तीव्रता को देखते हुए नगर पालिका की दमकल टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग पर काबू पाने के लिए बड़ी हाइड्रा मशीन की मदद से ऊपरी दीवारों को गिराया गया, ताकि फायर ब्रिगेड की पानी की धार सीधे भीतर तक पहुंच सके। चूंकि नगर पालिका के पास मात्र एक ही फायर ब्रिगेड वाहन है, इस वजह से आग बुझाने का काम सुबह तक जारी रहा। स्थानीय नागरिकों और पेंड्रा थाना के स्टाफ ने भी आग पर काबू पाने में अहम भूमिका निभाई। जनरल स्टोर के गोदाम में प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सामग्री भारी मात्रा में होने के कारण आग अंदर ही अंदर लगातार धधकती रही, जिससे बुझाने में काफी समय लग गया।

प्राथमिक आकलन के अनुसार, इस आगजनी की घटना में नंदन श्री जनरल स्टोर को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, एक बार फिर पेंड्रा के नगर वासियों ने सामूहिक प्रयास कर एक बड़ी आगजनी की घटना को आपसी सहयोग से जल्द नियंत्रित कर आगजनी की इस घटना को विकराल रूप होने से पहले रोक लिया।

### गलियों में चल रहे प्लास्टिक सामान के व्यापार पर प्रतिबंध लगाना जरूरी

नंदन प्रोविजन स्टोर चौड़े मुख्य सड़क पर स्थित होने के कारण वहां लगी आग पर नियंत्रण पा लिया गया। मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यहां दमकल एवं जेसीबी मशीन को अग्नि नियंत्रण के काम करने में कोई ज्यादा परेशानी नहीं हुई तथा नागरिक भी चारों तरफ से अग्नि नियंत्रण को पाने में सफल हुए तथा आसपास के पड़ोस के मकान एवं नागरिकों को कोई क्षति नहीं पहुंची परंतु अब इसकी समीक्षा जरूरी है की क्या सकरी गलियों एवं अत्यंत सघन रिहायशी क्षेत्र में इस तरह का कोई व्यापार तो नहीं हो रहा है जो नागरिक सुरक्षा के लिए खतरा है। यहां पर उल्लेखनीय है कि नगर में ऐसी अनेक संकरीगलियां है जहां आने जाने की जगह नहीं है और लोग वहां वैधानिक रूप से प्लास्टिक एवं अन्य ज्वेलरी सील पदार्थों के बड़े-बड़े गोदाम बना रखे हैं जहां ऐसी अनहोनी घटना होने पर दमकल जैसे अग्निशामक यंत्र नहीं प्रवेश कर सकते और ना ही वहां सुरक्षा के कोई उचित उपाय किए जा सकते। नगर पालिका को चाहिए कि ऐसे अवैध गोदाम जो ज्वलनशील पदार्थों से भरे हैं पर प्रतिबंध लगाया जाए।

# देश विदेश

## इशिबा ने युद्ध से जुड़े कुख्यात मंदिर को भेजी भेंट

**टोक्यो,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने सोमवार को देश के वसंत उत्सव के अवसर पर कुख्यात यासुकुनी श्राइन को एक अनुष्ठान भेंट भेजी। इस श्राइन को देश में अतीत के क्रूर सैन्यवाद के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। श्री इशिबा ने टोक्यो के चियोदा जिले में स्थित युद्ध से जुड़े तीर्थस्थल पर तीन दिवसीय समारोह के पहले दिन मासाकाकी नामक अनुष्ठान वृक्ष भेजा। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि त्यौहार के दौरान उनके व्यक्तिगत रूप से तीर्थस्थल पर जाने की उम्मीद नहीं है। यासुकुनी तीर्थस्थल द्वितीय विश्व युद्ध के 14 दोषी जापानी युद्ध अपराधियों को सम्मानित करता है, जिनमें हिदेकी तोजो भी शामिल है। यह लंबे समय से जापान और उसके पड़ोसियों के लिए कूटनीतिक घर्षण का स्रोत रहा है।

# पाकिस्तान में पीएमएल-एन व पीपीपी ने मतभेदों को सुलझाने का किया प्रयास

## लाहौर में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई

**लाहौर,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के दो सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के पदाधिकारियों ने कुछ विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने के उद्देश्य से पंजाब प्रांत में सत्ता के बंटवारे के संबंध में लाहौर में मुलाकात की।

स्थानीय अखबार 'डॉन' ने बताया कि दोनों दलों के वरिष्ठ नेताओं ने विभिन्न विवादास्पद मुद्दों विशेष रूप से स्थानीय सरकार के चुनावों और पंजाब में कृषक समुदाय से संबंधित मतभेदों को सुलझाने के लिए लाहौर में गवर्नर हाउस में मुलाकात की। कुछ प्रगति करने के बाद दोनों दलों के कुछ दिनों में फिर से मिलने की उम्मीद है। लाहौर बैठक में दोनों दलों की समन्वय समितियों की पांचवीं बैठक हुई। प्रतिभागियों में प्रधानमंत्री के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह, पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष मलिक अहमद खान, पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब और उप प्रधानमंत्री इशाक डार शामिल थे, जो एक वीडियो लिंक के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

पंजाब के राज्यपाल सरदार सलीम हैदर खान, पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ, नदीम अफजल चैन, अली हैदर गिलानी और हसन मुर्तजा ने पीपीपी का प्रतिनिधित्व किया।

**तमाम आपत्तियों के बावजूद सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है : हसन मुर्तजा**

बैठक के बाद अपने मीडिया संबोधन में पीपीपी नेता हसन मुर्तजा ने कहा कि तमाम आपत्तियों के बावजूद दोनों गठबंधन सहयोगियों ने देश में मौजूदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए साथ चलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी स्थानीय सरकार के चुनावों के लिए दबाव डालती है और किसानों की चिंताओं को रेखांकित करती है। उन्होंने विधेयक में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि इसमें व्यक्तियों के राजनीतिक उत्पीड़न की संभावना है।

### पाकिस्तान की जेलों से 175 अफगान कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान की जेलों में कैद कुल 175 अफगान कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस स्वेदश भेज दिया गया है। शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार कैदी शनिवार को दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार बिंदु के माध्यम से अफगानिस्तान लौट आए। पाकिस्तान ने पिछले एक साल में जेल में बंद हजारों अफगानी कैदियों को रिहा किया है और उन्हें वापस अफगानिस्तान भेजा है। इससे पहले सितंबर 2024 में जेल प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूसुफ मुस्तरी ने संकेत दिया था कि वर्तमान में देश के बाहर 8,000 से 9,000 अफगान नागरिक कैद हैं।

## अमेरिका पर निर्भरता कम करने के लिए ब्रिटेन विस्फोटकों और गोले का उत्पादन बढ़ाएगा



■ **ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश व यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से कर रही इनकार**

**लंदन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन अमेरिका और फ्रांस पर गोला-बारूद उत्पादन में निर्भरता को खत्म करने के प्रयासों के तहत अब हेक्सोजेन विस्फोटक के उत्पादन को काफी बढ़ाने की योजना बना रहा है जिसका उपयोग नाटो 155-मिलीमीटर के गोले में किया जाता है।

टाइम्स अखबार ने एक ब्रिटिश रक्षा कंपनी के हवाले से बताया कि बड़ी ब्रिटिश रक्षा कंपनी बीएई प्रणाली जो देश में 155 मिलीमीटर के तोपखाने के गोले बनाने वाली एकमात्र कंपनी है पहले अमेरिका और फ्रांस से आरडीएक्स (हेक्सोजेन) का आयात करती थी लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों के चलते ब्रिटिश और यूरोपीय रक्षा कंपनियां अमेरिकी उपकरण खरीदने से इनकार कर रही हैं। कंपनी दुनिया की पहली नई तकनीक को अन्य देशों को बेचने की योजना बना रही है। साथ ही बीएई प्रणाली ने यह तय किया है कि वह गोला-बारूद के उत्पादन में अमेरिकी घटकों या सामग्रियों का इस्तेमाल नहीं करेगी ताकि वे अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय शस्त्र व्यापार विनियमन (आईटीएआर) नियमों के अधीन न आएं। इससे कंपनी को ये गोला-बारूद बिना अमेरिकी प्रतिबंधों के स्वतंत्र रूप से बेचने की अनुमति मिल जाएगी। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति समझौते में बाधा डालती है जिससे नाटो देश सीधे संघर्ष में शामिल हो जाते हैं।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियारों से भरा कोई भी माल रूस के लिए वैध लक्ष्य होगा। उनके अनुसार अमेरिका और नाटो सीधे संघर्ष में शामिल हैं, जिसमें न केवल हथियारों की आपूर्ति करना, बल्कि ब्रिटेन, जर्मनी, इटली और अन्य देशों में कर्मियों को प्रशिक्षण देना भी शामिल है।

## सुडोकू 6890


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | | | 8 | |
| 5 | | | | 4 | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | 4 | 7 |
| 8 | | 1 | | | | 5 | | 2 |
| 2 | 7 | | | | 5 | 9 | | |
| | | | | 9 | | | | 1 |
| | 1 | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | | | 4 | 3 | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6890



**दायें से बायें:-**

१. विशेषता (उर्दू)
३. नाकामी
५. चिड़चिड़ा, निराश, मूर्ख
६. प्रविष्टि, प्रवेश (उर्दू)
७. घिसना, घर्षण करना
८. डर पैदा करने वाला
१३. जयशंकर प्रसाद की एक रचना
१५. कमल
१६. विलुप्त, गायब, अंर्तध्यान
१७. अधीर, बेचैन (उर्दू)
१८. आगे बढ़ना, विकास, तरक्की
२०. कोयल, आम का मौर
२२. मदिरालय
२३. इकहरे बदन का. चुस्त, फुर्तीली

**ऊपर से नीचे:-**

१. कुल, वंश (उर्दू)
२. लाभ के अनुसार
३. बांटने वाला
४. झिड़की, डांट-फटकार करना, झिड़कना
५. अगस्त्य मुनि, द्रोणाचार्य
९. नीतिनुसार
१०. बराबरी
११. निकट
१२. सियासत
१४. असीमित
१७. पत्नी (उर्दू)
१९. साक्षी (उर्दू)
२०. श्याम, कृष्णवर्ण, स्याह
२१. भालू

### वर्ग पहेली-6889

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रि | २ शु | द्ध | | | ३ प | रि | ४ प | क्व |
| र्दा | | द्ध | | ५ प्र | त्य | क्ष | | क्षी | |
| ६ फा | स | ला | | शं | | ७ ध | र्म | रा | ज |
| श | | ८ भ | ९ व | सा | ग | र | | ज | |
| | १० बां | | गै | | | | ११ मौ | | १२ खु |
| १३ सु | कु | मा | र | | १४ आ | | १५ न | रे | श |
| | ल | | १६ ह | ट्टा | क | ट्टा | | | हा |
| १७ प्र | ता | प | | | स्मि | | १८ अ | १९ स | ली |
| या | | | २० से | वा | क | २१ र | | ह | |
| २२ स | र | ग | ना | | | २३ सा | र्व | ज | न्य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6890 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 9 | 2 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 4 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 | 7 | 9 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 8 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : मंगलवार 22 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए मिश्र फलदायी रहेगा। व्यापारी अपने व्यापार में धन लगाकर नए कार्य का प्रारंभ कर सकेंगे और भविष्य के लिए योजना भी बना पाएंगे। विदेशगमन की संभावना भी है।

मिथुन - आपको स्वभाव की उग्रता पर अंकुश में रखना चाहिए। गलत विचार रखने से बदनामी हो सकती है। अधिक खर्च होने से आपको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

कर्क - आज आप समाज और व्यवसाय में लाभ प्राप्त कर सकेंगे। मौज-मस्ती, वस्त्राभूषण तथा वाहन की खरीदारी कर सकेंगे। मनोरंजन, रुचिकर प्रवृत्तियों तथा दोस्तों से मिलकर सुख का अनुभव करेंगे। आपका वैवाहिक जीवन बहुत सुखी रहेगा।

सिंह - आपको मन में उदासीनता और भय का अनुभव होगा। हालांकि घर में सुख-शांति बनी रहेगी। आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त होगी। परिश्रम करने में आप पीछे नहीं रहेंगे।

कन्या - आज आप संतान की समस्या से चिंतित रहेंगे। अपच आदि पेट दर्द की बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में विघ्न आएगा। बौद्धिक चर्चा तथा बातचीत में भाग न लें। प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी।

तुला - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इससे आपका मन बेचैनी का अनुभव करेगा। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। परिजनों से वाद-विवाद हो सकता है। यात्रा के लिए समय अनुकूल नजर नहीं आ रहा है।

वृश्चिक - आज आपको काम में सफलता मिलेगी। कोई वित्तीय लाभ होगा और भाग्य में भी वृद्धि हो सकती है। आप नए काम भी शुरू कर सकेंगे। आपको अपने दोस्तों के पास से भावनात्मक सहयोग मिलता रहेगा।

धनु - आज किसी बात का भय आपके मन में रहेगा। परिवार में भी किसी से विवाद हो सकता है। कहीं गलत जगह पैसा खर्च हो सकता है। आपके कार्यों में भी विघ्न होगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

मकर - आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा। पूजा-पाठ में समय व्यतीत करेंगे। आपके सभी काम अच्छी तरह पूरे होंगे। मित्रों और सगे- सम्बंधियों से आपको उपहार मिल सकता है। आपका तन- मन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा।

कुंभ - आपको आज किसी का जमानती न बनने और किसी के साथ पैसे की लेन-देन न करने की सलाह दी जाती है। खर्च बढ़ सकता है। तन-मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

मीन - आज आप किसी समारोह में भाग ले सकेंगे। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आपको खुशी होगी। किसी रमणीय स्थान में जाने की संभावना है। कोई अच्छा समाचार मिल सकता है। पत्नी और संतान से भी लाभ हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# यमन पर अमेरिकी हमलों में 12 लोगों की मौत, 30 घायल : हूती

**सना,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन की राजधानी सना के एक बाजार पर अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में 30 लोग घायल भी हुए हैं।

हूती के नियंत्रण वाले अल-मसीरा टीवी के मुताबिक, हवाई हमलों में सना के सबसे व्यस्त इलाकों में से एक शु उब के पास स्थित फरवाह बाजार को निशाना बनाया गया। वहां अभी भी राहत और बचाव कार्य जारी है। टीमें मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही हैं।



**मलबे के नीचे दबे लोगों और घायलों को तलाश रही राहत व बचाव टीमें**

हूती मीडिया के हवाले से बताया कि ये हमले रविवार को सना और उसके आस-पास के कई इलाकों पर हुए बड़े अमेरिकी हवाई हमलों का हिस्सा थे। स्थानीय हूती स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला उस घातक अमेरिकी हवाई हमले के कुछ दिन बाद हुआ है, जो गुरुवार देर रात पश्चिमी यमन के रास ईसा ईंधन बंदरगाह पर हुआ था। उस हमले में 80 लोग मारे गए थे, 170 लोग घायल हुए थे और ईंधन स्टोर करने वाली जगहों को भारी नुकसान पहुंचा था, जिससे ईंधन लाल सागर में फैल गया। हूती समूह और अमेरिकी सेना के बीच तनाव तब से बढ़ गया है, जब 15 मार्च को अमेरिका ने यमन में हूती ठिकानों पर दोबारा हवाई हमले शुरू किए। ये हमले इसलिए किए गए, ताकि हूती लड़ाकों को लाल सागर में इजरायल और अमेरिकी जहाजों पर हमले करने से रोका जा सके। उत्तरी यमन के ज्यादातर हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती समूह ने कहा है कि उनके हमलों का मकसद अमेरिका का समर्थन पाने वाले इजरायल पर दबाव बनाना है, ताकि वह गाजा पट्टी पर हमला बंद करे और संकटग्रस्त फिलीस्तीनियों के लिए जरूरी सामान पहुंचाने की इजाजत दे।

## अवामी लीग के 25 नेता व कार्यकर्ता जुलूस निकालने को लेकर गिरफ्तार

**ढाका,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश में एक बार फिर राजनीतिक असंतोष को दबाने की घटना सामने आई है। मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तहत पुलिस ने खुलना शहर में अचानक निकाले गए जुलूसों के बाद अवामी लीग और इसके सहयोगी संगठनों के कम से कम 25 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में अवामी लीग, इसकी स्टूडेंट विंग छात्र लीग और युवा संगठन जूबो लीग के सदस्य शामिल हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के एक मीडिया आउटलेट यूएनबी ने खुलना मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त (मीडिया और जनसंपर्क) अहसान हबीब के हवाले से दी। पुलिस ने रविवार रात को अलग-अलग अभियानों में इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई खुलना शहर में रविवार सुबह अवामी लीग के एक अचानक निकाले गए जुलूस के बाद की गई। यह जुलूस अवामी लीग की खुलना जिला इकाई के बैनर तले आयोजित किया गया था। यह शेख हसीना के पतन के बाद क्षेत्र में इस तरह का पहला प्रदर्शन था। जुलूस के दौरान प्रदर्शनकारियों ने एक बैनर पकड़ा हुआ था, जिसमें शेख मुजीबुर रहमान और शेख हसीना की तस्वीरें थीं।



## म्यांमार की मदद के लिए चीन की राहत सामग्री की सातवीं खेप पहुंची

**बीजिंग,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन सरकार द्वारा म्यांमार को प्रदान की गई आपातकालीन मानवीय भूकंप राहत सामग्री की सातवीं खेप यांगून अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची। सामग्री की इस खेप में मुख्य रूप से आपातकालीन दवाएं शामिल हैं, जिनमें एमोक्सिसिलिन कैप्सूल के 8 लाख बक्से, एसिटामिनोफेन मैनिटोल इंजेक्शन की 1 लाख 22 हजार बोतलें, सेफुरॉक्साइम कैप्सूल के 2 लाख 25 हजार बक्से, इबुप्रोफेन गोलियों की 4 लाख 80 हजार बोतलें आदि 95 टन की दवाएं शामिल हैं। म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंप के बाद, चीन सरकार ने म्यांमार को आपातकालीन मानवीय राहत सहायता प्रदान करने की तुरंत घोषणा की। चीन ने तुरंत ही बचाव दल भेजे, राहत सामग्री पहुंचाई और भूकंप राहत व लोगों की जान बचाने में म्यांमार की सहायता करने के लिए हर संभव प्रयास किया। चीन इस बार के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता की घोषणा करने वाला पहला देश है।



# अमेरिका के ओक्लाहोमा में तूफान से तीन लोगों की मौत

**ह्यूस्टन,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के ओक्लाहोमा राज्य में आए तूफान में तीन लोगों की जान चली गई। ओक्लाहोमा सिटी से करीब 16 किलोमीटर दूर मूर शहर में बाढ़ के पानी में गाड़ी बह जाने से एक 12 साल के बच्चे और उसकी मां की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि रविवार को यह जानकारी दी।

मूर पुलिस ने अपने बयान में कहा कि शहर में कई जगह पानी भर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, ह्यूजेस काउंटी के स्पाउल्डिंग नाम के एक छोटे से शहर में शनिवार रात आए तूफान की वजह से एक और व्यक्ति की मौत हो गई। काउंटी ने यह जानकारी फेसबुक पर दी। इसमें बताया गया कि तूफान से कई घर और इमारतें तबाह हो गईं और कई सड़कें पानी में डूब गईं।

20 अप्रैल को राष्ट्रीय मौसम सेवा ने टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस, कंसास, इलिनोइस, मिसौरी और लुइसियाना समेत कई राज्यों में बवंडर आने की चेतावनी दी।



एक्यू वेदर के मुताबिक, मिसौरी, अर्कांसस और इलिनोइस के कुछ हिस्सों में तूफान का खतरा अधिक है। तूफान पूर्वानुमान केंद्र ने चेतावनी दी कि रातभर तेज हवाएं, ओले और गरज के साथ बारिश जारी रह सकती है। अर्कांसस, लुइसियाना, टेक्सास और ओजार्क पहाड़ियों से लेकर मध्य मिसिसिपी घाटी तक कई इलाकों में खराब मौसम बना रह सकता है। देर शाम तक अर्कांसस और मोंटाना में स्थानीय खबरों के मुताबिक, कम से कम दो बवंडर आए।

## आज का इतिहास

1851-प्रसिद्ध इंजीनियर, समाजसेवी और भारत में हरित क्रांति के नायक सर गंगा राम का जन्म।
1894-भारतीय संविधान को बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं में से एक अम्मू स्वामीनाथन का जन्म।
1906-यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1914-हिन्दी फ़िल्म निर्माता-निर्देशक बी. आर. चोपड़ा का जन्म।
1915-प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने पहली बार जहरीली गैस का इस्तेमाल किया।
1921-नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।
1931-मिस्त्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1932-जानेमाने आध्यात्मिक संत, समाज सुधारक, दार्शनिक तथा लेखक स्वामी सच्चिदानंद का जन्म।
1958-एडमिरल आर.डी. कटारी भारतीय नौसेना के पहले भारतीय प्रमुख बनाए गए।
1969-'काकोरी कांड' के प्रसिद्ध क्रांतिकारी जोगेशचंद्र चटर्जी का निधन।
1970-दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।
1974-मशहूर उपन्यासकार चेतन भगत का जन्म।
1983-अंतरिक्ष यान सोयूज टी-8 पृथ्वी पर लौटा।
1997-पेरू में जापानी दूतावास में चार माह से चल रही घेराबंदी को समाप्त करने के लिए सेना ने प्रवेश किया।
2001-भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञों में से एक तथा मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल महमूद अली ख़ाँ का निधन।
2002-पाकिस्तान में पर्ल हत्याकांड की सुनवाई प्रारम्भ।

**तैयारी** *नए पोप के पद को लेकर सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ी रस्में शुरू करने को तैयार*

# तब तक कार्डिनल्स का कॉलेज संभालेगा अस्थायी प्रभार

**रोम, 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रोमन कैथोलिक चर्च के केंद्र वेटिकन ने एक पोप के पद के अंत और नये पोप के पद की शुरुआत करने को लेकर सदियों पुरानी परंपरा से जुड़ी अपनी विस्तृत रस्में शुरू करने को तैयार है। पोप फ्रांसिस (88 वर्ष) की सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने 12 वर्षों तक कैथोलिक चर्च का नेतृत्व किया था। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती बेनेडिक्ट 16वें सेवानिवृत्त होने के बाद 2013 में पोप के रूप में अपना कार्यभार संभाला था। अगले पोप के अभिषेक से पहले पिछले पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिनों का शोक काल (जिसे नोवेन्डियालेस कहा जाता है) होता है।**

पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक शोक व्यक्त करने के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में भी रखा जाएगा और प्रत्येक दिन एक सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।

प्राचीन परंपरा के अनुसार पोप की मृत्यु के बाद उनकी मुहर वाली अंगूठी (जो आधिकारिक पोप दस्तावेजों के लिए मुहर के रूप में कार्य करती है) को विकृत या नष्ट कर दिया जाता है, जो उनके शासनकाल के अंत का संकेत है। इसके बाद उत्तराधिकारी नियुक्त होने तक पोप के मार्ग बंद कर दिए जाते हैं। तब तक, कार्डिनल्स का कॉलेज अस्थायी प्रभार संभालेगा। दुनिया भर के कार्डिनल्स की कॉन्क्लेव फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चयन किया जाएगा। इस प्रक्रिया में आमतौर पर दो से तीन सप्ताह लगेंगे। अगर किसी उम्मीदवार को लेकर यदि कार्डिनल में मतभेद हो जाए तो इस प्रक्रिया में थोड़ा और अधिक समय लग सकता है।




■ **पोप के पार्थिव शरीर को सार्वजनिक शोक व्यक्त करने के लिए सेंट पीटर बेसिलिका में भी रखा जाएगा**

■ **प्रत्येक दिन एक सामूहिक प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी**

जब बेनेडिक्ट 16वें को दफनाया गया, तो उनके ताबूत में उनके शासनकाल के दौरान ढाले गए सिक्के भी थे। साथ ही एक धातु की नली भी थी, जिसमें एक लुढ़का हुआ कागज़ का स्क्रॉल था, जिसे रोगिटो कहा जाता है। यह 1,000 शब्दों का दस्तावेज़ है, जो उनके जीवन और शासनकाल को फिर से बताता है। फ्रांसिस को संभवत: उनके अपने रोगिटो के साथ दफनाया जाएगा, जिसमें उनके अद्वितीय पोपत्व का विवरण होगा।

नोवेन्डियालेस के अंत में सेंट पीटर्स बेसिलिका के चारों ओर एक बड़ा अंतिम संस्कार जुलूस निकाला जाएगा और फिर उन्हें दफना दिया जाएगा। पिछले सभी पोप को सेंट पीटर्स बेसिलिका के नीचे दफनाया गया है। पोप फ्रांसिस ने अधिक सरल दफन का विकल्प चुना था।

## दुनिया को जानें

### रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लौटा

**मास्को,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। रुस का सोयुज एमएस-26 अंतरिक्ष यान चालक दल के साथ रविवार सुबह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर लौट आया। रूसी संघीय अंतरिक्ष निगम रोस्कोस्मोस ने अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। वेबसाइट पर कहा गया है कि रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन, इवान वैगनर और नासा के अंतरिक्ष यात्री डोनाल्ड पेटिट को ले जाने वाला अवरोही मॉड्यूल मध्य4 कजाकिस्तान के जेज़काज़गन शहर के पास मास्को समयानुसार 04:20 बजे उतरा।



रोस्कोस्मोस ने कहा कि वापसी से पहले सोयुज एमएस-26 आईएसएस के रूसी खंड के रासवेट मॉड्यूल से अनडॉक हो गया साथ ही कहा कि डीऑर्बिट और अवरोही संचालन योजना के अनुसार आगे बढ़ा। सितंबर 2024 में आईएसएस पर पहुंचने के बाद से चालक दल ने 43 अनुप्रयुक्त विज्ञान प्रयोग किए एक स्पेसवॉक किया।

# खेल जगत

## एमआई ने सीएसके के खिलाफ दर्ज की एकतरफा जीत : मार्क बाउचर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर मार्क बाउचर ने मुंबई इंडियन्स की चेन्नई सुपर किंग्स पर बड़ी जीत की जमकर तारीफ की। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में एमआई ने सीएसके को 9 विकेट से हरा दिया। बाउचर ने इस मुकाबले को 'पूरी तरह एकतरफा' बताया। इस मैच में पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग करते हुए चेन्नई को 176 रन पर ही रोक दिया। सीएसके की ओर से शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा ने अर्धशतक लगाए। इसके बाद रोहित शर्मा (76 नाबाद) और सूर्यकुमार यादव (68 नाबाद) ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस को लगातार दूसरी घरेलू जीत दिलाई। बाउचर ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मैं इस जीत से बहुत खुश हूं, ये एकदम एकतरफा मुकाबला था। मुंबई इंडियन्स लगातार एक बेहतरीन मैच खेलने की बात कर रही थी, और इस बार वो काफी हद तक उसमें सफल रही।

## दिल्ली कैपिटल्स से हिसाब चुकता करने उतरेगी लखनऊ

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ लखनऊ को पूरन और मार्श से बड़ी पारियों की आस

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। निकोलस पूरन और मिचेल मार्श के अर्द्धशतकों के बावजूद अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से उसके दूसरे घरेलू मैदान विशाखापट्टनम में तीन गेदो के बाकी रहते एक विकेट से हार से आगाज करने वाली लखनऊ सुपर जायंटस अब अपने घर लखनऊ के इकाना अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रिटर्न मैच में आईपीएल 2025 में मंगलवार को उससे हिसाब चुकता करने उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स के सात में पांच जीत और दो हार के साथ लखनऊ सुपर जायंटस की जयपुर में बल्लेबाजी की नई सनसनी 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी की 34 रन की तूफानी और यशस्वी जायसवाल के तेज अर्द्धशतक के बावजूद आवेश के खान के मैच के आखिरी ओवर मे बेहतरीन गेंदबाजी से दो रन से जीत के साथ आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार समान रूप से दस दस अंक है। दिल्ली कैपिटल्स अपनी बेहतर नेट रन रेट के कारण दूसरे और लखनऊ पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस से उसके घर में पिछले मैच में जोस बटलर के 97 रन की तेज पारी के चलते सात विकेट से हार झेलनी पडी। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंटस के पास जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा ऐसे में दोनों टीम के बीच मंगलवार को रोचक संघर्ष की उम्मीद है। लखनऊ सुपर जायंटस की बल्लेबाज पिछले दो मैचों में नाकाम रहने के बावजूद चार अर्धशतकों के साथ 368 रन बना रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे निकोलस पूरन और सात मैचों में चार अर्द्धशतक जड़ कुल 299 रन के साथ रन बनाने में सातवें स्थान पर चल रहे मिचेल मार्श और तीन अर्द्धशतक जड़ने वाले एडन मार्क्रम (कुल 274 रन) , आयुष बडोनी (आठ मैच, में एक अर्द्धशतक सहित 181 रन) अब्दुल समद सात मैच 111 रन, ऋषभ पंत के अर्धशतक सहित 106 रन पर निर्भर है। दिल्ली को अपनी जीत का सिलसिला आगे बढ़ाना है तो वह शीर्ष क्रम मे 2 पूरन और मार्श से से दिल्ली के खिलाफ बड़ी पारियों की आस करेगा।

### जीत का श्रेय गेंदबाजों को : ऋषभ पंत

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत से खुशी के साथ राहत महसूस कर रहा हूं। इस तरह के मैच आपके चरित्र का निर्माण करते हैं। यह गजब की जीत एक टीम के रूप में यह जीत हमे एक अलग ही स्तर पर ले जाएगी। हम आगे के मैचों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जीत का श्रेय गेंदबाजों को जाता है,जिन्होंने धैर्य बनाए रखा। हमारी योजना अपनी योजना को अमली जामा पहनाने की थी। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज ने शानदार बल्लेबाजी की। हमें लगता है हम सही दिशा में हैं।

### इस मैच की गलतियां अगले मैच में नहीं दोहरानी : अक्षर

मेरा मानना है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ हमने 10 -15 रन कम बनाए। यही हार जीत में निर्णायक बन गया, जब जब हमने तेज गति से रन बनाने की कोशिश की तो विकेट गंवाने के साथ लय खो दी और पारी का जिस अंदाज में समापन करना चाहते थे वैसा नहीं कर पाए। हमने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी कैचिंग और फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम अपने लक्ष्य से दूर रह गए। अब इस बाबत बहुत सोचने की जरूरत नहीं है।हम यह सीखना होगा कि हम क्या और बेहतर कर सकते थे। हमें यह पक्का करना होगा इस मैच की गलतियां अगले मैच में न दोहराए।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना

**बेंगलुरु,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा।

## अब चेन्नई सुपर किंग्स की वापसी लगभग नामुमकिन : अंबाती रायडू

आईपीएल 2025



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए इस बार आईपीएल 2025 में वापसी करना लगभग नामुमकिन है। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद सीएसके की यह सीजन की आठ मैचों में छठी हार थी। अब वे अंक तालिका में सबसे नीचे हैं।

एक बार फिर से सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन पहली बार खेलने उतरे आयुष म्हात्रे ने 15 गेंदों में 32 रन बनाकर थोड़ी उम्मीद जगाई। उन्होंने दो छक्के और चार चौके लगाए। इसके बाद रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे ने अर्धशतक जड़कर टीम को 20 ओवर में 176/5 तक पहुंचाया।

जवाब में, रोहित शर्मा ने शानदार नाबाद 76 रन बनाए, जिसमें छह छक्के और चार चौके शामिल थे। उनके साथ सूर्यकुमार यादव ने भी तेजी से 30 गेंदों में नाबाद 68 रन बनाए और मुंबई इंडियंस ने 15.4 ओवर में ही यह लक्ष्य 9 विकेट रहते हासिल कर लिया। रायडू ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में सीएसके वापसी कर पाएगी। खुद धोनी ने भी मैच के बाद कहा कि अब वे अगले सीजन की तैयारी की सोच रहे हैं। अब वे युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहेंगे और ऐसी टीम बनाना चाहेंगे जो बिना डरे खेले, लेकिन लापरवाही से नहीं। टीम को ज्यादा सकारात्मक सोच के साथ खेलना होगा। शायद आयुष म्हात्रे जैसे खिलाड़ी को अब पूरे मौके दिए जाएं। सीएसके की हार पर रायडू ने कहा कि टीम के खेलने के अंदाज में जोश और सोच की कमी थी। उन्होंने कहा कि मध्य के ओवरों में उन्होंने लगभग 7 ओवरों में सिर्फ 35 रन बनाए। आजकल टी20 क्रिकेट में इस तरह का धीमा खेल कोई नहीं खेलता। खेल बहुत बदल चुका है, और बीच के ओवरों में भी तेजी से रन बनाना जरूरी है। सीएसके के पास इरादा ही नहीं दिखा। मैच हारना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन लड़ना जरूरी है। आप सिर्फ बीच के ओवरों में समय काटने की सोच नहीं रख सकते। इस पिच पर जीत के लिए कम से कम 190 रन चाहिए थे, और सीएसके जो स्कोर कर पाई, वह औसत से भी कम था। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर रायडू ने कहाकि शुरुआत में उन्होंने थोड़ा समय लिया, लेकिन फिर बेहतरीन शॉट्स लगाए। उन्होंने सिर्फ ऑन साइड पर ही खेलने की कोशिश नहीं की। पहले भी उन्होंने बहुत रन बनाए हैं, लेकिन आज वे कुछ बड़ा करने के इरादे से उतरे थे। वह मैदान पर समय बिताना चाहते थे और मुंबई इंडियंस के लिए मैच खत्म करना चाहते थे। रोहित ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी बड़ा स्कोर कर सकते हैं। अब जब टूर्नामेंट का अहम हिस्सा आ रहा है, तो ऐसी पारियां न सिर्फ उन्हें बल्कि पूरी टीम को आत्मविश्वास देती हैं। अब मुंबई इंडियंस बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को चेन्नई में इसी टीम से मुकाबला खेलेगी।

## बीसीसीआई सालाना अनुबंध घोषित: रोहित, विराट, जडेजा व बुमराह ग्रेड ए+ में बरकरार

### नीतीश, ध्रुव, अभिषेक, सरफराज, आकाशदीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित नए अनुबंधित खिलाड़ी

■ ऋषभ पंत ग्रेड ए में, श्रेयस व ईशान एक बरस बाद फिर अनुबंधित





**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को सीनियर भारतीय पुरुष टीम के 2024-25 सीजन (पहली अक्टूबर, 2024 से 30 सितंबर, 2025) के लिए सालाना खिलाड़ी अनुबंध की घोषणा कर दी। इसकी घोषणा बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने की।

टॉप टियर ग्रेड ए + में चार क्रिकेटरों - रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा को अनुबंधित किया है। ग्रेड ए+ में बीते बरस अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो चुके रविचंद्रन अश्विन को छोड़ बाकी चारों को बरकरार रखा गया है। विराट, रोहित और रवींद्र जडेजा भारत को बीते वर्ष जून में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। ऋषभ पंत को ग्रेड बी से पदोन्नत कर ग्रेड ए मे सिराज, केएल राहुल , शुभमन गिल , हार्दिक पांड्या भी है। ऋषभ पंत 2022-23 के सीजन में ग्रेड ए में थे लेकिन दिसंबर, 2022 में खतरनाक सड़क दुर्घटना के चलते एक बरस से ज्यादा तक क्रिकेट न खेलने पर उन्हें ग्रेड बी मे भेज दिया था।

ऋषभ पंत 2024 में आईपीएल से वापी की और भारत के लिए क्रिकेट के सभी फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उसके बाद ऋषभ पंत ने दस टेस्ट, एक वन डे अंतरराष्ट्रीय और दस टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और इसलिए उनकी ग्रेड ए में वापसी हो गई। श्रेयस अय्यर कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल और सूर्य कुमार यादव के साथ ग्रेड बी मे जबकि ईशान किशन को ग्रेड सी मे अनुबंधित किया गया है। बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में पहली बार ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ी हैं -नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरैल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाशदीप , वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा। शार्दूल ठाकुर, केएस भरत, आवेश खान, जीतेश शर्मा जैसे बीते बरस सबसे निचले ग्रेड सी में शामिल खिलाड़ियों को बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया है । बीसीसीआई हालांकि सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों के चार ग्रेड की राशि का खुलासा नही किया है। ऐसा अनुमान है ग्रेड ए+में शामिल क्रिकेटरो को सालाना सात करोड़ रुपये, ग्रेड ए के खिलाड़ियों को पांच करोड़, ग्रेड बी के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपये और ग्रेड सी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपये सालाना मिलने का अनुमान है।

श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने बीते बरस तब अपना बीसीसीआई का सालाना अनुबंध गवा दिया था जब इन दोनो ने खुद को घरेलख सीजन के लिए अनुपलब्ध बताया था। श्रेयस अश्शर ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को सूचित किया था कि वह पीठ में ऐंठन के कारण उपलब्ध नहीं है। ईशान किशन ने घरेलू क्रिकेट मे अपने राज्य झारखंड के लिए खेलने की बजाय डीवाई पाटिल टी20 टूर्नामेंट को खेलने को तवज्जो दी थी। ईशान किशन 2024-25 मे झारखंड के लिए सभी फॉर्मेट में खेले और उन्होंने 2024-25 सीजन के लिए बीसीसीआई के सालाना अनुबंधित खिलाड़ियों में वापस जगह बनाई। वहीं श्रेयस ने मार्च 2024 से केकेआर के कप्तान के रूप में उसे आईपीएल खिताब, मुंबई को 2023-24 मे रणजी ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी जिताने के साथ भारत को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जिताने जिताने में अहम भूमिका निभाई।

### बीसीसीआई के 2024-25 सीजन के लिए सालाना स्थित खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार है

**ग्रेड ए+** : रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा।

**ग्रेड एः** ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल, हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी।

**ग्रेड बी** : सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर।

**ग्रेड सी** : रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे,रवि बिश्नोई, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, रजत पाटीदार, ध्रुव जुरैल, सरफराज खान, नीतीश कुमार रेड्डी,इशान किशन, अभिषेक शर्मा, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा।

## सार संक्षेप

### छोटे गांवों व कस्बों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे : रेखा

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्या ने सोमवार को अल्मोड़ा के सोमेश्वर में कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए छोटे कस्बों और गांवों में भी खेल मैदान तैयार करने होंगे। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी के दौरान प्रदेश में बडा खेल ढांचा तैयार कर लिया गया है और जल्द ही इसकी देखरेख और संचालन के लिए प्रदेश सरकार लिगेसी प्लान ला रही है।
कैबिनेट मंत्री पिछले दो दिन से अपनी सोमेश्वर विधानसभा के दौरे पर हैं। उन्होंने यह बात सोमेश्वर के कोट्यूड़ा में एक खेल मैदान के भूमि पूजन के दौरान कही।
श्रीमती आर्य ने यहां दो पेयजल योजनाओं का लोकार्पण भी किया और मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए विधायक निधि से तीन लाख रुपये देने की घोषणा भी की।
उन्होंने 198.21 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाईढौल पम्पिंग पेयजल योजना और कोतवाल गांव पंपिंग पेयजल योजना का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ग्राम भकुना ( ताकुला) में आम जनता की समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान उन्होंने ग्राम भकुना में मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।

### मेहदी हसन मिराज और नाहिद राणा ने जिम्बाब्वे को बड़ी बढ़त से रोका

**सिलहट।** मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को 273 के स्कोर पर रोक दिया। हालांकि जिम्बाब्वे ने बंगलादेश की पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली हैं। जिम्बाब्वे ने आज यहां 67 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 17वें ओवर में नाहिद राणा ने बेन करन (18) को आउटकर बंगलादेश को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद राणा ने ब्रायन बेनेट (57) को आउटकर जिम्बाब्वे को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में हसन महमूद ने निक वेल्च (दो) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। क्रेग एर्विन (आठ) को भी राणा ने आउट किया। इसके बाद शॉन विलियम्स और वेस्ली मधेवेरे की जोड़ी ने पारी संभालने का प्रयास किया।

## बंगलादेश को हमुदुल हसन जॉय और मोमिनुल हक बड़ी साझेदारी की उम्मीद



**सिलहट,** 21 अप्रैल (एजेसियां)। मेहदी हसन मिराज (पांच विकेट) और नाहिद राणा (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) की जूझारू पारियों के दम पर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दम पर जिम्बाब्वे को 273 के स्कोर पर समेटकर बंगलादेश ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन सोमवार को दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी भी जिम्बाब्वे के पहली पारी में बनाये गये स्कोर से 25 पीछे हैं। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम (चार) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मोमिनुल हक ने महमुदुल हसन जॉय के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों की जूझारू पारियों की मदद से बंगलादेश ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 13 ओवर में एक विकेट पर 57 रन बना लिये है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 28) और मोमिनुल हक (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। जिम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुजारबानी ने एक विकेट लिया।

## आरसीबी के खिलाफ नहीं खेल सकेंगे संजू सैमसन

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 24 अप्रैल को बेंगलुरु में होने वाले मैच से पहले बड़ा झटका लगा है। घायल कप्तान संजू सैमसन आरसीबी के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी नहीं खेल पाएंगे। वह लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 19 अप्रैल को जयपुर में हुए मैच में भी नहीं खेले थे। टीम ने बताया कि कप्तान सैमसन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ 16 अप्रैल को खेले गए घरेलू मैच में चोटिल हुए थे और अब वह साइड स्ट्रेन से ठीक होने के लिए जयपुर में ही रुकेंगे। उनके साथ राजस्थान रॉयल्स की मेडिकल टीम के कुछ सदस्य भी रहेंगे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान सैमसन ने 19 गेंदों में 31 रन बनाए थे, लेकिन चोट लगने के कारण उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। यह मुकाबला सुपर ओवर तक गया था, जिसमें राजस्थान को हार का सामना करना पड़ा था।

## 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' भाला फेंक प्रतियोगिता में खेलने भारत आएंगे कई अंतरराष्ट्रीय सितारे



एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने यह खुलासा किया है कि कई अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक खिलाड़ी 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। यह प्रतियोगिता 24 मई को बेंगलुरु में होगी। यह प्रतियोगिता 'एनसी क्लासिक' के नाम से जानी जाएगी और इसे वर्ल्ड एथलेटिक्स की %ए% श्रेणी में रखा गया है। इसका मतलब है कि इसमें अच्छा प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को ऊंचे स्तर के रैंकिंग अंक मिलेंगे, जैसे कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड प्रतियोगिता में मिलते हैं। नीरज चोपड़ा के नाम से आयोजित इस प्रतियोगिता में दुनिया भर के एलीट महिला और पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी पहली बार भारत में हिस्सा लेंगे। जेएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित एक वर्चुअल प्रेस मीट में नीरज ने बताया कि ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और दो बार के विश्व चैंपियन) और केन्या के जूलियस येगो (रियो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन) भारत आ रहे हैं। नीरज ने आईएएनएस के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जूलियस येगो (केन्या), कर्टिस थॉम्पसन (अमेरिका), थॉमस रोलर जैसे कई खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कुछ नाम अभी बताए हैं, बाकी बाद में बताएंगे। भारत के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे, मैंने रोहित यादव से बात की है। यह प्रतियोगिता विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप (13 से 21 सितंबर, टोक्यो) के लिए क्वालीफाई करने का एक महत्वपूर्ण मौका भी होगी। हालांकि नीरज खुद पहले ही क्वालीफाई कर चुके हैं। नीरज ने बताया कि हम कम से कम 4-5 भारतीय खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक गोल्ड-लेवल प्रतियोगिता है, जिसमें अच्छा प्रदर्शन करने से उन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालीफाई करने के लिए रैंकिंग अंक मिलेंगे। जब पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के आने के बारे में पूछा गया तो नीरज ने बताया कि हमने अरशद नदीम को भी आमंत्रण भेजा है, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पुष्टि नहीं मिली है।

## आईपीएल 2025 : रोहित ने 76 रनों की पारी खेलकर बनाए खास रिकॉर्ड

■ रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में रोहित शर्मा की शानदार पारी के चलते मुंबई इंडियंस ने इस सीजन में जीत की हैट्रिक लगाते हुए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को 9 विकेट से मात दी। इससे पहले इसी सीजन में जब दोनों टीमें पहली बार एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, तब सीएसके को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस की जीत न केवल अंक तालिका में उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ा रही है बल्कि रोहित शर्मा भी अपनी फॉर्म पकड़ते नजर आ रहे हैं। पिछले मैच में रोहित की बैटिंग को देखते हुए क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना था कि 'हिटमैन' अब जल्द ही एक बड़ी पारी खेल सकते हैं। हालांकि तब रोहित ने सिर्फ 26 ही रन बनाए थे। लेकिन ताजा मुकाबले में उनके बल्ले से वैसी पारी निकली जिसकी फैंस को उम्मीद थी। एमआई के पूर्व कप्तान ने केवल 45 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली और नाबाद रहे। उन्होंने चार चौके और छह छक्के लगाए। रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। एमआई ने इसके साथ ही सीएसके द्वारा सेट किया गया 177 रनों का टारगेट केवल 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

रोहित को आईपीएल के इतिहास में 20वीं बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड मिला है। इस मामले में उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल (25) और एबी डिविलियर्स (22) हैं। दोनों ही खिलाड़ी अब आईपीएल में नहीं खेलते हैं। ऐसे में रोहित के सामने दोनों ही रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। इस सीजन में उनका ये अवार्ड है। यह आईपीएल 2016 का सीजन था जब रोहित ने सबसे ज्यादा चार बार 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' जीता था। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' मिलने की बात हो तो रोहित शर्मा अब संयुक्त तौर पर टॉप कर चुके हैं। यह सीएसके के खिलाफ उनका चौथा ऐसा अवार्ड है। रोहित शर्मा, केएल राहुल और कीरोन पोलार्ड ने ऐसा 4-4 बार किया है। डेविड वार्नर और शिखर धवन ऐसा 3-3 बार कर चुके हैं। इन खिलाड़ियों में अब सिर्फ रोहित और राहुल ही सक्रिय हैं। रोहित के अलावा सूर्यकुमार यादव ने भी आतिशी पारी खेली और वह 68 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों धुरंधर बल्लेबाजों के बीच 114 रनों की अटूट साझेदारी हुई।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.984 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 7 | 5 | 1 | 10 | +0.589 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.308 |
| 4- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 3 | 8 | +0.446 |
| 5- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.086 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.547 |
| 7- | मुंबई इंडियंस | 7 | 3 | 4 | 6 | -0.239 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.714 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.217 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.276 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| तेल एवं गैस | 2.61 प्रतिशत |
| पावर | 2.49 प्रतिशत |
| रियल्टी | 2.27 प्रतिशत |
| ऊर्जा | 2.11 प्रतिशत |
| कमोडिटीज | 1.51 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 1.32 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.04 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.04 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.99 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.37 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 94,888 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4280-4380 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4250-4350 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5750-5850 |
| दाल चना | 6750-6850 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित




**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# प्रमुख आठ उद्योगों की उत्पादन वृद्धि मार्च में 3.8 प्रतिशत रही

■ बीते वित्त वर्ष में उत्पादन 4.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में कोयला, कच्चा तेल और इस्पात सहित आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) के उत्पादन में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के आधार पर मार्च, 2025 में एक वर्ष पूर्व इसी माह की तुलना में 3.8 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि दर्ज की गई। संशोधित आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में इन आठ उद्योगों की सालाना आधार पर उत्पादन वृद्धि 5.1 प्रतिशत रही। पिछले वित्त वर्ष (अप्रैल से मार्च, 2024-25) के दौरान आठ प्रमुख उद्योगों का उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा, जबकि इसी दौरान कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का उत्पादन कम हुआ। इन आठ उद्योगों का आईआईपी में 40.27 प्रतिशत योगदान है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार मार्च में कोयला उत्पादन में एक साल पहले की तुलना में वृद्धि 1.6 प्रतिशत रही तथा पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन में 5.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कच्चे तेल का उत्पादन मार्च, 2025 में 1.9 प्रतिशत घटा और अप्रैल-मार्च, 2024-25 के दौरान संचयी उत्पादन इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.2 प्रतिशत कम रहा। प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2025 में मार्च 12.7 प्रतिशत कम रहा जबकि अप्रैल-मार्च, 2024-25 का गैस उत्पादन सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत कम रहा।




मार्च, 2025 में सीमेंट, उर्वरक, इस्पात, बिजली, कोयला और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में ऊंचा रहा : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

## खादी व ग्रामोद्योग का कारोबार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के खादी और ग्रामोद्योग आयोग का कारोबार स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक लाख 70 हजार करोड़ रुपए के पार हो गया है। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने सोमवार को यहां वित्त वर्ष 2024-25 के अनंतिम आंकड़े जारी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ने नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में खादी उत्पादन में 347 प्रतिशत के उछाल के साथ चार गुना और बिक्री में 447 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ पांच गुना की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में कुल रोजगार सृजन के क्षेत्र में 49.23 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है और 1.94 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि खादी-ग्रामोद्योग भवन नई दिल्ली का कारोबार पहली बार रिकॉर्ड 110.01 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंचा है। श्री कुमार ने बताया कि वित्त वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109.07 करोड़ रुपए का था, वहीं वित्त वर्ष 2024-25 में यह करीब चार गुना बढ़कर 347 प्रतिशत के उछाल के साथ 116599.75 करोड़ रुपए पहुंच गया।

वित्त वर्ष 2013-14 में बिक्री जहां 31154.19 करोड़ रुपए थी, वहीं करीब पांच गुना

## 2025 में भारत का चमड़ा फुटवियर निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ा



■ वित्त वर्ष 2026 में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के चमड़ा और गैर-चमड़ा फुटवियर निर्यात में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 5.7 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट (सीएलई) के अनुसार, वित्त वर्ष 2026 में उद्योग के 6.5 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद है। फुटवियर निर्यातकों का प्रतिनिधित्व करने वाली सीएलई का कहना है कि विकसित और विकासशील दोनों देशों से मांग मजबूत बनी हुई है, जो वृद्धि में योगदान दे रही है।

सीएलई के कार्यकारी निदेशक आर सेल्वम ने बताया कि भारत ने 2024-25 के लिए अपने निर्यात लक्ष्य को 1 बिलियन डॉलर से पार कर लिया है, जो वाणिज्य विभाग से निर्धारित लक्ष्य है।

सेल्वम ने कहा कि 2024-25 में, हमने वाणिज्य विभाग से निर्धारित निर्यात लक्ष्य को 1 बिलियन डॉलर से अधिक कर लिया है। इस ट्रेंड के अनुसार, 2025-26 में हमारा निर्यात 6.5 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा। सीएलई के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान ने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।

10 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के बावजूद, निर्यातक अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए छूट दे रहे हैं और कोई ऑर्डर रद्द नहीं हुआ है।

## सोने ने बनाया नया रिकॉर्ड



■ पहली बार 97 हजार रुपए के करीब पहुंची कीमत

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। सोने की कीमतों ने सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बनाया और 24 कैरेट सोने का भाव पहली बार 97,000 रुपए के करीब पहुंच गया है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव बढ़कर 96,805 रुपए हो गया है, जो कि 97,000 रुपए से मामूली रूप से कम है। सोने की कीमतों में तेजी की वजह वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और डॉलर की कमजोरी को माना जा रहा है। हाजिर बाजार में भी सोने की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 96,659 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 22 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 9,427 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं, 20 कैरेट और 18 कैरेट की कीमत क्रमशः 8,596 और 7,824 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। घरेलू के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमतों में इजाफा देखा जा रहा है और कॉमैक्स पर सोने की कीमत बढ़कर 3,400 डॉलर प्रति औंस हो गई है। अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर के निवेशक सुरक्षित माने जाने वाले सोने में निवेश कर रहे हैं।

## सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना भारत : निर्मला सीतारमण



भारत को आईएमएफ और विश्व बैंक वैश्विक व्यापार के इंजन के रूप में देखते हैं : निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री


**सैन फ्रांसिस्को,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मौजूदा सरकार द्वारा प्रदान की गई स्थिरता के कारण भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम कहते हैं कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है तो इस तथ्य को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक (वर्ल्ड बैंक) भी स्वीकार करते हैं। वे मानते हैं कि अपनी विकास क्षमता के कारण भारत विश्व व्यापार को बढ़ाने वाले एक इंजन के रूप में काम कर सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगे कहा कि इस क्षमता के विकास के साथ हम वैश्विक स्तर पर विभिन्न अनिश्चितताओं के कारण देखे जा रहे ट्रेंड को बदल सकते हैं। मौजूदा ट्रेंड में ग्रोथ और ट्रेड दोनों ही कम हैं, लेकिन कुछ स्थानों पर मुद्रास्फीति अधिक है, जिसकी वजह से लोग सोच रहे हैं कि भविष्य में मंदी आने वाली है।

उन्होंने आगे कहा कि अगर इन मौजूदा परिस्थितियों में भी भारत की क्षमता को पहचाना जा रहा है और इसकी आर्थिक ताकत को स्वीकारा जा रहा है तो इस क्षेत्र में उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले लोग भारत के साथ व्यक्तिगत या व्यावसायिक रूप से, कॉरपोरेशन टू कॉरपोरेशन की साझेदारी से लाभ पा सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत की साझेदारी से दोनों ही देशों को लाभ मिलता है। अमेरिका में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि साथ मिलकर, हम वैश्विक व्यापार और विकास को आगे बढ़ाएंगे।

## ट्रम्प के टैरिफ लगाने का निर्णय टालने से झूमा बाजार

■ सेंसेक्स 1.09 प्रतिशत की छलांग लगाकर 79,413.26 अंक पर
■ निफ्टी 1.15 प्रतिशत उछलकर 24125.55 अंक पर बंद




**मुंबई,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत समेत 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के निर्णय को 09 जुलाई तक टालने से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार एक प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 860.06 अंक अर्थात 1.09 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब साढ़े तीन महीने बाद 79 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 79,413.26 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 273.90 अंक यानी 1.15 प्रतिशत उछलकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से ऊपर 24125.55 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली छोटे कंपनियों के शेयरों में अधिक लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 2.20 प्रतिशत मजबूत होकर 42,903.02 अंक और स्मॉलकैप 1.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 48,745.42 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4247 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2918 में लिवाली जबकि 1168 में बिकवाली हुई वहीं 161 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 3014 कंपनियों में से 2251 में तेजी जबकि 683 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत सहित 75 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने को 09 जुलाई तक टालने के हाल के फैसले से निवेशकों की धारणा में उत्साह रहा। पिछले सप्ताह की शुरुआत में घोषित इस अस्थायी राहत ने बढ़ते वैश्विक व्यापार तनाव के बीच बाजारों को राहत प्रदान की। वैश्विक आर्थिक परिदृश्य भले ही अनिश्चितता से घिरा हो लेकिन भारत अपनी मजबूत आर्थिक बुनियाद और स्थिरता के चलते विदेशी निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। देश छह प्रतिशत से अधिक की विकास दर के साथ एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो मंद वैश्विक वातावरण के बीच भी लचीलापन दिखा रही है। डॉलर में हालिया गिरावट के चलते भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) का प्रवाह और तेज होने की संभावना है।

एफपीआई का ध्यान वित्तीय, दूरसंचार, विमानन, होटल, ऑटो, रियल एस्टेट, सीमेंट और हेल्थकेयर जैसे घरेलू खपत-आधारित क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा। वहीं, डिजिटल स्पेस में चुनिंदा ग्रोथ स्टॉक्स में भी तेजी की संभावना जताई गई है। हालांकि, आईटी समूह पर दबाव बरकरार रहने की उम्मीद है क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में संभावित मंदी इस क्षेत्र की वृद्धि संभावनाओं को प्रभावित कर सकती है।

बीएसई में एफएमसीजी की 0.75 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.60, ऊर्जा 2.11, वित्तीय सेवाएं 1.76, हेल्थकेयर 0.65, इंडस्ट्रियल्स 1.88, आईटी 2.31, दूरसंचार 1.30, यूटिलिटीज 1.92, ऑटो 2.12, बैंकिंग 1.81, कैपिटल गुड्स 1.90, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 2.00, तेल एवं गैस 2.61, पावर 2.49, रियल्टी 2.27, टेक 1.57, सर्विसेज 1.25 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.42 प्रतिशत मजबूत रहे।

## सीसीटीवी एमएसएमई निर्माताओं ने सरकार से मांगा समर्थन



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में कार्यरत सीसीटीवी निर्माण क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों ने सरकार से मानकीकरण परीक्षण और गुणवत्ता प्रमाणन को लागू करने के लिए अधिक समय और वित्तीय सहायता की मांग की है।

एमएसएमई का कहना है कि बिना सरकारी सहायता के इस मानक का तत्काल अनुपालन करना 1000 से अधिक इकाइयों को बंदी के कगार पर ला सकता है। साथ ही चार लाख से अधिक नौकरियों पर संकट मंडरा सकता है। अखिल भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संघों के महासंघ एफएआईआईटीए ने सोमवार को संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में कहा कि वर्तमान में एमएसएमई पहले से ही उत्पादन लागत में वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और सख्त अनुपालन आवश्यकताओं जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में एसटीक्यूसी जैसे जटिल मानकों को बिना किसी तकनीकी या वित्तीय सहायता के लागू करना न केवल उनके लिए अव्यवहार्य है बल्कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों को भी प्रभावित कर सकता है।

एफएआईआईटीए ने पत्र में अनुरोध किया है कि जब तक आवश्यक सहायक उपाय लागू नहीं होते, तब तक एमएसएमई पर एसटीक्यूसी अनुपालन अनिवार्य न किया जाए।

## सार संक्षेप

### एयरटेल की स्पैम के खिलाफ लड़ाई तेज

**नई दिल्ली।** संचार समाधान प्रदाता वैश्विक कंपनी भारती एयरटेल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) संचालित स्पैम डिटेक्शन टूल के ज़रिए 27.5 अरब कॉल को स्पैम के रूप में चिन्हित करने के बाद अब इस तकनीक को और मजबूत करते हुए दो नई सुविधाएं लॉन्च की हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय कॉल और एसएमएस तक स्पैम अलर्ट कवरेज का विस्तार और 1 भारतीय भाषाओं में स्पैम अलर्ट देने की सुविधा शामिल है। कंपनी ने सोमवार को बताया कि इन पहलों के ज़रिए एयरटेल उन स्पैमर्स पर लगाम कसना चाहता है जो विदेशी नेटवर्क के ज़रिए भारत में धोखाधड़ी कर रहे हैं। कंपनी ने बताया कि पिछले छह महीनों में अंतरराष्ट्रीय स्पैम कॉल में 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एयरटेल के विपणन निदेशक सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि हम ग्राहकों की प्रतिक्रिया के आधार पर अपने समाधानों को लगातार बेहतर बना रहे हैं और भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए अब स्थानीय भाषाओं में भी स्पैम अलर्ट भेजे जाएंगे।


### बीएचईएल ने राजस्व वृद्धि व रिकॉर्ड ऑर्डर किया हासिल

**हरिद्वार।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने वित्त वर्ष 224-25 के लिए 27,35 करोड़ रुपए (अनंतिम और अलेखापरीक्षित) का राजस्व प्राप्त किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 19 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने वर्ष के दौरान 92,534 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त किए जो कि कंपनी द्वारा किसी वित्तीय वर्ष में हासिल किया गया अब तक का सर्वाधिक ऑर्डर है। इसके साथ, वित्त वर्ष 224-25 के अंत में बीएचईएल की कुल ऑर्डर बुक 1,95,922 करोड़ रुपए हो गई है। विद्युत क्षेत्र में, बीएचईएल ने 81,349 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त कर अपनी अग्रणी स्थिति बनाए रखी। औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी ने 11,185 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर प्राप्त किए, जो परिवहन, रक्षा, प्रॉसेस इंडस्ट्रीज़ और औद्योगिक उपकरण जैसे विविध क्षेत्रों में कंपनी की उपस्थिति को दर्शाता है।

### अत्याधुनिक लघु शस्त्र निर्माण संयंत्र शुरू

**नई दिल्ली।** आईकॉम की एकीकृत इंजीनियरिंग सुविधा में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढाते हुए एक विश्वस्तरीय लघु शस्त्र निर्माण संयंत्र का आज हैदराबाद में शुभारंभ किया गया। इसमें मिशन-सिद्ध सीएआर 816 क्लोज-क्वार्टर बैटल राइफल, अत्यधिक विश्वसनीय सीएआर 817 असॉल्ट राइफल, हल्की सीएसआर 338 बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल, हल्की सीएसआर 38 बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल, अत्यधिक सटीक सीएसआर 5 बोल्ट-एक्शन एंटी-मटेरियल स्नाइपर राइफल, आधुनिक सीएमपी 9 सबमशीन गन और बहुमुखी काराकल ईएफ और काराकल एफ जेन 2 कॉम्बैट पिस्तौल का निर्माण किया जाएगा।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव



**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 57 रिंगिट गिरकर 4060 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की बढ़त लेकर 48.55 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## रोजगार के अवसरों में वृद्धि, ईपीएफओ ने फरवरी में 16.1 लाख सदस्य जोड़े




■ पिछले साल की तुलना में नेट पे-रोल में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली,** 21 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को इस साल फरवरी में 16.10 लाख सदस्यों के जुड़ने की जानकारी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सालाना विश्लेषण से पता चलता है कि पिछले साल के इसी महीने की तुलना में नेट पे-रोल में 3.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। इसे ईपीएफओ की आउटरीच पहलों से बल मिला है। आंकड़े बताते हैं कि ईपीएफओ ने फरवरी 2025 में लगभग 7.39 लाख नए सब्सक्राइबर को एनरोल किया, जिसमें सबसे ज्यादा 18-25 आयु के युवाओं का वर्ग है। इस आयु वर्ग में 4.27 लाख नए सब्सक्राइबर जुड़े, जो महीने में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 57.71 प्रतिशत है।

यह पहले के रुझान के अनुरूप है, जो दर्शाता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जो अपनी पहली नौकरी कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, इसके अलावा, फरवरी 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए नेट पे-रोल वृद्धि लगभग 6.78 लाख है। यह पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 3.01 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

लगभग 13.18 लाख सदस्य, जो पहले बाहर निकल गए थे, फरवरी 2025 में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। यह आंकड़ा फरवरी 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 11.85 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है। बयान में कहा गया है कि इन सदस्यों ने नौकरी बदली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए और फाइनल सेटलमेंट के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी सेविंग्स को ट्रांसफर करने का विकल्प चुना। इस प्रकार इन सदस्यों ने अपने दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा की और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार किया। फरवरी 2025 में लगभग 2.08 लाख नई महिला ग्राहक ईपीएफओ में शामिल हुईं। यह पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में सालाना आधार पर 1.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# महामाया मंदिर के कुंड में जाल में फंसकर मृत मिले 23 कछुओं के मामले में फरार आरोपी सतीश शर्मा की अग्रिम जमानत मंजूर

## वन मंडलाधिकारी के रवैए पर कोर्ट ने की तल्ख टिप्पणी: आईएफएस अफसर हैं ! ये पता नहीं किस अफेंस में मुकदमा दर्ज करना है

**बिलासपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने महामाया मंदिर रतनपुर के कुंड में जाल में फंसकर मरे कछुओं के मामले में जहां ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली वही वन विभाग की भूमिका पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा ञ्आपका डीएफओ कौन है, क्या पढ़ा है, आई एफ एस रेंक के अफसर हैं ! उसको ये पता नहीं किस अफेंस में मुकदमा रजिस्टर करना चाहिए। आपका आरोप है कि ये लोग वहां पर शिकार करा रहे थे। धारा 9 तो इसके उपर एप्लीकेबल तो है ही नहीं। धारा 39 और 49 तो कुछ और कह रहा है। अपने डीएफओ से कहो कि तरीका समझे। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट में डीएफओ रहा तो कुछ नहीं हो पाएगी। शिकार और तस्करी करने के आरोप पर प्राथमिक साक्ष्य प्रस्तुत करने सरकारी वकील असफल रहा इसलिए कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली।

रतनपुर महामाया मंदिर परिसर स्थित कुंड में जाल में फंसकर मृत मिले 23 कछुओं के मामले में रतनपुर वन परिक्षेत्र कार्यालय ने वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, धारा 39 1,2,3 धारा 49 के तहत पी.ओ. आर. क्रमांक 17774/01 25 मार्च 2025 को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महामाया मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड चलचित्र के आधार पर संदिग्ध की शिनाख्त सुरक्षा प्रहरी ने की। उनके दर्ज़ बयान के आधार पर जांच अधिकारी ने महामाया मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, कांग्रेस नेता और ट्रस्ट का सहयोगी ठेकेदार आनंद जायसवाल सहित एक ट्रस्ट कर्मी सहित पांच आरोपियों को नामजद किया। इनमें से दो मजदूर मछुआरों को ही गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में दोनों को जेल भेजा गया है। वहीं मामले के तीन आरोपी फरार है। फरार आरोपी महामाया मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने अग्रिम जमानत के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट बिलासपुर में याचिका दाखिल की थी। इस पर सोमवार को फिर सुनवाई हुई।

कोर्ट में आरोपी सतीश शर्मा के वकील ने बताया कि वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9 में मुकदमा दर्ज किया गया है। मेरे खिलाफ शिकार का कोई आरोप नहीं है। मेरे खिलाफ आरोप है कि मैंने रात में कुंड की सफाई के लिए ताला खोलने का आदेश दिया है। मंदिर ट्रस्ट में सफाई के लिए प्रस्ताव पास किया है। जिसके बाद ठेकेदार अपने आदमियों के साथ मंदिर परिसर पहुंचा। सफाई के दो दिन बाद कछुओं की बाडी रिकव्हर हुई। आरोपी के



वकील ने कहा मैं दूसरे आरोपियों का बचाव नहीं कर रहा। शिकार हुआ कछुओं की बाडी वहां पर पड़ी हुई थी। दो दिन बाद जब स्मैल आया तब जाकर रिकव्हर किया गया। यह टैपेकिंग, तस्करी, मारकर ले जाने का केस नहीं है। सफाई कर्मचारियों पर लगा केस अलग है। वहां पर कछुए मिले। ऐसा नहीं कि निकाल कर ले जा रहे थे। ऐसा कोई आरोप नहीं है कि सफाई एजेंट के साथ मेरी कोई संलिप्तता थी। मैंने निजी फायदे के लिए उनको अनुमति दी। ट्रस्ट का प्रस्ताव था।

**कोर्ट ने पूछा** क्या था प्रस्ताव। फिसिंग की अनुमति थी क्या।

**वकील ने कहा** वो फिसिंग के लिए नहीं था, तालाब की सफाई के लिए था।

**कोर्ट ने पूछा** कछुएं मृत पाए गए तो कैसे पाया गया

**आरोपी का वकील** उन्होंने नेट क्या डाला, फिसिंग क्यों किया मैं जवाब देने के लिए उत्तर दायी नहीं हूं। लोग पूजन सामग्री फूल-पत्तियां कुंड में विसर्जित कर देते हैं। आर्गनिक वेस्ट इकट्ठे हो जाते हैं। जाल डालकर उसकी सफाई की जाती है। अन्यथा वहां सफाई की ज़रूरत नहीं पड़ती। मैं पूजा समिति का का प्रभारी और उपाध्यक्ष हूं।

**कोर्ट ने पूछा** इतनी संख्या में कछुएं वहां आएं कैसे, कोई पालन तो नहीं होता था

**वकील** प्राकृतिक रहवास है। प्रजनन से आया।

**कोर्ट ने पूछा** आपने सफाई के लिए प्रस्ताव पास किया। प्रस्ताव कहा है दिखाईये

**वकील** पेज नंबर 14, श्री सिद्ध शक्तिपीठ महामाया देवी मंदिर रतनपुर बैठक दिनांक 2/3/2025 । बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया। नवरात्रि पूर्व मंदिर परिसर, गार्डन , महामाया कुंड के आसपास की सफाई किया जाना सर्व सम्मति से पारित।? मैंने शिकार नहीं किया है। अगर अपराध हुआ है तो शिकार करने का हुआ है। मेरे खिलाफ शिकार करने का अपराध नहीं है।

**कोर्ट ने पूछा** बाकी आरोपियों के खिलाफ इन्हीं धाराओं में अपराध दर्ज हुआ है।

**सरकारी वकील** केस अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ। सुरक्षा प्रभारी ने अपने बयान में बताया है कि 21/3/2025 को दोपहर तीन बजे सतीश शर्मा उपाध्यक्ष मंदिर ट्रस्ट ने उसे फोन कर कार्यालय में बुलाया। तुरंत कार्यालय जाकर मिला तो उन्होंने बताया कि महामाया तालाब के पीछे गंदगी हो गई है। उसकी सफाई के लिए 22/3/2025 की रात ठेकेदार आनंद जायसवाल जो उनके साथ बैठे थे आएगा। वीआईपी पार्किंग की गेट खोल देना।इस बात की चर्चा किसी से मत करना। दिनांक 22/3/2025 की रात 8.25 बजे पर मुझे पुन: सतीश शर्मा द्वारा फोन कर बताया गया कि आनंद जायसवाल कुछ आदमी लेकर दस बजे रात को आएगा। मेरे द्वारा अधीनस्थ सुरक्षा कर्मी बिहारी लाल मंडावी को व्यक्तिगत रूप से बताया कि रात में आनंद जायसवाल ठेकेदार अपने आदमियों को लेकर आएगा। वीआईपी पार्किंग गेट खोल देना। ऐसा बोलकर में गार्ड रूम जाकर आराम करने लगा। रात्रि में आनंद का फोन आया कि हम लोग आ गए हैं गेट खोल दो। मैंने बिहारी लाल मंडावी सुरक्षा कर्मी को फोन किया कि उन लोग आ गए हैं आप गेट खोल दो। गेट खुलने के बाद मैं आनंद जायसवाल के पास गया तब ठेकेदार अकेले आए थे। साथी आ रहे हैं बोले। उसके बाद मैं सोने चला गया।

**कोर्ट ने पूछा** आप इनके खिलाफ क्या साक्ष्य लाएं हैं।

**सरकारी वकील** पैरा तीन में शपथपत्र है

**कोर्ट ने पूछा** धारा 39 और 49 क्या है

**सरकारी वकील** के जवाब सुनकर कोर्ट ने तल्खी से कहा आपका डीएफओ कौन है, क्या पढ़ा है, आईएफएस रेंक का अफसर हैं ! उसको ये पता नहीं किस अफेंस में मुकदमा रजिस्टर करना चाहिए। आपका आरोप है कि ये लोग वहां पर शिकार करा रहे थे। धारा 9 तो इसके उपर एप्लीकेबल तो है ही नहीं। धारा 39 और 49 तो कुछ और कह रहा है। जांच में इनके खिलाफ क्या साक्ष्य पाया। इनके पास तो सफाई का प्रस्ताव था। बयान में इतना ही है कि इन्होंने गेट खोलने अनुमति दी। अपने डीएफओ से कहो कि तरीका समझे। वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट में डीएफओ रहा तो कुछ नहीं हो पाएगी।

शिकार और तस्करी करने के आरोप पर प्राथमिक साक्ष्य प्रस्तुत करने में सरकारी वकील नाकाम हो गया। इस पर कोर्ट ने आरोपी सतीश शर्मा की अग्रिम जमानत मंजूर कर ली।

अपोलो फर्जी डॉक्टर मामला

# एसएसपी ने बनाई टीम,जल्द होगी डॉक्टर की गिरफ्तारी

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। सरकंडा पुलिस ने फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट और अपोलो अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद, जांच आगे बढ़ाया है. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने बताया कि आरोपी के पास से एमबीबीएस की दो डिग्री मिली है. आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार करने से पहले जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं. जिसके बाद टीम जल्दी दमोह जाएगी.



दमोह पुलिस ने जांच में पाया कि डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव की एमबीबीएस की डिग्री भी एक महिला के नाम पर है और उसकी एमडी व डीएम की डिग्रियां भी फर्जी पाई गई है। डॉक्टर जॉन केम की डिग्री में कोई पंजीयन नंबर नहीं है और ना ही तारीख है। डिग्री में केवल वाइस चांसलर व चांसलर के हस्ताक्षर हैं और वह भी फर्जी, क्योंकि पांडिचेरी केंद्र शासित राज्य है और वहां चांसलर उपराष्ट्रपति होते हैं।

डिग्री में जुलाई 2013 का उल्लेख है। उस वक्त वहां उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी थे पर डिग्री में जो हस्ताक्षर हैं वे उनके हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते।इस मामले में सरकंडा थाने में एफआईआर दर्ज होने के बाद कई बातें सामने आ रही हैं। मामले में एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि पुलिस को आरोपी के पास से एमबीबीएस की दो डिग्री मिली हैं। एक नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के नाम से है और दूसरा नरेंद्र केम जान के नाम से। इन्हें 1996 में बनाया था।

जाँच मे पता चला की आरोपी डाक्टर ने अस्पतालों में नौकरी करने दौरान केवल एमबीबीएस की डिग्री ही जमा की थी। इसके बाद भी स्पेशलिस्ट का काम कर रहा था। ऑपरेशन करने के लिए एमएस की डिग्री होनी चाहिए। सरकंडा पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार करने से पहले जरूरी दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही उसे गिरफ्तार करने एक टीम दमोह जाएगी।

## वीसीपी चयन के लिए 24 तक आवेदन आमंत्रित

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। उप संचालक कृषि विभाग द्वारा नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स योजना के अंतर्गत वीसीपी चयन के लिए 24 अप्रैल तक आवेदन (रूचि की अभिव्यक्ति) आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत जिले में कार्यरत एफपीओ एवं बीज सहकारी समिति योजना का लाभ उठाने के लिए अर्हता रखते हैं। तिलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग द्वारा यह पहल की जा रही है। इस संबंध में और विस्तृत जानकारी उप संचालक कृषि एवं विकासखण्ड स्तर पर एसएडीओ कार्यालय से ली जा सकती है।

# भतीजे ने कर दी चाचा की हत्या

## एक साथ शराब पीने बैठे थे चाचा-भतीजा,नशे में हुआ विवाद

**बिलासपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। तेलीपारा इलाके में रविवार रात नशे की हालत में चाचा-भतीजे के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। नंदू गैरेज के पीछे बैठकर शराब पी रहे भतीजे ने चाकू से हमला कर अपने चाचा की हत्या कर दी। घटना के बाद घायल को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।




जानकारी के अनुसार, तेलीपारा में रहने वाले दिनेश गुप्ता (40) एक निजी संस्थान में कार्यरत थे। रविवार रात वे अपने भतीजे सुमित गुप्ता (25) के साथ घर के पास ही शराब पी रहे थे। नशे की हालत में किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में आकर सुमित घर से चाकू ले आया और दिनेश पर ताबड़तोड़ वार कर दिया।

हमले में दिनेश गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत सिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सोमवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी भतीजे सुमित को गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश करने कार्वाई की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने शराब के नशे में हत्या करना कबूल किया है।

# सुशासन तिहार के एक-एक आवेदन का हो सार्थक समाधान,पेयजल समस्या का करें त्वरित समाधान

### कलेक्टर ने की सुशासन तिहार के आवेदनों के निराकरण की समीक्षा

### अब तक 15 हजार से ज्यादा मामलों का निराकरण

### टीएल बैठक में प्राथमिकता वाली योजनाओं की समीक्षा

### खाद बीज का अग्रिम उठाव करने किसानों से अपील

**बिलासपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने आज साप्ताहिक टीएल बैठक में सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। अब तक लगभग 15 हजार से ज्यादा आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने दिन रात काम कर आवेदनों के परिणाम मूलक समाधान के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि आवेदनों को अधिकारी स्वयं पढ़ें, समझें और समाधान निकालें। कंप्यूटर ऑपरेटर अथवा बाबू के भरोसे न छोड़ें। गलती से यदि दूसरे विभागों के आवेदन आपकी आईडी में आ गए हैं, तो इसे संबंधित विभागों को तत्काल फॉरवर्ड कर दें। ताकि उनको समाधान के लिए समय मिल सके।

कलेक्टर ने बताया कि आगामी 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगेंगे। प्रत्येक 10 पंचायत के बीच एक शिविर आयोजित होगा। नगर निगम क्षेत्रों में भी 5/6 वार्डों के बीच समाधान शिविर लगेंगे। इन शिविरों में आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। श्री शरण ने कहा कि शिकायतों के निराकरण में आवेदक को भी बुलाया जाए अथवा फोन पर उनसे चर्चा की जाए।




कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल के संबंध में यदि कोई दिक्कत आती है तो ग्रामीण क्षेत्र क्षेत्र के लिए जिला पंचायत सीईओ और नगरी क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त से संपर्क कर उसका निदान कराएं। कलेक्टर ने बैठक में आवेदनों के तेजी से निदान पर बल दिया। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल और निस्तारी में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि जलस्त्रोत नीचे हो रहा तो नलकूप। में राइजिंग पाइप बढ़ाए।

मूलभूत अथवा 15 वाँ वित्त आयोग मद का उपयोग किया जा सकता है। किसी भी हालत में लोगों को पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। आगामी खरीफ सीजन को देखते हुए खाद बीज की उपलब्धता की समीक्षा भी की। किसानों से खाद बीज का अग्रिम उठाव करने की अपील की। उन्हें अतिरिक्त ब्याज नहीं देना होगा।

कृषि विभाग को उठाव के बारे में किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने टीएल में दर्ज एक एक प्रकरण की समीक्षा की। तथा और तेजी के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# उफ़ ये गर्मी, पारा 44 पहुंचा ऊपर से बिजली बंद का संकट



**बिलासपुर,** 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है । तापमान 43 डिग्री से भी ज्यादा होने के बाद भी भीषण गर्मी में स्कूलों की छुट्टी नहीं करना छोटे छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करना है । जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को कोई परवाह नहीं है।

अप्रैल माह में जब तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया है तो मई जून में कितनी गर्मी होगी अंदाजा लगाया जा सकता है। गर्मी इतनी ज्यादा कि नदी , तालाब ,कुएं,बोर हेडपंप सब सुख रहे है । बांधो में पानी का संग्रहण भी नहीं के बराबर है । पिछले साल अमूमन इसी अप्रैल माह में बांधो में 67 फीसदी पानी था लेकिन अभी 39 प्रतिशत ही होने की खबर है ।

गर्मी ऐसी कि सुबह 7 बजे से ही गर्म हवाएं चल रही है ।सोमवार को सुबह 10 बजे तापमान 39 डिग्री था जो शनै शनै बढ़ता गया । शाम चार बजे 44 डिग्री तक पहुंच गया था । वही शाम 7 बजे 39 डिग्री रहा । सुबह से शाम तक गर्म हवाओ थपेड़े से सड़को पर चलना दुष्कर हो गया है । उधर बिजली भी घंटों बंद रहने लगी है । मेंटेनेंस के नाम पर बिजली बंद करके जनता को घरों से बाहर निकलने बिजली विभाग के अधिकारी विवश कर रहे है। गांव गांव में पेयजल संकट गहराने लगा है।

आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 सालों में अप्रैल में कई बार तापमान 44-45 डिग्री तक गया है, लेकिन इस बार गर्मी कुछ ज्यादा जल्दी आ गई है। 14 अप्रैल को जहां तापमान 38 डिग्री था, वहीं 20 अप्रैल को यह 43 डिग्री तक पहुंच गया।

फिलहाल मौसम विभाग ने राहत की कोई उम्मीद नहीं जताई है। ऐसे में डॉक्टरों और प्रशासन की अपील है कि लोग दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलें, खूब पानी पिएं, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस जैसे पेय लेते रहें, और धूप में बाहर जाते वक्त सिर को ढककर रखें।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर अप्रैल में ही ऐसा हाल है, तो मई-जून में स्थिति और भी खराब हो सकती है। बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखने की सलाह दी जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन भी बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता कर सारे स्कूलों को कम से कम सप्ताह भर के लिए बंद करवा देना चाहिए(

## बिलासपुर मेडिकल कॉलेज में हीटस्ट्रोक मरीजों के लिए 4 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था

सिम्स चिकित्सा संस्थान में गर्मी के प्रकोप के चलते हीटस्ट्रोक (लू) के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 21 अप्रैल को सिम्स के अधीक्षक डॉ. रमेश मूर्ति और प्रमुख डॉ. लखन सिंह द्वारा गर्मी से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु मेडिसिन वार्ड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह पाया गया कि तेज गर्मी के कारण मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।



मेडिसिन विभाग में अप्रैल माह के दौरान अब तक 417 मरीज भर्ती हो चुके हैं, जिनमें से 37 मरीज हीटस्ट्रोक से प्रभावित पाए गए। वर्तमान में मेडिसिन विभाग के विभिन्न वार्डों में इन मरीजों का इलाज चल रहा है। निरीक्षण के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों और विभागीय प्रमुखों के साथ हुई बैठक में इस समस्या पर गंभीरता से चर्चा की गई।

हीटस्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सिम्स के मेडिसिन विभाग के आईसीयू और पीडियाट्रिक वार्ड में चार अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही, इन बेड्स को तुरंत उपयोग में लाने के लिए आवश्यक मंजूरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। बैठक में बताया गया कि अस्पताल में कुल 207 बेड पहले से संचालित हैं, और अतिरिक्त 35 बेड की आवश्यकता को पूरा करने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने हीटस्ट्रोक से प्रभावित मरीजों के लिए तत्काल कूलर, पंखे और साफ हवा की आपूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अस्पताल प्रशासन ने सभी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे मरीजों के इलाज में पूरी सजगता और तत्परता बनाए रखें। मरीजों की सहूलियत के लिए व्हीलचेयर और ट्रॉलियों की व्यवस्था भी की गई है।

प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि मरीजों को हर संभव चिकित्सा सुविधा तुरंत उपलब्ध कराई जाए। सिम्स के अधीक्षक ने कहा कि इस पहल से गंभीर स्थिति में पहुंचे मरीजों को राहत मिलेगी और इलाज में किसी प्रकार की देरी नहीं होगी।

## बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बिलासपुर**, 21 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा बिलासपुर से दिनाँक 21 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक तथा रीवा से दिनाँक 22 अप्रैल से 01 मई तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।




**NECC**

| 22.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 400 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 180 |
| डिलीवरी | 415 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771